*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
24 दिसंबर, 2022
पौष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 66
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नॉर्थ सिक्किम में सेना का ट्रक खाई में गिरा 16 जवानों की मौत चार घायल जवान एयरलिफ्ट किये गये




# ST. COLUMBUS PUBLIC SCHOOL

## Sai Colony, Upper Chutia, Ranchi



### Salient Features

- Qualified, Dedicated & inspiring faculty
- Well-furnished Classrooms
- Creating English atmosphere and providing quality education
- Shaping The Minds of Tiny Tots and Setting New Standards Predicting
- The Child's Aptitude
- Smart Class-Audio Visual
- Learn and Play Method
- Computer lab
- Full wifi campus
- Transport facility
- Art & Craft with music along with Meditation & Yoga
- Moral Education & extra classes
- Play Ground For Games & Sports with Highly Secured Campus
- Weekly test series & House system
- Remedial & Tutorial classes for Weak Students
- Mini Theater for Kids
- Physics, Chemistry & Biology Lab for practical



**FREE ADMISSION CHARGE**
For Class Pre-Nursery to KG & Scholarship from Class 1 and onwards



### हमारी विशेषताएं

- योग्य, समर्पित एवं प्रेरणादायक शिक्षक
- अंग्रेजी माहौल एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
- नन्हें बच्चों के लिए थियेटर रूम की व्यवस्था
- बच्चों के कौशल को बढ़ाना
- ऑडियो विडियो एवं प्ले विधि द्वारा शिक्षण व्यवस्था
- प्रैक्टिकल विषय हेतु प्रयोगशाला की व्यवस्था
- सुसज्जित कक्षा
- स्मार्ट क्लास
- खेलकूद का मैदान
- कम्प्यूटर लैब
- परिवहन सुविधा
- पूर्ण वाई–फाई कैम्पस














**Contact : 9128649455, 9142274456, 9771579329**

**Gmail : stcombuspublic@gmail.com | www.stcolumbuspublicschool.com**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,400 रु./10 ग्राम
चांदी 71,500 रु./प्रति किलो



## दुर्भाग्य : महाधिवक्ता का विवाद में आना झारखंड के लिए खतरनाक संकेत

# कब खत्म होगा झारखंड की बदनामी का सिलसिला

**आज से साढ़े 11 साल पहले अप्रैल, 2011 में जब देश की राजनीतिक राजधानी में महाराष्ट्र के रालेगांव सिद्धी निवासी पूर्व फौजी अन्ना हजारे ने 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' नामक आंदोलन शुरू किया था, सवा सौ करोड़ की आबादी वाले इस देश ने एक नया सपना देखा था। लेकिन तब झारखंड 11 साल का किशोर था और उसे अपने भविष्य की चिंता सता रही थी। तीन साल बाद देश में आम चुनाव हुए और भाजपा ऐतिहासिक जीत हासिल कर केंद्र में सत्तासीन हुई। इसके कुछ ही दिन बाद झारखंड में भी चुनाव हुए और यहां भी पहली बार एक पूर्ण बहुमत की सरकार ने सत्ता संभाली। झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता को लगा कि उसका कैशोर्य अब सुधर जायेगा और इसके साथ ही युवावस्था की आकांक्षाएं भी अंगड़ाई लेने लगी। झारखंड ने तेजी से दौड़ शुरू की, लेकिन पांच साल बीतते-बीतते यह तथ्य सामने आ गया कि किशोरावस्था में जो सपने झारखंड ने बुने थे, वे हकीकत में नहीं बदल सके। झारखंड के लोग ठगे रह गये और एक बार फिर सुखद-निरापद भविष्य के सपनों में उलझ कर रह गये। 22 साल के युवा झारखंड को अब पता चल रहा है कि किशोरावस्था में उसे जो सपने दिखाये गये थे, वे पूरे तो नहीं ही हुए, बदले में राजनीतिक स्थिरता के नाम पर उससे बड़ी कीमत वसूल कर ली गयी। यह कीमत थी सिस्टम को हाइजैक करने की और व्यवस्था को पंगु बनाने की। वर्ष 2011 में जिस लोकपाल को लेकर उतना बड़ा आंदोलन हुआ, उसके एक अंग लोकायुक्त तक को झारखंड में शो पीस बना कर रख दिया गया। पिछले 22 साल में झारखंड ने यही देखा है कि यहां की कोई भी संस्था अब बेदाग नहीं है। लोगों को इंसाफ पाने की उम्मीद थी, लेकिन अब तो महाधिवक्ता के खिलाफ भी इतने गंभीर आरोप लग रहे हैं कि वह उम्मीद भी धूमिल हो गयी है। झारखंड के लोग अब सचमुच निराश होने लगे हैं। उनके सामने अब यही सवाल मुंह बाये खड़ा हो गया है कि आखिर झारखंड की बदनामी का यह सिलसिला कब खत्म होगा। झारखंड के महाधिवक्ता के खिलाफ लगाये गये गंभीर आरोप की पृष्ठभूमि में झारखंड के इसी दुर्भाग्य पर रोशनी डाल रहे हैं आजाद सिपाही के संवाददाता सुनील सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष

कहा जाता है कि सपनों के टूटने का दर्द बहुत गहरा होता है और यह किसी भी समाज की व्यवस्था के लिए घातक होता है। 22 साल का झारखंड आज अपने सफर के इसी मोड़ पर खड़ा है, जहां उसके पास केवल टूटे हुए सपने हैं और उन सपनों को सहेज कर फिर से उन्हें रंगीन बनाने की चुनौती वर्तमान सरकार के सामने है। इन 22 सालों में झारखंड को अपनों से ही बदनामी मिलती रही है। पहले मुख्यमंत्री, मंत्री और अधिकारी, फिर राजनीतिक कार्यकर्ता और नेता, और अब वकील और महाधिवक्ता। 22 साल में झारखंड की बदनामी का अंतहीन सिलसिला अब नासूर नहीं, कैंसर बन चुका है। और यही झारखंड के लोगों की सबसे बड़ी पीड़ा भी है, सवाल भी है और समस्या भी है।

याद कीजिए 2011 की 4 अप्रैल की तारीख, जब दिल्ली के रामलीला मैदान में गांधीवादी अन्ना हजारे ने 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' नामक आंदोलन शुरू किया था और देखते-देखते पूरा देश उनके साथ खड़ा हो गया। तब झारखंड किशोरावस्था में था, लेकिन उसने भी अन्ना आंदोलन में साझीदारी निभायी थी। यह उस आंदोलन का परिणाम ही था कि 2014 के विधानसभा चुनाव में राजनीतिक स्थिरता मुख्य मुद्दा बना। यह मुद्दा कारगर रहा और राज्य में पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। लेकिन अगले पांच साल में झारखंड ने इस स्थिरता की बहुत बड़ी कीमत चुकायी। इस कीमत का पता अब चल रहा है, जब लोकायुक्त कहते हैं कि राज्य सरकार के विभाग उनका सहयोग नहीं कर रहे। किसी शिकायत से संबंधित कागजात मांगने पर सरकार की तरफ से उनके पास दो ट्रक फाइलें भेज दी जाती थीं। संसाधनों के अभाव में यह संस्था पूरी तरह लाचार होकर रह गयी थी।

केवल लोकायुक्त ही नहीं, गड़बड़ियों पर निगाह रखने, उन्हें रोकने और दोषियों को कानून के कटघरे तक लाने के लिए जिम्मेदार सरकार का हर महकमा केवल दिखावे के लिए काम करने लगा। मंत्रिमंडल निगरानी विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, स्पेशल ब्रांच, सीआइडी और दूसरे ऐसे महकमों का काम जी-हजूरी और



लीपापोती तक सिमट कर रह गया था। राज्य में व्यवस्था बनाने की जगह उसे तोड़ने में पूरी ताकत लगने लगी थी। इसका नतीजा वही हुआ, जिसका डर था।

और अब तो उस संस्था पर भी आरोप लगने लगे हैं, जिसके जिम्मे राज्य की जनता को इंसाफ दिलाना था, यानी महाधिवक्ता। राज्य के सबसे बड़े विधि अधिकारी के खिलाफ जो आरोप लग रहे हैं, वे किसी भी राज्य को शर्मसार करने के लिए काफी हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब झारखंड के महाधिवक्ता का पद सवालों के घेरे में आया है। इससे पहले के कम से कम तीन महाधिवक्ताओं के खिलाफ भी झारखंड सरकार की बजाय राजनीतिक नेतृत्व के प्रति अधिक उत्तरदायी होने के आरोप लगे थे, लेकिन यह पहली बार हो रहा है, जब विधानसभा में महाधिवक्ता के खिलाफ इतने गंभीर आरोप लगाये जा रहे हैं।

झारखंड की असली पीड़ा यही है। यहां हर वह शख्स झारखंड की बदनामी का कारण बन जाता है, जिस पर झारखंड को आगे ले जाने की जिम्मेदारी होती है। 22 साल में पहले राजनीतिक नेतृत्व ने राज्य को बदनाम किया, फिर नौकरशाही ने इस राज्य के दामन पर अनगिनत दाग लगाये। इसका कुल हासिल यही हो रहा है कि झारखंड का वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व कठघरे में खड़ा हो गया है। उसकी सबसे बड़ी चूक यही है कि उसे हर उस शख्स ने बदनाम किया, जिस पर उसने भरोसा किया। चाहे वह अपना विधायक प्रतिनिधि हो, राजनीतिक कार्यकर्ता हो या फिर कानूनी सलाह देनेवाला अधिवक्ता।

आज झारखंड की हालत यह हो गयी है कि मुट्ठी भर राजनीतिक कार्यकर्ताओं और कतिपय नौकरशाहों ने पूरे सिस्टम को अपने इशारों पर नचाना शुरू कर दिया है। वे राजनीतिक नेतृत्व को यह समझाने में सफल हो गये कि जनता बेहद खुश है और राज्य विकास के रास्ते पर तेजी से दौड़ रहा है। इन अफसरों को अब न कानून का डर रह गया है और न कोई लोकलाज की परवाह। बिचौलियों और सत्ता के गलियारों में खुलेआम अपना सिक्का चलानेवालों को रोकने-टोकनेवाला कोई नहीं बच गया है।

इस रूप में वर्तमान सरकार के सामने यह बड़ी चुनौती है। उसे झारखंड के बिखरे सपनों को न केवल सहेजना है, बल्कि मर चुके सपनों को जिंदा भी करना है। गड़बड़ियों को सामने लाना जरूरी है, लेकिन उनको सुधारना सबसे बड़ा काम है। कहा जाता है कि गलत क्या है, इसे जानने से कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन गलत को सही करने से फर्क पड़ता है। झारखंड के पास संसाधन है, इच्छाशक्ति है और वह बहुत आगे जा सकता है। अब इस युवा झारखंड की आंखों में नये सपने उभरने लगे हैं, जिनमें रंग भरना और उन्हें हकीकत में बदलना बड़ी चुनौती है।

# आजाद सिपाही में छपी खबर पर डीजीपी ने दिया डीएसपी के खिलाफ जांच का आदेश

## रांची रेंज के डीआइजी करेंगे जांच, एक सप्ताह में सौंपेंगे रिपोर्ट

**बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर कहा कि डीएसपी पुलिस अधिकारी है या क्रिमिनल**

स्वरूप भट्टाचार्य

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही के शुक्रवार के अंक में प्रथम पेज पर छपी खबर बुंडू के डीएसपी ने युवक को बुलाया और पीट पर हाथ तोड़ डाला पर झारखंड के डीजीपी ने संज्ञान लिया है। डीजीपी नीरज सिन्हा ने रांची रेंज के डीआइजी अनीश गुप्ता को जांच का आदेश दिया है और एक सप्ताह के अंदर जांच कर रिपोर्ट मांगी है। डीआइजी ने निर्देश मिलने के बाद जांच भी शुरू कर दी है। शुक्रवार को बुंडू



### बुंडू के डीएसपी ने युवक को बुलाया, पीट कर हाथ तोड़ा

स्वरूप भट्टाचार्य

**बुंडू।** बुंडू डीएसपी अजय कुमार के ऊपर एक स्थानीय युवक उज्ज्वल कुमार ने मारपीट कर हाथ तोड़ देने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना 19 दिसंबर की है। उनके कार्यालय में दोपहर को यह घटना घटी। युवक का इलाज रिम्स में हुआ। उसमें हाथ टूटने की पुष्टि हुई। हाथ में प्लास्टर चढ़ाया गया है। इस संबंध में युवक ने गुरुवार को न्यायालय सहित पुलिस के वरीय अधिकारियों को आवेदन दिया है और उचित कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार उज्ज्वल कुमार बुंडू के महावीर मंदिर गली का निवासी है। उसके पिता का नाम पिता राम प्रसाद महतो है। दरअसल, उज्ज्वल की महावीर मंदिर चौक बुंडू निवासी अर्चना देवी और उनके पति कन्हैयालाल के साथ विवाद है। उसकी जांच करने 4 दिसंबर को बुंडू पुलिस गयी थी। इसके बाद पुलिस ने उज्ज्वल को फोन पर 19 दिसंबर को डीएसपी से मिलने के लिए कहा। जब युवक उनसे मिलने उनके कार्यालय पहुंचा, तो डीएसपी और एक पुलिसकर्मी ने उज्ज्वल के साथ जम कर मारपीट की। साथ ही कहा कि किसी को शिकायत करोगे, तो जान मार देंगे। इसके बाद थाना में कई कागजात साइन करा कर वापस भेज दिया। उसके शरीर पर मारपीट के निशान हैं और हाथ टूटा है। पहले बुंडू में इलाज कराया, फिर रिम्स में इलाज कराया। उसने न्यायालय और पुलिस के वरीय अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी है और न्याय की मांग की है।

के पीड़ित उज्ज्वल कुमार को डीआइजी ऑफिस में बुलाया गया और डीआइजी ने पूछताछ की।

इस मामले को लेकर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर कहा कि बुंडू के डीएसपी अजय कुमार ने पूछताछ के लिए उज्ज्वल कुमार नामक युवक को अपने कार्यालय बुला कर जम कर पिटाई की। उज्ज्वल कुमार का हाथ तोड़ दिया। कागजात पर साइन कराये और धमकी दी कि किसी को बताया तो जान से मार देंगे। यह पुलिस अधिकारी है कि क्रिमिनल। यह कैसी कार्यशैली है। सिल्ली के पूर्व विधायक और खतियानी पार्टी के नेता अमित कुमार ने कहा कि आपराधिक तत्वों से गंठजोड़ कर सामाजिक माहौल विगाड़ने का काम बुंडू डीएसपी अजय कुमार ने किया है। वह शुक्रवार को बुंडू पहुंच कर पत्रकारों से बात कर रहे थे। कहा कि मैं इस पुलिसिया कृत्य की कड़ी भर्त्सना करता हूं और उच्च स्तरीय जांच की मांग करता हूं।

## हेरहंज में प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला से प्रसव कराने के लिए कान की बाली लेने का कृत्य

# बाबूलाल ने कहा-इससे शर्मसार तस्वीर क्या होगी?

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के हेरहंज में प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला से एएनएम द्वारा जबरन कान की बाली लिये जाने की घटना पर झरखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपनी तीखी प्रतिक्रया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इससे शर्मसार तस्वीर झारखंड सरकार के लिए और क्या होगी? उन्होंने यह भी कहा कि लातेहार के हेरहंज स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला हाथ जोड़ कर प्रसव कराने के लिए एएनएम से विनती कर रही है और बिना पैसे लिये वह प्रसव कराने को तैयार ही नहीं। जब महिला ने कान की बाली खोल कर दी, तब पांच घंटे बाद प्रसव कराया। देर होने के कारण बच्चा पेट में ही मर गया।



ऐसे भ्रष्ट कर्मियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए। नहीं तो इस तरह झारखंड के हजारों महिलाओं के साथ आगे भी होता रहेगा। बाबूलाल मरांडी ने एक सवाल के जवाब में यह भी कहा कि अगर यात्रा में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना है तो सबसे पहले सत्ता के शीर्ष पर बैठे भ्रष्टाचारी लोगों पर अंकुश लगाना होगा क्योंकि जब तक शीर्ष पर भ्रष्टाचारी



### हेरहंज अस्पताल में प्रसव कराने के लिए एएनएम ने मांगा पैसा

### घूस में ली कान की बाली, तब कराया प्रसव

रहेंगे तब तक नीचे वाले भी भ्रष्टाचार करते रहेंगे। इस तरह झारखंड मुक्ति मोर्चा का नाम झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी होना चाहिए क्योंकि झारखंड की वर्तमान सरकार में पग-पग पर भ्रष्टाचार जन्म लेते आ रहा है।

बताते चलें कि सोमवार को हेरहंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह हेल्थ वैलनेस सेंटर में 2 एएनएम के द्वारा एक महिला का प्रसव कराने के एवज में 18000 मांगे जाने, नहीं देने पर 2000 नगद और कान की बाली ले लेने और इस बीच प्रसव को 4 घंटे लेट से कराया गया।

# विधानसभा में 1932 खतियान पर सरकार के जवाब के बाद भाजपा ने किया हंगामा






आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन शुक्रवार को पहली पाली में 1932 पर सरकार के जवाब के बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया।

सरकार की ओर से जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति सदन से पारित कर 9 वीं अनुसूची में डालने का प्रस्ताव पास कराकर राज्यपाल को भेज दिया गया है। विधि विभाग की जो भी शंका थी, उसे दूर करके ही भेजा गया है। अब यह काम केंद्र को करना है। उन्होंने कहा कि विधि विभाग ने कहा है कि पार्लियामेंट के पास अधिकार है। लोक नियोजन में समानता का जो अधिकार है, उसमें संसद ही कुछ कर सकती है। नौवीं अनुसूची में शामिल होने के बाद राज्य में लागू हो जायेगा। इसपर भाजपा के विधायक और सवाल पूछना चाह रहे थे। सदन में चर्चा चाह रहे थे, जिसपर स्पीकर ने कहा कि सरकार की ओर से जवाब दे दिया गया है। चर्चा नहीं करा सकते हैं।

इसके बाद भाजपा के विधायक वेल में जाकर हंगामा करने लगे। बता दें कि दो दिन पहले सदन में भाजपा विधायक अमित मंडल ने पूछा था कि मीडिया के माध्यम से पता चला है कि विधि विभाग ने 1932 पर आपत्ति जतायी है। इसके बाद भी सदन से पास कराया गया है।

### सदन में उलझे भाजपा विधायक अनंत ओझा, कांग्रेस विधायक दीपिका और प्रदीप यादव

रांची(आजाद सिपाही)। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से भाजपा विधायक अनंत ओझा ने बांग्लादेशी घुसपैठिये का मामला उठाया। इस मामले पर सदन में विधायक अनंत ओझा, कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह और प्रदीप यादव उलझ गये। विधायक दीपिका पांडेय सिंह और प्रदीप यादव ने कहा कि गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे और विधायक अनंत ओझा पर बांग्लादेशी मैनिया छाया हुआ है। इनके सांसद दिल्ली में हायतौबा मचाते हैं और ये रांची में। साफ कहा कि राजनीति से प्रेरित होकर इस तरह के विषय सदन में लाये जाते हैं। विधायक अनंत ओझा ने कहा कि यह समझ में नहीं आता कि जब भी बांग्लादेशी घुसपैठियों का नाम आता है तो कांग्रेस के लोगों को मिर्ची क्यों लगने लगती है। उन्होंने कहा कि असम में 1982 में कांग्रेस की सरकार ने आइएमबीटी एक्ट लाया था। आखिर उन्हें ऐसा क्यों करना पड़ा। उन्होंने कहा कि संथालपरगना में साहेबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका तथा जामताड़ा जिला में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण यहां के डेमोग्राफी में अमूल चूल परिवर्तन हुए हैं। जिससे इन क्षेत्रों में जन सांख्यिकी असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। उन्होंने सरकार से राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संथाल में आदिवासी और हिंदू की संख्या घट रही है। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि घुसपैठियों की रोकथाम के लिए राज्य सरकार सक्षम है। कहीं इस तरह की घटना होती है तो सरकार संज्ञान में लेती है। उन्होंने कहा कि संथाल का एक भी जिला बांग्लादेश से नहीं जुड़ता है।

### कुड़मी को एसटी सूची में शामिल करें : डॉ लंबोदर

**रांची।** झारखंड विधानसभा में आजसू विधायक लंबोदर महतो ने सदन में कुड़मी को एसटी सूची में शामिल करने की मांग उठाई। उन्होंने गैर सरकारी संकल्प के तहत इसे उठाया। मंत्री आलमगीर आलम ने जवाब देते हुए कहा कि दो बार यहां से प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है। इस पर केंद्र को फैसला लेना है। जब तक केंद्र सरकार पहल नहीं करती, तब तक इस बारे में राज्य सरकार कुछ नहीं कर सकती है।

### अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे बैजनाथ राम

वहीं झामुमो विधायक बैजनाथ राम सदन के बाहर अपने ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गये। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से वे बालूमाथ में अस्पताल निर्माण की मांग कर रहे हैं। सदन में भी कई बार इस मुद्दे को उठाया गया। लेकिन यह दुर्भाग्य है कि सरकार सिर्फ आश्वासन दे रही है। मुख्यमंत्री से मिलकर भी उन्होंने इस बात को रखा, लेकिन कोई काम नहीं हुआ। विधायक ने कहा कि अस्पताल निर्माण नहीं हुआ, लेकिन 1 करोड़ 25 लाख का घोटाला जरूर हो गया।




### सदन ने फिर से तीन विधेयकों को दी मंजूरी

रांची। शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन राज्य सरकार ने राज्यपाल द्वारा वापस किये गये तीन विधेयकों को सदन से मंजूरी दी गयी। राज्यपाल ने झारखंड वित्त विधेयक 2021 को राज्यपाल ने वापस कर दिया था। इसके बाद सरकार ने पहले इस विधेयक को सदन से वापस लिया और दोबारा सदन में लाया। माले विधायक बिनोद सिंह और आजसू विधायक लंबोदर महतो ने इस विधेयक को प्रवर समिति में भेजने का आग्रह किया। बिनोद सिंह ने कहा कि सदस्यों को विधेयक की कॉपी एक दिन पहले सदस्यों को दी है जबकि इस विधेयक में 64 बिंदु हैं। उन्होंने कहा कि नियमावली में इस बात का जिक्र है कि सदस्यों को विधेयक की कॉपी सात दिन पहले मिले। ऐसे में बिना अध्ययन किये फिर यह विधेयक पारित हो जायेगा। विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि यह गंभीर विषय है कि आखिर क्यों राज्यपाल ने विधेयक को वापस किया है। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से हिंदी और अंग्रेजी शब्द में कुछ गड़बड़ी पर आपत्ति की गयी थी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक की आवश्यकता है। इसमें कई प्रस्ताव लाये गये हैं जिसमें मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों में जमीन विक्रय शुल्क को 4 प्रतिशत से बढ़ा कर 6 प्रतिशत किया गया है। इससे सरकार को प्रतिवर्ष 200 करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी है। सदन में चर्चा के बाद झारखंड वित्त विधेयक 2022, झारखंड कराधान अधिनियमों की बकाया राशि का समाधान विधेयक 2022 और झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक 2022 ध्वनिमत से पारित हुआ।

www.epaper.azadsipahi.in
24 दिसंबर, 2022
पौष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 66
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही



दुनिया की पहली नेजल कोरोना वैक्सीन को मंजूरी

### हमने झारखंडियों के हित में नियोजन नीति बनायी

# विपक्ष ने एक आदिवासी नेता को आगे कर खारिज कराया : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर जम कर हमला बोला। कहा कि सत्र तो छोटा था, लेकिन कई विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। विपक्ष चला गया, क्योंकि वह कड़वी बातें सुनने का आदि नहीं है। हो भी कैसे, जिसने 20 वर्षों तक मखमल पर समय गुजारा है। कभी गरीबी, मुफलिसी की मार नहीं झेली। इनके समय में भूख से मौत, सरकारी कर्मियों पर लाठीचार्ज आम बात थी। वर्तमान समय में हमारी सरकार के समक्ष कई चुनौतियां आयीं। देश में कोरोना आया कि नहीं, ये तो पता नहीं, लेकिन भारत सरकार को पता चल गया है। अब वे क्या गाइडलाइन जारी करते हैं, देखना होगा। सीएम ने कहा कि जिस विपक्ष के पास यहां नेता हो ना मुद्दा, ना कोई दिशा हो, उसके साथ हम कैसे सामंजस्य स्थापित करें। वे षड्यंत्र के तहत नेता नहीं बना रहे हैं। वे नेता बना सकते थे। बाबूलाल मरांडी को मुखौटा के तहत नेता बनाया है, आदिवासी के नाम पर। इन्हें लगता है कि आदिवासी, मूलवासी इनकी चिकनी चुपड़ी बातों में आ जायेंगे। कहा कि एक आदिवासी नेता को आगे कर नियोजन नीति को कोर्ट से खारिज कराया।

उन्होंने कहा कि सदन से सरना कोड पारित हुआ। भाजपा के लोग कहते हैं कि सरना हिंदू हैं और अभी सिमडेगा, बानो में सरना सम्मेलन, आमसभा कर रहे हैं। केंद्र से सरना कोड पारित नहीं कराया। ये ना तो सरना धर्म के हिमायती हैं, ना ही 1932 और ओबीसी आरक्षण के हिमायती हैं। इन्होंने 20 वर्षों में कोई काम नहीं किया। 1932 का प्रयास किया था, ऐसा प्रयास किया कि राज्य में खून की होली खेली गयी। लेकिन जब हम 1932 लेकर आये, तो लोग अबीर गुलाल खेल रहे हैं। हमने नियोजन नीति झारखंडियों के हित में बनायी थी। इस नीति में आदिवासी, दलित ओबीसी के हितों की रक्षा थी। इससे सिर्फ 40 प्रतिशत जनरल लोगों को परेशानी थी। इस राज्य में मूलवासी आदिवासी को यहां नौकरी का अधिकार नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश हांसदा और बाकी 19 लोग यूपी बिहार के थे। ये तो वाचाल लोगों की जमात है। हल्ला करना इनकी फितरत है। आज इनकी राजनीति सिर्फ इडी-सीबीआइ तक सीमित हो गयी है। रोज सबेरे इनके नेता इडी कार्यालय जाकर मुद्दा खोजते हैं। अखबारों में सीरीज चल रही है। अखबारों में खंड-खंड में छपता है और ये उसको लेकर सड़कों पर घूमते हैं।

उन्होंने कहा कि जब सरकार बनी थी, तो कहा था कि जो भी खनिज संपदा रेल से ढुलाई हो रही है, उसमें बड़े पैमाने पर अवैध काम हो रहा है। जब राज्य सरकार को पता चला तो इसकी रोकथाम के लिए एक सॉफ्टवेयर बनाया। भारत सरकार के साथ मिल कर सॉफ्टवेयर की बात हुई, लेकिन भारत सरकार साथ में नहीं आयी। हमने तो पूछा कि 1000 करोड़ का अवैध खनन हुआ है, तो बताइये। राज्य सरकार एसआइटी गठित करने जा रही है। रेल से कितनी अवैध ढुलाई हुई है, उसकी जांच करायेंगे। भारत सरकार को भी जानकारी दी कि हम ऐसा करने जा रहे हैं। अब पता चला है कि भारत सरकार ने अपने सॉफ्टवेयर को बंद कर लिया है। ट्रैक्टर गाड़ी से तो अवैध ढुलाई होती ही थी, अब तो ट्रेन से ढुलाई हो रही है। झारखंड को रॉयल्टी के करोड़ों रुपये का नुकसान है। जब मांगते हैं तो कोई जवाब नहीं मिलता। जीएसटी का 5000 करोड़ बकाया है। प्रधानमंत्री आवास देने की बात कहता है। आठ लाख आवास भारत सरकार के पास पेंडिंग में हैं। भारत सरकार गरीबों का अनाज नहीं दे रही है। हम बाजार से खरीद कर गरीबों को अनाज दे रहे हैं। रेलवे, आर्मी में नौकरी बैन है। अग्निवीर लाकर चार साल में बेरोजगार करने की व्यवस्था की। ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादातर लोग इन्हीं क्षेत्रों में नौकरी में जाते हैं। चपरासी के पद पर ग्रैजुएट लड़के फॉर्म भर रहे हैं। चिंता की बात नहीं है, हम इसका रास्ता निकालेंगे। हमने कई नीतियां बनायीं। कई उद्योग शुरू हुए। हमारी नीति से बड़े-बड़े उद्योग घराने खुश थे। हमसे बात हो रही थी, उद्योग लगाने की। इन्हें यह नहीं पच रहा है कि एक आदिवासी नौजवान के नेतृत्व में सरकार काम कर रही है। ये भय का वातावरण तैयार किये हुए हैं। लेकिन सरकार मजबूती के साथ खड़ी है। महंगाई पर अब ये नहीं बोलते। 400 का गैस 1200, पांच रुपये का प्लेटफार्म टिकट 50 रुपये में। डॉलर का भाव आजादी के बाद सबसे उच्च स्तर पर है।

### पहाड़िया समाज में उबाल : रेबिका हत्याकांड पर भड़का पहाड़िया समाज

# तलवार-भाले के साथ निकाली रैली, हत्यारों को फांसी देने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज में पहाड़िया समाज की युवती रेबिका के साथ हुई दिल दहला देने वाली घटना को लेकर पूरा देश उबल रहा है। इसी क्रम में उसके हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर शुक्रवार को बोरियो में रेबिका पहाड़िया न्याय यात्रा निकाली गयी। यह बोरियो दामिन डाकबंगला से बेल टोला, मेन रोड, थाना रोड होते हुए ब्लाक परिसर तक गयी। वहां अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। अखिल भारतीय आदिम जनजाति विकास समिति झारखंड के तत्वावधान में हिल एसेंबली पहाड़िया महासभा द्वारा निकाली गयी इस रैली में परंपरागत हथियारों के साथ लोग शामिल हुए। पहाड़िया समाज गुस्से में है। बोरियो दामिन डाकबंगला में लोग तीर धनुष, तलवार, हंसुआ, कछिया, दबिया, मसे (मसु), कुल्हाड़ी, भाला इत्यादि लेकर रैली में पहुंचे।

**अपनी ताकत दिखाने को तैयार पहाड़िया समाज :** इसमें शामिल लोगों के चेहरे पर आक्रोश साफ झलक रहा था। हाल के दिनों में हुई घटनाओं से सभी काफी क्षुब्ध थे। पहाड़िया समुदाय ने इस रैली के माध्यम से अपनी शक्ति का इजहार किया। रैली में बूढ़े, जवान, महिला, छात्र-छात्राओं सभी शामिल थे। रैली में शामिल लोगों के पास ढोल, नगाड़ा, डुग्गू भी था।




**रैली में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** इस रैली के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की थी। एसडीओ राहुल जी आनंद जी, बरहड़वा एसडीपीओ प्रदीप उरांव आदि मौके पर मौजूद थे। बोरियो के हाइवे तीनमुहानी चौक, डाकबंगला सहित पूरे बाजार में चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती की गयी थी। रैली में शामिल पहाड़िया समाज के लोग रेबिका को न्याय दो, न्याय दो, हत्यारों को फांसी दो-फांसी दो का नारा लगा रहे थे।



















## किड्स प्ले स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सहाना रोड स्थित बचपन किड्स प्ले स्कूल में शुक्रवार को क्रिसमस डे का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इसमें बच्चों ने ग्रुप डांस और खेलों के माध्यम से सामाजिक संदेश देते हुए खूब आनंद उठाया और अनेक जानकारियां भी प्राप्त की। मंच का संचालन संदीप अत्री ने किया। बच्चों ने ग्रुप डांस और अनेक गतिविधियों से स्कूल का वातावरण आनंदमय बना दिया, वहीं सांता क्लॉज की पेंटिंग भी की। स्कूल की निदेशक मधु कुमारी ने छोटे बच्चों के द्वारा बनाए पेंटिंग और कार्यक्रम की सराहना की। वहीं प्रधानाचार्या श्वेता सरकार ने बताया कि खेलों के माध्यम से बच्चे जल्दी सीखते हैं और हमारा प्रयास यह है कि हम खेलों के माध्यम से ही बच्चों को सिखाएं। इस अवसर पर सभी बच्चों को टॉफियां और चाकलेट्स भी दी गई। मौके पर स्कूल टीचर सपना, स्नेहा मौजूद थीं, वहीं कार्यक्रम में माहेश्वरी, शौर्या, रेयांश, मयंक, सनीश, हृदयांश, आदित्य बल्लभ, श्रद्धा, तक्ष गंजू, अनन्या आदि बच्चों ने भाग लिया।

## डायरिया से 4 बिरहोर बच्चे बीमार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार की दोपहर जयनगर थाना अंतर्गत गड़ीयाई बिरहोर टोला में डायरिया से चार बिरहोर के बच्चे बीमार हो गए। सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीमार बच्चों में विमली बिरहोर उम्र 2 वर्ष पिता कमलेश विरहोर, पाजवा बिरहोर उम्र 3 वर्ष पिता कमलेश बिरहोर, मुकेश बिरहोर उम्र 1 वर्ष पिता कमलेश बिरहोर, शुक्र बिरहोर उम्र 4 वर्ष पिता कमलेश बिरहोर गड़ीयाई बिरहोर टोला जयनगर के रूप में हुई है। बता दें कि इन चारों बच्चों का ठंड और उल्टी, लूज मोशन होने की शिकायत है। सभी बच्चे बीमार हैं जिन्हें 108 की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा इलाज करके सभी को भर्ती कर दिया गया। इस बाबत डॉक्टर भारती सिन्हा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अभी बच्चों को बुखार, उल्टी और लूज मोशन की शिकायत है और सभी का इलाज करके सदर में ही भर्ती किया गया है।

## घर में लगी आग, हजारों की संपत्ति हुई राख



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार की सुबह जामु पंचायत के हरलाडीह गांव निवासी प्रतिमा देवी पति विजय यादव के घर में आग लग गयी। घटना में हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जाता है। जानकारी के अनुसार प्रतिमा देवी पति विजय यादव अपने घर के बगल श्राद्ध क्रम में शरीक होने गई थी। जब वह वहां से रात के लगभग 3:30 बजे लौटी तो देखा कि घर का पलंग, फ्रीज, अलमीरा, कपड़ा, रजाई, कंबल, टीवी सहित महत्वपूर्ण कागजात जलकर राख हो गया है। उसके बाद हल्ला करने लगी। हल्ला सुनकर ग्रामीण जुटे। उसके बाद आग पर किसी तरह से काबू पाया गया। घटना को लेकर प्रतिमा देवी के द्वारा मरकच्चो थाना में सन्हा दर्ज कराई गई है। वही आग लगने की घटना सुनकर स्थानीय मुखिया नीता कुमारी, उप मुखिया पिंटू साव, मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली।

## दो बाइक की टक्कर में तीन पुलिस जवान घायल, दो रिम्स रेफर




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना सतपुलिया के पास दो बाइक की आपस में जोरदार टक्कर में पुलिस के 3 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बीती रात लगभग 9.30 बजे की है। घायलों की पहचान दयानंद मंडल (40, झुमरी तिलैया), राजकुमार तुरी (32, झुमरीतिलैया, अर्जुन यादव (34, झुमरीतिलैया) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बाइक से तिलैया की तरफ जाने के दौरान सतपुलिया के पास दो बाइक के जोरदार टक्कर होने से दोनों बाइक में सवार 3 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना तिलैया पुलिस को मिलने के बाद तीनों घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। डॉक्टर द्वारा इलाज करके दो जवानों को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूली में तंबाकू नियंत्रण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बी आर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू के दुष्परिणाम को ले बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमे तम्बाकू से होने वाले विभिन्न प्रकार के बीमारियों के बारे में बताया गया साथ ही यक्ष्मा उन्मुलन कार्यक्रम पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई।वहीं बच्चों के बीच स्लोगन लेखन प्रतियोगिता कराया गया जिसमें प्रथम तीन वैष्णवी कुमारी वर्ग दशम प्रिंसेस भव्या वर्ग दशम हिमांशु कुमार वर्ग नवम को पुरस्कृत किया गया शेष सभी विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मौके उपस्थित दीपेश कुमार जिला परामर्शी ने बताया कि प्रत्येक दिन 5500 सौ लोग तम्बाकू सेवन करने की सुरुवात करते हैं।तम्बाकू में 4000 से अधिक तरह के जहरीले तत्व मौजूद होते हैं जिसके कारण लोग इसके सेवन से गम्भीर से गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं।उन्होंने बताया कि कोडरमा सदर अस्पताल में तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र का संचालित किया जा रहा है जिसमे वैसे लोग जो तम्बाकू के लत से परेशान हैं उन्हें नशा मुक्ति केंद्र भरपूर मदद करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परामर्शी दीपेश कुमार विद्यालय प्रबंधक ओपी राय एकेडमिक इंचार्ज एम शर्मा एडमिनिस्ट्रेटर सुनील कुमार उपप्राचार्य नवलकिशोर ताबरक अंसारी अभिजीत कुमार कमलेश कुमार अमित सिंह समेत वर्ग नवम एवं दशम के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बेडोकला मंडल में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का लिया संकल्प



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश एवं जिला निदेर्शानुसार 25 दिसंबर 2022 को भारत रत्न पुर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपई कि जयंती को सुशासन दिवस व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन कि बात कार्यक्रम को लेकर बेडोकला मंडल के पंचवटी चौक भाजपा कार्यालय में एक बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, संचालन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रतन पासवान के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बेडोकला मंडल प्रभारी सह ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी उपस्थित रहे रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि सभी 56 बुथो पर वाजपेई जी कि जयंती मनाना और मन कि बात सुने। मोदी जी ने 2014 में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाने कि घोषणा किए थे उन्होंने कहा वाजपेई जी अच्छे वक्ता और कुशल राजनीतिज्ञ थे। मौके पर अनिल आजाद, सुरेश प्रजापति, रीतलाल चौधरी, राजकुमार चौधरी,तोखी भुइयां, सुरेन्द्र रजक, विनोद राणा, रूपेश कुमार,संज्रय चौधरी,राजु रविदास सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गुड गवर्नेंस सप्ताह को लेकर समाहरणालय सभागार में कार्यशाला का आयोजन

# कोऑपरेशन- कोऑर्डिनेशन आवश्यक है : नैंसी सहाय

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** बेहतर शासन व्यवस्था बनाने एवं राज्य सरकार की योजना को मूर्त रूप देने के लिए जिला प्रशासन ने गुड गवर्नेंस को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित उपायुक्त नैंसी सहाय व अपर समाहर्ता राकेश रोशन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी न्यूटन तिर्की, डीआरडीए निदेशक नियाज अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया। समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर को लेकर आयोजित हुए कार्यक्रम में उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारीयों और कर्मियों को गुड गवर्नेंस के मूल स्वरूप की चर्चा करते हुए अनुशासन के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन की बात कही। उन्होंने कहा कि कर्मियों और अधिकारीयों में कॉपरेशन और कॉर्डिनेशन के साथ कार्य करने की प्रवृति को डेवलप करना चाहिए, ताकि गुड गवर्नेंस की परिकल्पना को धरातल पर उतारा जा सके। आमजन से जुड़ी समस्याओं तथा उनके निराकरण के लिए सकारात्मक अप्रोच रखने की बात कही। मालूम हो कि राज्य सरकार की ओर से 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित हुए कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की स्वीकृति प्रदान कर लाभुकों को योजना से जोड़ा गया। इस दौरान ज़िला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत बाल विकास परियोजना की ओर से अनुराधा कुमारी पिता मनोज कुमार एवं गायत्री कुमारी पिता सुन्दर रविदास, मंडई खुर्द को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया जबकि नेहा कुमारी, माता चन्दा देवी, प्रिस्किला तिग्गा माता-अनिता तिग्गा, दीपूगढा निवासी को सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। वहीं ज़िला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय की ओर से केबी हाई स्कूल के सानिया कुमारी, आलिया प्रवीण, रितिक कुमार, मो. सगीर, जावेद अंसारी, जिला स्कूल के सुहानी कुमारी,मानसी कुमारी, चित्ररतन कुमार दास, एमएस मिडिल स्कूल के उमर अंसारी, जावेद अंसारी को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से गुरहेत के बुधनी देवी, पतिया देवी को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। ज़िला आपूर्ति कार्यालय की ओर से बाबूगांव के मीना देवी, विष्णुगढ़ के अब्दुल कुदुस को राशन कार्ड प्रदान किया गया। कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत दारू प्रखंड के कुन्दन पासवान को 25 हजार रुपए ऋण की स्वीकृति प्रदान की गयी।

## अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर जब्त



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड में इन दिनों चल रहे अवैध कोयला पर नकेल कसने के लिए बड़कागांव वन क्षेत्र के पदाधिकारी छोटेलाल साव के निर्देशन पर छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें धवाइया टांड घटवा जंगल से बीते देर रात वन विभाग ने एक अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जप्त किया गया। वही रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चालक फरार हो गया।इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी ने कहा कि लगातार अवैध कारोबारियों के खिलाफ छापामारी अभियान चलता रहेगा। मौके पर फॉरेस्टर रामचंद्र प्रसाद, अजय यादव, केशव महतो, मनोरंजन कुमार, भोला साव, विनोद बेशरा, कृष्ण प्रसाद महतो, चंदन कुमार सिंह, अशोक महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## 15वीं वित्त आयोग योजनाओं का चयन ग्रामसभा के माध्यम से करेगी आठ सदस्यीय टीम

धीरज पुरी



**दारु (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख श्वेता कुमारी ने किया संचालन वीडियो सुशील कुमार राय राय ने की बैठक में 15वें वित्त योजनाओं का चयन वर्ष 2024 के लिए ग्रामसभा के माध्यम से 8 सदस्य टीम करेंगे इसमें 2 वार्ड सदस्य दो जेएसएलपीएस ,एक मनरेगा मेठ ,एक जल सहिया, एक स्वास्थ सहिया, एक रोजगार सेवक या पंचायत सेवक होंगे।प्रखंड कृषि पदाधिकारी गंगा सागर ने कहा कि वर्तमान में मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के कृषकों से फॉर्म भरवाया जा रहा है । साथ ही साथ मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से स्वरोजगार के लिए 50000 हजार रुपए का ऋण बिना किसी गारंटर के दिया जा रहा है। वहीं बाल विकास परियोजना के लोगों ने बताया कि सावित्री बाई फुले समृधि योजना का प्रपत्र भरने का काम पूरा कर लिया गया है। साथ ही दारू बक्शीडीह, इरगा व भटबीघा में बने आंगनबाड़ी केंद्र को ओवरहैड करने की मांग किया है। जेएसएलपीएस के बीएम सुनील राणा ने कहा कि दीनदयाल कौशल विकास योजना के तहत प्रखंड से 18 से 35 वर्ष तक युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। वहीँ दिगवार के दमोकोचा में बंधन योजना के तहत लोगों को वनोपज को बढ़ावा देने के लिए किट वित्तरन किया जाएगा। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में सभी विद्यालयों में रंग रोगन का काम किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने ने मध्यान भोजन सेलेकर अन्य किसी भी विधि व्यवस्था कोलेकर किसी भी विद्यालय को बकसा जाएगा। वहीं इस बैठक में अंचल व एमओ एक भी स्टाफ उपस्थित नही थे। मौके पर उपप्रमुख कौशिल्या देवी, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबु, बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि बसंत नारायण सिंह, आशीष कुमार, ललिता कुमारी, दिग्विजय सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गुरुग्राम पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** सदर प्रखंड क्षेत्र के बनाहप्पा स्तिथ गुरुग्राम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्कूली छात्र छात्राओ के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने रैन हार्वेस्टिंग, ग्रीन हाउस,किडनी का बचाव,पर्यावरण से संबंधित विषयों पर प्रदर्शनी के माध्यम से बेहतरीन प्रस्तुति की । विज्ञान प्रदर्शनी से पूर्व इसका उद्घाटन विद्यालय के निर्देशक प्रभात कुमार, प्रिंसिपल के के सिंह उप प्राचार्य आशा गुप्ता ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अतिथियों ने स्कूली छात्र छात्राओ की बेहतरीन प्रस्तुति की सराहना की। इस बारे में विद्यालय के निर्देशक ने बताया कि विद्यालय की स्थापना वर्ष 2019 में की गई थी तबसे विद्यालय लगातार प्रगति कर रहा है। स्कूल में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ साथ शारीरिक और मानसिक विकाश पर भी जोर दिया जाता है। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ शिक्षाक सुजाता मेहता, अंजली कुमारी, आकांक्षा कुमारी, रंजीत रंजन, राजेश कुमार, रीना राम आदि मौजूद थे।

## जूनियर एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जीता पदक

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने स्व.सीजे नंदी जिला जूनियर एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीत विद्यालय का नाम रौशन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कर्जन ग्राउंड में हुआ। अंडर 14के ऊंची कूद में विद्यालय के अरुण कुमार प्रथम स्थान तथा करण कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 16 के लम्बी कूद में हिमांशु टुडु ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। अंडर 12के जैवलिन थ्रो में विद्यालय के छात्र कुंदन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे प्रखंड में विद्यालय का नाम रौशन किए। दो प्रतियोगिताओं में पदक जीतने के बाद अरुण कुमार ने कहा कि उच्च स्तर पर पदक जीतने से खुद पर बढ़ जाता है। इन छात्रों के सफलता में विद्यालय के खेल शिक्षक भोला राणा तथा पुनम कुमारी के प्रशिक्षण और छात्रों के कठिन अभ्यास का योगदान अधिक रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र रौशन कुमार ,शिवा कुमार,भीम पासवान, रंजीत कुमार, प्रिंस कुमार,सुरज कुमार, तुलेश्वर प्रसाद, प्रभाकर, बिट्टू कुमार,सागर कुमार भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किए।

# हजारीबाग में एयरपोर्ट बनाने का सपना जल्द होगा साकार : मनीष जयसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग ।** केन्द्र सरकार की उड़ान योजनान्तर्गत हजारीबाग एवं देवघर में हवाई अड्डे निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। परन्तु देवघर में हवाई अड्डे का निर्माण होकर हवाई सेवा शुरू हो गई लेकिन हजारीबाग में हवाई अड्डे निर्माण का मामला राज्य सरकार की उदासीनता के कारण अबतक लंबित है। हजारीबाग हवाई अड्डे निर्माण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कुल 36.720 करोड़ रुपए राशि स्वीकृति दी जा चुकी है तथा वर्ष 2024 तक उक्त हवाई अड्डे के निर्माण कार्य को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित होने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा उक्त हवाई अड्डे के लिए अबतक भूमि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। हजारीबाग जिला वासियों के साथ-साथ धनबाद, चतरा, कोडरमा, रामगढ़ एवं गिरिडीह के लोगों को हवाई यात्रा की सुविधा मिल सकें इसके लिए हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शुक्रवार को पुरजोर तरीके से इस मामले को सदन पटल पर उठाया। विधायक मनीष जायसवाल ने राज्य सरकार पर्यंत के प्रस्तावित हजारीबाग हवाई अड्डा के भूमि अधिग्रहण मामले में कुंडली मारकर बैठी हुई है। उन्होंने कहा कि 6 साल से एयरपोर्ट बनाने की योजना हजारीबाग में लंबित है और इस और सरकार का ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट बनाने के लिए पैसा केंद्र सरकार देगी लेकिन राज्य सरकार अब तक जमीन नहीं खोज पाई है। विधायक मनीष जायसवाल ने इस मामले पर करीब 14 मिनट तक सदन में अपनी बात रखी और सरकार की ओर से जवाब दे रहे संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम के हर एक जवाब पर उन्होंने सिर्फ एक ही बात कही की हवाई चप्पल का सपना साकार करें लोग आपको दुआएं देंगे। उन्होंने सरकार से स्पष्ट रूप में पूछा कि 310 एकड़ जमीन के लिए आप एक कमेटी बनाई जिसमें हम लोग को भी शामिल करें ताकि आने वाले 2 महीने में जमीन खोज कर निकाल सकें। इस मामले पर मंत्री आलमगीर आलम गोल मटोल जवाब देते नजर आए लेकिन विधायक मनीष जायसवाल ने उन्हें ऐसे घेरा कि इस मामले पर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने हस्तक्षेप किया और हवाई अड्डा के लिए जमीन खोजने मैं विधायक मनीष जायसवाल को मदद करने का आग्रह किया। विधायक मनीष जयसवाल के सवाल उठाए जाने के बाद जनमानस को यह पता चला कि हजारीबाग में पूर्व में प्रस्तावित नगवां हवाई अड्डा के भूमि को हवाई पट्टी बनाने के उपयोग कम होने के कारण इसे रद्द किया जा चुका है।

## कैंपियन बेसिक एकेडमी में वार्षिक खेलकूद में बच्चों में दिखा उत्साह



**इचाक (आजाद सिपाही)।** मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक अकैडमी में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा। कक्षा नर्सरी से यूकेजी के बच्चों ने फ्रॉग रेस, स्पून रेस, बस कैचिंग , मैथ रेस, जलेबी रेस, बॉल रेस, बलून रेस सहित दर्जनों खेल बच्चों के द्वारा शनादार तरीके से प्रदर्शन किया गया। वहीं कक्षा प्रथम से कक्षा नवम के छात्रों के द्वारा रिले रेस,100 मीटर रेस, केयरिंग इन शोल्डर, शेक रेस, स्लो साइकिल रेस, खोखो, फुटबॉल तथा हैंड बॉल जैसे खेल बच्चों के द्वारा बहुत ही अनुशासित एवं शानदार तरीके से खेला गया। इस अवसर पर सचिव बीरबल प्रसाद ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। तीन दिनों तक चलने वाले इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का नेतृत्व विद्यालय के प्रबन्धक गणेश शंकर मदन कर रहे हैं। उन्होंने बताया की बच्चों का संपूर्ण विकास ही विद्यालय का लक्ष्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की जूनियर विंग की इंचार्ज सरिता कुमारी, नीतू कुमारी,रेणु कुमारी, सबी परवीन, ममता सिंह , बेबी देवी, जितेंद्र सिंह, मधु देव, अनीता दास, रिमझीम सिन्हा, शालू गुप्ता, सोनी कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## महिला का पर्स छीन कर भाग रहे लुटेरे को पुलिस ने पकड़ा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग और कोडरमा जिले के पुलिस की आपसी समन्वय के कारण एक लुटेरे को वारदात के एक घटे के अंदर धर दबोचा गया है। कोडरमा जिला के टाउन थाना क्षेत्र से एक महिला का पर्स अज्ञात मोटरसाइकिल सवार अपराधी छिन कर भाग गए थे। कोडरमा पुलिस द्वारा ससमय इसकी सूचना हजारीबाग पुलिस को दिया गया, जिसके उपरांत चौपारण थाना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरदाहा चेक पोस्ट पर चेकिंग लगाया गया। चेकिंग के दौरान एक काला ग्लैमर मोटरसाइकिल को पुलिस कर्मियों द्वारा खदेड़ कर पकड़ा गया तथा एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया जिसके पास लूटा हुआ पर्स और 1,03,700 बरामद किया गया। दोनों जिलों द्वारा सही समय पर सूचना साझा करना तथा बेहतर समन्वय के साथ काम करने से एक घंटे के अंदर कांड का उद्भेदन के साथ लूटा हुए पैसा बरामद हो पाया तथा एक अपराधी की भी गिरफ्तारी हो पायी।

## हजारीबाग संवेदक संघ प्रतिनिधिमंडल ने डीसी व एसपी को सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** संवेदक संघ हजारीबाग का प्रतिनिधिमंडल डीसी व एसपी से मिल केरेडारी थाना प्रभारी साधनचंद्र गोराई द्वारा जय मां अष्टभुजी कंस्ट्रक्शन हजारीबाग को परेशान करने का आरोप लगा ज्ञापन सौंपा है। नेतृत्व संवेदक संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार मेहता कर रहे थे। ज्ञापन में संवेदक संघ ने कहा है कि केरेडारी थाना प्रभारी जय मां अष्टभुजी कंस्ट्रक्शन को लगातार परेशान कर रहे हैं, जबकि उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में कार्य कर रहे संवेदक को मनोबल बढ़ाना प्रशासन का दायित्व है। इस तरह से उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र का विकास कभी नहीं हो सकता है। ज्ञापन में लिखा है की आठ दिसंबर 2022 को पकड़े गये हाइवा गाड़ी को अभी तक रिलीज नहीं किया गया है। जबकि तीनों हाइवा गाड़ी का चालान वैद्य है। लेकिन थाना प्रभारी ओवर लोड बताकर और रात में 1.30 बजे बिना जांच पड़ताल कर एक गाड़ी छोड़ दिये, जबकि एक हाइवा अभी भी थाना में लगी हुई है, जो जांच का विषय है। संवेदक संघ के अध्यक्ष ने यह भी कहा है कि राज्य के विकास कार्यों में संवेदक अहम भूमिका निभाते हैं। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में जाकर भवन एवं पथ निर्माण का कार्य कराते हैं। इसमें प्रशासन के सहयोग के बिना होना संभव नहीं है। संवेदक संघ ने डीसी नैंसी सहाय व एसपी मनोज रतन चोथे से मांग किया है कि जांचोपरांत दोषी पाये जानेवाले पदाधिकारी पर उचित कार्रवाई की जाय, ताकि संवेदकों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। डीसी व एसपी से मिलनेवाले प्रतिनिधिमंडल में संवेदक संघ के सचिव मुकेश कुमार, संरक्षक दीपक कुमार, अजय कुमार सिंह, संजय उपाध्याय, उपाध्यक्ष विश्वेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने इसकी प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक झारखंड सरकार, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, पुलिस उपमहानिरीक्षक उतरी छोटानागपुर, प्रधान सचिव ग्रामीण विकास विभाग, उपायुक्त हजारीबाग, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग हजारीबाग को दिया है।

## प्रखंड स्तरीय सरकारी हॉस्पिटल में रात्रि डॉक्टर की सुविधा प्रदान करे सरकार : डॉ आरसी प्रसाद



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय सीएससी पीएचसी में डॉक्टरों स्वस्थ कर्मियों के कमी के कारण अनेकों प्रखंड स्तरीय सरकारी चिकित्सालय रात्रि में चिकित्सक विहीन हो जाते है, जिस कारण प्रसव पीड़िता, दुर्घटनाओं में घायल और सीरियस बीमार लोगों को जिला स्तरीय सदर अस्पताल या मेडिकल कॉलेज की ओर रूख करना पड़ता हैं। पीएचसी में आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने के बाद भी चिकित्सक के रात्रि मे नही रहने के कारण लाभ नहीं मिल रहा है। अपवाद को छोड़कर झारखंड के सभी सीएचसी चिकित्सालय में चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी का अभाव है। यह बातें कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने कहा। डॉ मेहता ने झारखंड सरकार से मांग किया की प्रखंड स्तरीय सरकारी अस्पतालों में आउटसोर्सिंग के जगह स्थाई चिकित्सक एवं स्वस्थ कर्मियों का बहाली किया जाए। एंबुलेंस की सुविधा भी आबादी के अनुपात में कम है जिस कारण मरीजों को प्राइवेट वाहनों से अस्पताल लाना पड़ता है, इसकी भी उपलब्धता होनी चाहिए।

## भाजपा की बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती हर बूथ में मनाने का निर्णय लिया गया



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र टाटीझरिया भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया प्रखंड ईकाई की बैठक मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती हर बूथ में मनाया जाएगा ,हर बूथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात भी उसी दिन 25 दिसंबर को सुनना है। इस कार्य को प्रभारी हर बूथ में करें और लाभ उठावें। प्रमुख और भाजपा मंडल महामंत्री संतोष मंडल ने कहा कि बूथ स्तर की कमिटी को जागृत करना है। भाजपा आज देश और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है,विश्व में नरेंद्र मोदी जी का डंका बज रहा है,उनका संदेश अपने गांव के लोगों को भी सुनना ही चाहिए। उनके मन की बात 25 दिसंबर को प्रसारित होगा,हर हाल में हमलोग उसे बूथ पीआर सुनवाने की व्यवस्था जरूर करें। बैठक में महामंत्री लक्ष्मण यादव, उप प्रमुख रवि वर्णवाल, एमके पाठक, रजनीकांत चौधरी,योधी प्रसाद यादव, कैलाश पति सिंह,अर्जुन राणा, कृष्णा साव, सुखदेव पाण्डेय, अजय सिंह,उपेंद्र पांडे, सहदेव यादव,प्रविल प्रसाद, बंधु महतो, ८विकास कुमार समेत अन्य उपस्थित थे ।

## बेयरफुट इंजीनियर का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास विभाग के दिशा निर्देश के अनुसार मनरेगा अंतर्गत बेयरफुट इंजीनियर का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ सूचना भवन मे प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार के द्वारा किया। संबोधन मे मजूमदार ने सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोगो का मनोबल बढ़ाया। परियोजना पदाधिकारी प्रभात रंजन एवम कार्यक्रम पदाधिकारी राजीव आनंद ने क्रमशः मनरेगा के अधिकार और त्रि स्तरीय पंचायत व्यवस्था पर प्रकाश डाला। शिविर मे इन आर एम एक्सपर्ट अभिषेक कुमार एवम अभियंता मनीष रंजन समेत सभी बीएफटी उपस्थित थे। गौरतलब है कि प्रशिक्षण मे सभी को सैद्धांतिक एवम प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान करते हुए क्षेत्र भ्रमण भी करवाया जाएगा।प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागी का विभाग के द्वारा परीक्षा भी प्रस्तावित है।

## बीडीओ ने कोयद आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच किया दो-दो स्वेटर का वितरण



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोयद पंचायत में बीडीओ रंथू महतो ने शुक्रवार को एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान बिरहोर टोली के आँगन बाड़ी के बच्चों के बीच में जोड़ा स्वेटर एवं कंबल का वितरण किया गया। बिरहोर परिवार ने कड़कड़ाती ठंढ में स्वेटर एव कंबल पाकर राहत की साँस लिया ।साथ ही पूरे कोयद पंचायत में प्रधानमंत्री आवास के 108 लाभुको ने पैसा लेकर आवास निर्माण पूर्ण नहीं किया है ।जिसका जाँच बीडीओ रंथू महतो सराढु पिकेट प्रभारी राजेश राम, के साथ में लंबित आवासो का जांच किया ।बीडीओ रंथू महतो ने बताया की जाँच में पाया गया की लाभुक पैसा लेकर आवास निर्माण पूरा नही करा पाये है ।उन सभी लाभुकों को एक सप्ताह के अंदर कार्य शुरू नही करायी गयी ।तो उन्हें अंतिम रूप से चेतावनी दी गई है कि एक सप्ताह के बाद कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ सरकारी लाभ से वंचित कर देने की बात कहि।

## क्विज प्रतियोगिता नगर भवन में संपन्न



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** नगर भवन टंडवा में इंडियन एयर फोर्स सेवारत बसंत कुमार द्वारा स्कुल क्विज प्रतियोगिता 2022 आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के अतिथि रौनियार जिला अध्यक्ष नथु प्रसाद गुप्ता,व्यवसायिक संघ अध्यक्ष विकास गुप्ता,प्रो.विगुल प्रासाद,आजाद सिपाही पत्रकार राजेश ठाकुर शामिल हुये। रौनक होटल इन,नायक स्टेशनरी ने प्रायोजक के रूप में सहयोग किया ।क्विज प्रतियोगिता में बारह स्कुल के छात्र छात्रा प्रतिभागी के रूप में शामिल हुये ।जिसमे दस राउंड की प्रश्नोतर दिये गये ।इसमें सीधा उत्तर देने वाले को 10 नंबर एव पास उत्तर देने वालो को बोनस 5 नंबर की नियम बनायी गयी थी ।जिसमे डीपीएस स्कुल कोशहा के नवम कक्षा की पल्लवी गुप्ता प्रथम,ज्योति पब्लिक स्कुल उरसु रौशन वर्मा नवम कक्षा द्वितीय,डीएवी पब्लिक स्कुल कक्षा पंचम मयंक चौधरी तृतीय विजेता बने ।विजेता एव उप विजेता प्रतिभागियो को ट्रॉफी एव सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया ।इस मौके पर प्रयोजक रौनक होटल इन ऑनर शंकर गुप्ता,नायक स्टेशनरी नीरज नायक,राकेश नायक,व्यवसायिक संघ अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता,नथु प्रसाद गुप्ता,स्वामी विवेकानन्द चेतना जागृति संघ अध्यक्ष पूर्व प्रो.बिगुल प्रासाद,छोटू गुप्ता,रंजीत गुप्ता,प्रतिभागी समेत सैकड़ो छात्र छात्रा शिक्षक शिक्षिका अभिभावक उपस्तिथ थे।

## कोल वाहनों से दुर्घटना, मृतक परिवारों को 20 लाख रुपये मुआवजा राशि दे सरकार : विधायक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सिमरिया मुख्य पथ एवं टंडवा खलारी पथ में मगध-आम्रपाली कोल परियोजना से निकलने वाली वाहनों में मानक वजन से अधिक कोयला लोडेड कर निकलने वाली गाड़ियों का परिचालन होने से आये दिन प्रति दिन दुर्घटना होने का मामला प्रमुखता से विधानसभा सत्र में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने आवाज उठाई। विधायक किशुन दास ने कहा सड़क के किनारे घर एवं उक्त सड़क पर चलने वाले ग्रामीण दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं ।इन सड़कों का निर्माण कोल परियोजना से निकलने वाली गाड़ियों के परिचालन के लिये नहीं बल्कि यात्रियों के आवागमन के लिए बनी है ।फिर भी कोयला लदे वाहनों का परिचालन किया जा रहा है ।इस बावत सदन के माध्यम से झारखंड सरकार को विधायक श्री दास ने कहा है कि उक्त परियोजना से निकलने वाले गाड़ियों का परिचालन बंद करने या दुर्घटना से बचाव हेतु उक्त सड़क का निर्माण 4 लेन में करने के साथ-साथ दुर्घटना पीड़ित परिवारों को 20-20 लाख रुपए मुआवजा राशि देने का विचार करे।

## अपने पति के संघर्षों को जारी रखूंगी : सिमरन राजीव जायसवाल



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** आईपीएल गोली कांड गोला मामला की घटना कांड में दोषियों को कोर्ट का फैसला सुनाई जाने के बाद कई दोषियों को सजा सुनाई गई है तथा कोर्ट द्वारा जेल भेजने का काम किया गया । इसी के तहत एक अभियुक्त राजीव जायसवाल भी शामिल हैं इस दौरान उनकी धर्मपत्नी सिमरन जयसवाल ने कहा कि मेरे पति राजीव जायसवाल पिछले कई वर्षो से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता की हर समस्या उनके हर सुख दु:ख में कदम से कदम मिलाकर चलने का काम किया है उसे मैं निरंतर जारी रखूंगी। उक्त बाते आज बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा क्रांतिकारी नेता राजीव जायसवाल की धर्मपत्नी सिमरन जयसवाल ने कही। आज सिकनी मोड़ में एक बैठक आयोजित की गयी जिसने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला,चितरपुर, रामगढ़ दुलमी से राजीव जयसवाल के समर्थक ओर उनके शूभचिंतक शामिल हुए. बैठक में मुख्य रूप यूवा क्रांतिकारी नेता राजीव जायसवाल की धर्मपत्नी सिमरन जयसवाल उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता संतोष तिवारी एवं संचालन सीएम महतो ने किया। वही बैठक को संबोधित करते हुए राजीव जयसवाल की धर्मपत्नी सिमरन जयसवाल ने कहा की आज मेरे पति राजीव जयसवाल जी को एक साजिश के तहत फंसाकर जेल भेज दिया गया है. उन्होने हजारों लोगों के विभीन्न मांगो को लेकर आंदोलन किया था। क्या लोगों के हक ओर अधिकार की लड़ाई लड़ना गुनाह है, लेकिन एक साजिश के तहत मेरे पति को फंसाया गया ओर उन्हे जेल भेज दिया गया है। उन्होने हमेशा रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की गरीब, शोषित, वंचित जनता के हक ओर अधिकार की आवाज को बुलंद किया।

## जिप उपाध्यक्ष ने कॉलेज को भेंट किया कंपयूटर, लोगों ने जताया आभार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिप उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी द्वारा शुक्रवार को सिमरिया डिग्री महाविद्यालय सिमरिया के छात्र छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक कंप्यूटर सेट भेंट किया। जिप उपाध्यक्ष ने निजी कार्यलय में महाविद्यालय प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार बक्सी को कम्प्यूटर प्रदान किया। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष ने छात्र छात्राओं के बेहतर भविष्य निर्माण को भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार बक्सी ने इस सामाजिक कार्य के लिए जिप उपाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर तिलेश्वर पासवान, गणेश कुमार समेत मौजूद थे।

## मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच की पहली आमसभा में नये पदाधिकारियों का चयन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में शुक्रवार को मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच की पहले आम सभा आयोजित की गयी। इस दौरान आम सभा में सत्र 2023 के लिए नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसमे, अध्यक्ष डॉ ए के बेरलिया, संस्थापक अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल, उपाध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल, मानद सचिन प्रभात अग्रवाल सह सचिव उमेश राजगढ़िया, कोषाध्यक्ष रवि अग्रवाल का चयन किया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य में आनंद कुमार चौधरी, ललित कुमार जैन, प्रकाश अग्रवाल, कमल बगड़िया, अजय अग्रवाल शामिल है। वही मंच के अध्यक्ष चुने जाने के बाद डॉ एके बेरलिया ने कहा कि समाज के बच्चों को प्रोत्साहित कर उनकी छिपी प्रतिभा को सामने लाने की जरूरत है, बच्चों को सम्मानित करने से अन्य बच्चों में भी प्रतिभा के प्रति उत्साह जागेगी।

## विधायक अंबा के नेतृत्व में पीवीयूएन के ठेका श्रमिकों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में पीवीयूएनएल, पतरातू के ठेका श्रमिकों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके कार्यालय में शुक्रवार को मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में बताया गया कि संबंधित श्रमिक त्रिपक्षीय समझौता से आच्छादित है एवं महाप्रबंधक (कार्मिक एवं सामान्य प्रशासन) झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के कार्यालय आदेश संख्या- 2022, दिनांक - 24/10/2014 के तहत निर्धारित वेतनमान पाते हैं जो सात साल पुराना हो चुका है तथा नियमानुसार निर्धारण (पुणरीक्षण) के समय हो चुका है ये सभी श्रमिक अभी पीवीयूएन के अधीन कार्यरत हैं इनकी सेवा झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा (पीवीयूएन) को सौंपी गयी है । झारखंड पावर वर्कर्स यूनियन शाखा पीवीयुएन पतरातू द्वारा मजदूरी पुणरीक्षण की मांग वर्ष 2019 से की गई है जो अभी तक लंबित है, श्रमिकों ने समान काम के समान वेतन के आधार पर माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के आलोक में न्यूनतम वेतन की मांग की है साथ ही श्रम नियमानुसार श्रमिकों के ओवर टाइम काम के घंटे चिकित्सा भता समय-समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ता,चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, एवं इ0पी0एफ0 राशि सीधे श्रमिकों के खाते में जमा के लिए मांग की गई है । मांगों के चर्चा के क्रम में स्पष्ट किया गया है कि त्रिपक्षीय समझौता के वेतन को बिना श्रमिकों के सहमति के हेराफेरी किया गया है। श्रमिकों की समस्याओं को विस्तार पूर्वक जानकारी लेने के बाद शीघ्र समाधान कार्रवाई करने की बातें मुख्यमंत्री ने कहा । इस मौके पर नरेश महतो, सुरेश साव, विजय कुमार राय, विजय साहू, अखिलेश शर्मा, बिगन महली एवं विश्वनाथ महतो उपस्थित थे ।

### सुशासन सप्ताह को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का डीसी ने किया शुभारंभ, कहा

## लोगों की समस्याओं के लिए जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ करें कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** भारत सरकार के निर्देश पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस को लेकर 19 से 25 दिसंबर तक पूरे देश में मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को जिला समाहरणालय के सभागार से डीसी माधवी मिश्रा ने शुभारंभ किया। डीसी माधवी मिश्रा ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को 25 दिसंबर को मनाए जाने वाले सुशासन दिवस की पूर्व में शुभकामनाएं दी। उन्होंने 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के तहत सभी अधिकारियों को केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न पोर्टलों अन्य माध्यमों से प्राप्त आम जनों की शिकायतों को विशेष ध्यान देते हुए तीव्र गति से व नियमित रूप से निष्पादित करने का निर्देश दिया।



### समाज के विकास में अधिकारियों एवं कर्मियों का योगदान अहम

कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि पूर्व में ऐसा देखा जाता था कि लोग सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालय तक आते थे, लेकिन वर्तमान में सरकार व प्रशासन का यह उद्देश्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उनकी योग्यता के हिसाब से उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। समाज के विकास में आप सभी अधिकारियों एवं कर्मियों का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए आप सभी अपने कार्यों व दायित्वों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता, जिम्मेदारी व संवेदनशीलता के साथ करें।

### डीडीसी ने सुशासन के महत्व पर डाला प्रकाश

कार्यशाला को संबंधित करते हुए डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा ने इतिहास के कई महत्वपूर्ण घटनाओं के माध्यम से सुशासन के महत्व के प्रति सभी को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सरकार ई गवर्नेंस, विभिन्न पोर्टलों, सूचना का अधिकार अधिनियम, सेवा का अधिकार अधिनियम सहित कई अन्य माध्यमों से आम जनों की शिकायतों व उनकी समस्याओं के समाधान का कार्य कर रही है, जिसमें आप सभी अधिकारियों व कर्मियों का योगदान बहुत बड़ा है। इस दौरान डीडीसी ने सभी से महात्मा गांधी के सुशासन के सपने को सच करने के लिए शपथ लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की।

### सुशासन के तहत किये जा रहे कार्यों को लेकर अधिकारियों ने रखे अपने अपने विचार

कार्यशाला के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुदर्शन मुर्मू, जिला भू अर्जन पदाधिकारी लिली एनोला लकड़ा, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने सुशासन के तहत उनके-उनके कार्यालय के द्वारा सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने व लोगों की समस्याओं व शिकायतों को दूर कर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से किये जा रहे विकास कार्यो की दी गयी जानकारी

कार्यशाला के दौरान पीपीटी प्रेजेंटेशन, लघु फिल्म आदि के माध्यम से रामगढ़ जिले में सुशासन के तहत किए गए कार्यों से संबंधित जानकारियां दी गयी। कार्यशाला का संचालन कार्यपालक दंडाधिकारी सह स्थापना उप समाहर्ता हरीनाथ महतो ने किया गया। कार्यशाला में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## लोक सुनवाई में ग्रामीणों के भूमिहीन होने का मुद्दा गरमाया, निर्माण से पूर्व पौधरोपण करने की उठी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू ।** बोंगावार पंचायत सचिवालय में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के बैनर तले पर्यावरण मंजूरी के संबंध में भारतमाला परियोजना अंतर्गत वाराणसी - कोलकाता एक्सप्रेस - वे निर्माण को लेकर लोक सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामगढ़ के एसी नेल्सन एयोन बागे, क्षेत्रीय अधिकारी झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद हजारीबाग अशोक कुमार यादव, परियोजना निदेशक एनएचएआई रामगढ़ अरविंद कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक एनएचएआई डॉ विनय कुमार यादव, पर्यावरण अभियंता झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद हजारीबाग प्रतिभा प्रिया, मांडू बीडीओ सुधीर प्रकाश, एनएचएआई के साइट इंजीनियर सुंदरम पांडेय, कलीम अंसारी, वार्ड पार्षद हेमनी देवी शामिल रहे। लोक सुनवाई कार्यक्रम में रामगढ़ जिले में कुल प्रस्तावित लंबाई 25.400 किलोमीटर के पर्यावरण मंजूरी दिए जाने पर चर्चा की गयी।

### एनएचआइ अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा

लोक सुनवाई के दौरान एनएचएआई के अधिकारियों ने ग्रामीणों के समक्ष भारतमाला परियोजना में एक्सप्रेस- वे निर्माण की मुख्य उद्देश्य और झारखंड राज्य को दो राज्यों के बीच समय की बचत के साथ सुगम यात्रा के बारे में जानकारी दी। वही, परियोजना से सुदूरवर्ती ग्रामीणों और शहर वासियों को जोड़नेका कार्य किया जाएगा। वही, जुड़ने पर इन क्षेत्रों में विकास पर विशेष जोर और ग्रामीणों को कई संसाधनों के साथ उपलब्ध कराएगी।

### निर्माण से पूर्व करें पौधरोपण की व्यवस्था : ग्रामीण

लोक सुनवाई कार्यक्रम में आसपास के दर्जनों ग्रामीणों ने 4/6 लेन निर्माण व क्षेत्र से गुजरने वाली भारतमाला परियोजना के बारे में अपनी- अपनी बातों को अधिकारियों के समक्ष रखने का कार्य किया। ग्रामीणों में अमर पंडा, रामू मुर्मू, रामसहाय बेदिया, अर्जुन प्रजापति, महफूज अंसारी, सुरेश कुमार रजक, लाली बेदिया, प्रेम प्रजापति, प्रकाश महतो, आरती देवी ने कहा कि पूर्व में फोरलेन गुजरी है। अब सिक्सलेन का निर्माण कार्य होना है।

### लोक सुनवाई के दौरान भूमिहीन होने का गरमाया मुद्दा

ग्रामीणों द्वारा अपनो को भूमिहीन होने संबंधित मामले को अधिकारियों के समक्ष रखा। जहां अधिकारियों ने कहा कि जमीन से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि पर्यावरण मंजूरी को लेकर यह लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है। वही, दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि उनका अपना कोई रैयती जमीन नहीं है। वे गैरमजरूआ भूमि पर अपना घर मकान बनाकर खेती बारी कर जीवन यापन करते आ रहे हैं। ऐसे में हमारी जमीन पर सड़क निर्माण होने से हम लोग भूमिहीन हो जाएंगे।

### गुड गवर्नेंस वीक के तहत जिला में सुशासन पर कार्यशाला का आयोजन

## जनता को न्याय त्वरित गति से समयावधि में मिले : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** बीते अक्टूबर एवं नवम्बर माह में सरकार आपके द्वार के तहत आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सुशासन का सबसे बड़ा उदाहरण है। इसके तहत प्रशासन संवेदनशीलता के साथ ग्रामीणों को उनके पास जाकर योजनाओं का लाभ पहुंचाया ।गुड गवर्नेंस का मुख्य मकसद सुशासन की शपथ एवं प्रशासन गांव की ओर है। यह बात उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय सभागार में आयोजित गुड गवर्नेंस विषय पर आयोजित एक जिलास्तरीय कार्यशाला में संबोधन के दौरान कही उन्होंने बताया कि सुशासन के तहत ही भारत सरकार का ऑनलाइन पोर्टल विकसित की गई है जिसके माध्यम से आमजन अपने समस्याओं को ऑनलाइन ट्रैक कर सकते हैं ।जनता को दिया जाने वाले लाभ सेवा भाव से हो ।जनता के अधिकार सुनिश्चित हो। दुर्गम क्षेत्रों के जनता जो गरीबी,लाचारी एवं नक्सलवाद का दंश झेलने को विवश हैं उनके समस्याओं का समाधान सुशासन का प्रमुख ध्येय होना चाहिए ।उन्होंने कहा कि प्रशासन सुशासन की ओर बढ़े और जनता तो त्वरित गति से न्याय मिले। हमे सुशासन के प्रति संवेदनशील होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्राउंड स्तर पर सरकारी कार्यशैली में प्रत्येक कर्मियों को समय पर कार्यालय पहुंच के अपने दायित्वों का निर्वहन का प्रण लें ।उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मियों को अपने कार्य के प्रति जवाबदेह तय हो। उन्होंने सुशासन के दौर में आये सूचना एवं संचार तकनीकी के अनुप्रयोग के बारे में भी विस्तृत पूर्वक जानकारी साझा की ।साथ ही लोगों को बैंकिंग सुविधा का लाभ सुलभ तरीके से प्राप्त हो इसके लिए प्रचार प्रसार कराने की बात कही। उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन की प्रति जनता की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। अपने संवैधानिक अधिकारों के साथ साथ अपने दायित्वों को भी समझे। साथ ही उपविकास आयुक्त ने सुशासन अवधारणा के इतिहास एवं इसके वर्तमान परिपेक्ष्य के बारे में भी विस्तृत जानकारी साझा की।

## तमन्ना वर्मा को नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में चुने जाने पर आजसू पार्टी ने किया सम्मानित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** चोरधरा पंचायत के तमन्ना वर्मा के नेशनल आर्चरी चैम्पियनशीप में चुने जाने पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के निर्देश पर शुक्रवार को लपंगा निवासी शेखर वर्मा एवं रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा को सम्मानित किया। इस दौरान आजसू कार्यकताओं ने तमन्ना वर्मा के माता-पिता को अंग वस्त्र देकर व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि तमन्ना सिल्ली स्थित भगवान बिरसा मुंडा आर्चरी अकादमी में ट्रेनिंग ले रही है। तमन्ना की अनुपस्थिति में उनके माता-पिता को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर आजसू पार्टी ने सम्मानित किया है।

## भाजपा भदानीनगर मंडल की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कुरसे फोरलेन स्थित हवेली रेस्टोरेंट के सभागार में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी भदानीनगर मंडल के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र करमाली व संचालन मंडल महामंत्री सागर कुमार दांगी ने किया। बैठक में जिला की ओर से मिले निदेर्शानुसार मंडल की सभी बूथों में 25 दिसंबर को भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाने पर सहमति जताई गई। साथ ही इसी दिन पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रेरित भी किया गया। कहा गया कि 25 दिसंबर को गूगल पर जाकर वेबसाइट के माध्यम मन की बात सुनना है। साथ ही अपनी-अपनी फोटो भी अपलोड करनी है। कहा गया कि सभी बूथों पर अध्यक्ष अपने कमेटियों के साथ पीएम मोदी की मन की बात सुनेंगे। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, राजेंद्र प्रसाद, मंत्री अनिल सिंह खरवार, डीएन त्रिपाठी, राजेंद्र मुंडा, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मिहिलाल बेदिया, मीडिया प्रभारी आनंद कुमार आदि मौजूद थें।

## बकाया मजदूरी का भुगतान करने का आदेश निर्गत : नरेश मंडल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) का गुरुवार को भुरकुंडा कोलियरी के हाथीदारी खदान में पीट मीटिंग हुई। इसकी अध्यक्षता शाखा सचिव लखेन्द्र राय ने की। पिट मीटिंग को संबंधित करते हुए लखेन्द्र राय ने कहा कि हमारे संगठन ने जो वादा किया उसे निभाया। उन्होंने कहा कि मजदूरों का 13 दिनों का बकाया जल्दी भुगतान हो जाएगा। मीटिंग में सयुंक्त सलाहकार संचालन समिति के सदस्य नरेश मंडल ने जानकारी देते हुए कहा कि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार के अथक प्रयास के कारण बरका-सयाल एरिया अन्तर्गत कार्यरत्त दैनिक कामगारों को विगत 16 फरवरी से 28 फरवरी 2022 तक का जो भी मजदूरी बकाया है उसका भुगतान का आदेश 20 दिसम्बर को सीसीएल के द्वारा निर्गत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 के बाद बहाल हुए मासिक कामगारों को भी उपरोक्त मजदूरी का भुगतान फरवरी 2023 तक कर दिया जाएगा। सीसीएल सुरक्षा समिति सदस्य विकास कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि लगातार तीसरी बार मे हमारे नेता कॉमरेड रमेन्द्र कुमार को एटक का राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। यह पूरे कोयलांचल के लिए गर्व की बात है।

## फरीद अंसारी पंचायत के युवाओं को कर रहे हैं खेल के प्रति प्रोत्साहित

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** दुर्गी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य फरीद अंसारी अपने पंचायत के युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने में भरपूर सहयोग दे रहे हैं। फुर्सत के पल में पंचायत समिति सदस्य अंसारी युवाओं को प्रशिक्षण भी देते हैं जिससे दुर्गी पंचायत के खिलाड़ी जिले व राज्य में अच्छा प्रदर्शन कर सके ।इसी कड़ी मे श्री अंसारी ने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते हुए उन्हें क्रिकेट किट मुहैया कराया है जिससे खिलाड़ियों सहित ग्रामीणों ने उनके द्वारा किये गए कार्यो की सराहना किया। पंचायत समिति सदस्य फरीद अंसारी ने कहा कि युवा खिलाड़ियों को खेल भावना से अपने खेल का प्रदर्शन करने में खिलाड़ियों को संसाधन व प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है जिससे खिलाड़ी बिना संकोच बेहतर खेल का प्रदर्शन कर सके।

## 85 लोगों को मिला बत्तख का चूजा

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बत्तख चूजा वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड के विभिन्न गांव से आए पचासी ग्रामीणों को बत्तख के 15 ,15 चूजे दिए गए इस अवसर पर प्रमुख कौशल्या देवी ने कहा कि सरकार के द्वारा या चूजा उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए दे रही है इसीलिए सरकार के विचार को आत्मसात करते हुए इन चीजों बेहतर तरीके से देखभाल करें और फिर अंडा बेचकर अपने घरों की आर्थिक स्थिति को सुधार करें।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं.: ELOP-T-16-2022

कार्य का नाम : 02(दो) वर्षो की समयावधि के लिए रियायती (SUBSIDIZED) दर पर भोजन की व्यवस्था सहित अनुगुल स्थित क्रू लॉबी एवं रनिंग रुम का रख-रखाव।

विज्ञापित मूल्य (रुपये में): 1,51,01,466.42, EMD (रुपये में): 2,25,500/-, निविदा दस्तावेज की लागत(रुपये में): 5,900/-, पूरा होने की अवधि : 730 दिन, प्रस्ताव की वैधता : 60 दिन।

बिड प्रारंभ होने की तिथि: दिनांक : 29.12.2022

निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक: 12.01.2023 को 1530 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता(OP) खोरधा रोड

PR-842/N/22-23

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: Sr.DMM/SBP/Stores/ Tender Publication/06, दिनांक : 21.12.2022

निविदा सं.40225806, आइटम का विवरण : मुख्य विद्युत अभियन्ता/पूर्व तट रेलवे/भुवनेश्वर विनिर्देश सं. CEE/GS/VSPUMP/5-04 के अनुसार स्पेयर्स, उपकरण एवं टूल को मिलाकर ऑटो ट्रांसफॉर्मर टाइप स्टार्टर पैनल सहित VS पम्प, डिस्चार्ज: 94.44mtr Bowl हेड न्यूनतम में 94.58 m3/hr, Bowl क्षमता :78%, SUR डिस्चार्ज हेड-16-1/12 inch x 8 inch-AB, कॉलम असेम्बली -8 inch x 1-3/16 inch (THD), लूब्रिकेशन-सेल्फ वाटर, 3-फेज, 415 वोल्ट, 50 Hz की डिजाइन, आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण एवं शुरुआत, मेक- WPIL अथवा GRW अथवा KIRLOSKAR अथवा JYOTI अथवा तत्समान।

निविदा मूल्य (रुपये में): 35,42,350/-, EMD @ 2% (रुपये में): 70,850/-

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक : 13.01.2023 को 1500 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

मण्डल सामग्री प्रबंधक/ सम्बलपुर

PR-839/N/22-23

**उत्तर रेलवे**

G20 भारत 2023 INDIA

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भण्डार मदों की आपूर्ति हेतु आमंत्रित निविदा इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/ उत्तर रेलवे/भण्डार डिपो/यांत्रिक कारखाना/अमृतसर द्वारा संभरणकर्ताओं से निम्नलिखित मदों के लिए - निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 62225094E | 3/4 Inch Dia Lock Bolt and Collar for 3/4 Inch dia Lock Bolt. Grip Range of 3/4 Inch Dia Lock Bolt (min=1.000 Inch & max= 1.250 Inch) to RDSO Drg. No. WD-11036-S-01 Alt: Nil & WD-11036-S-02 alt: NIL | 29400 SET | 09.01.2023 |

निविदा शर्तें: ireps की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक विक्रेताओं को ई-टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण-पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त करना होगा। हस्तलिखित निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: 30/2022-2023 दिनांक: 19.12.2022 3416/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पॉक्सो कानून में बदलाव का मसला

केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्री ने राज्यसभा में बताया है कि सरकार सहमति से शारीरिक संबंध बनाने की न्यूनतम उम्र कम करने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही। सरकार के इस रुख की अहमियत इस संदर्भ में है कि पिछले कुछ समय से सहमति से सेक्स के लिए न्यूनतम उम्र में बदलाव की जरूरत कई कोनों से रेखांकित की जा रही थी। हाल ही में देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने भी कहा था कि विधायिका को इस पहलू की ओर ध्यान देना चाहिए। इससे पहले एकाधिक हाइकोर्ट ध्यान दिला चुके हैं कि मौजूदा कानूनी प्रावधानों के चलते पॉक्सो यानी प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंसेज ऐक्ट को उसके शब्दों और भावनाओं के अनुरूप लागू करने में दिक्कत हो रही है। हाल में हुए कई अध्ययनों से भी यह बात सामने आयी है कि पॉक्सो के तहत जो मामले दर्ज कराये जा रहे हैं, उनमें से ज्यादातर रोमांटिक रिश्तों के होते हैं जिनके पीछे दोनों पक्षों की सहमति होती है। ऐसी ही एक रिपोर्ट में कहा गया कि ऐसे रोमांटिक रिश्तों के 80 फीसदी से अधिक मामलों में शिकायत लड़की के माता-पिता या रिश्तेदारों की ओर से की गयी थी और इनमें से करीब 88 फीसदी मामलों में जांच के दौरान लड़की ने स्पष्ट तौर पर स्वीकार किया कि संबंध सहमति से बनाये गये थे। कानून के जानकारों के मुताबिक, ऐसे मामलों में जजों के सामने दुविधा पैदा हो जाती है। चूंकि पॉक्सो कानूनों के तहत अत्यधिक सख्त सजा का प्रावधान है और इसमें 18 साल से कम उम्र के बच्चों की सहमति को रजामंदी नहीं माना जाता, इसलिए एक नजरिया कहता है कि सहमति की ओर ध्यान दिए बगैर अपराधी को कानून के मुताबिक सजा सुनायी जाये। दूसरी तरफ इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि पॉक्सो कानून का मकसद बच्चों को यौन उत्पीड़न से बचाना है, उनकी यौन इच्छाओं का अपराधीकरण करना नहीं। ऐसे में स्वाभाविक ही विधायिका से उम्मीद की जा रही है कि वह कानून के शाब्दिक प्रावधानों और उसके पीछे की भावनाओं में उभरते अंतर्विरोध पर विचार करके उसे मिटाने का कारगर उपाय करे। विभिन्न रिपोर्टों में यह बात कही जा चुकी है कि ऐसे ज्यादातर मामलों में लड़की की उम्र 16 से अधिक पायी गयी है। यानी अगर न्यूनतम उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल कर दी जाये, तो सहमति के तहत बने ये रिश्ते अपराध नहीं रह जायेंगे।

**पॉक्सो कानूनों के तहत अत्यधिक सख्त सजा का प्रावधान है और इसमें 18 साल से कम उम्र के बच्चों की सहमति को रजामंदी नहीं माना जाता, इसलिए एक नजरिया कहता है कि सहमति की ओर ध्यान दिए बगैर अपराधी को कानून के मुताबिक सजा सुनायी जाये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**साझा भविष्य की दृष्टि के साथ, भारत जी-20 की अध्यक्षता वाले वर्ष को एक अवसर के रूप में देखता है। सदी में एक बार होने वाली विघटनकारी वैश्विक महामारी, वैश्विक संघर्षों, आसन्न जलवायु संकट और आर्थिक अनिश्चितता के बाद के प्रभावों के साथ, दुनिया वर्तमान में अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में अधिकांश वैश्विक ताकतें, कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों की रक्षा करने और उनकी आजीविका को संरक्षित करने पर केंद्रित रहीं हैं।**

# वैश्विक संघर्षों में कमी, कार्बनीकरण में कमी, विकास और डिजिटलीकरण से जुड़े 4डी के जरिये समाधान



**जी किशन रेड्डी**




पिछले पखवाड़े में, जब से भारत ने जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है, दुनिया ने भारतीय अतिथि सत्कार के सार को अतिथि देवो भवः की उक्ति में निहित देखा है - अतिथि, भगवान स्वरूप होते हैं। साझा भविष्य की दृष्टि के साथ, भारत जी-20 की अध्यक्षता वाले वर्ष को एक अवसर के रूप में देखता है। सदी में एक बार होने वाली विघटनकारी वैश्विक महामारी, वैश्विक संघर्षों, आसन्न जलवायु संकट और आर्थिक अनिश्चितता के बाद के प्रभावों के साथ, दुनिया वर्तमान में अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में, अधिकांश वैश्विक ताकतें, कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों की रक्षा करने और उनकी आजीविका को संरक्षित करने पर केंद्रित रहीं हैं। हालांकि, इनमें से कई अनिश्चितताएँ आज भी विद्यमान हैं। भारत की अध्यक्षता दुनिया को 4डी पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर देती है, ताकि संघर्षों को कम किया जा सके; त्वरित, न्यायसंगत और समावेशी विकास के लिए तेजी से डिजिटलीकरण हो सके तथा जलवायु संकट से मुकाबले के लिए कार्बनीकरण में कमी लाने को ध्यान में रखते हुए युक्तिसंगत रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए प्रयास किया जा सके।

**2005 और 2021 के बीच, भारत 415 मिलियन लोगों को बहुपक्षीय गरीबी से बाहर निकालने में सफल रहा है।**

### वैश्विक संघर्षों में कमी और कूटनीति

सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान अपने रूसी समकक्ष के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए की प्रतिध्वनि दुनिया भर में सुनायी दी। यह रूस-यूक्रेन संघर्ष पर जी-20 की संयुक्त घोषणा का आधार वाक्य भी बना। जी-20, वैश्विक संघर्षों को कम करने के लिए समर्थन जारी रखने का अवसर भी प्रदान करता है।

विभिन्न देशों के साथ सहयोग और नियम-आधारित बहुपक्षवाद को बढ़ावा देना भारत की विदेश और आर्थिक नीति के मौलिक सिद्धांत रहे हैं। भारत कई बहुपक्षीय संगठनों का सदस्य है और इनमें से प्रत्येक ने दुनिया को एक सुरक्षित और अधिक संरक्षित स्थान बनाने में रचनात्मक भूमिका निभायी है। भारत विकासशील देशों की चिंताओं को मुखर समर्थन देने और यह सुनिश्चित करने में भी सक्षम रहा है कि उनके हितों की रक्षा की जानी चाहिए। जी-20 की अध्यक्षता, भारत को उन बड़े शक्तिशाली राष्ट्रों, जिनमें वह भी एक है और छोटे, विकासशील राष्ट्र, जो उस पर भरोसा करते हैं; के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने का अवसर भी प्रदान करती है।

### डिजिटलीकरण और विकास के अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाना

2005 और 2021 के बीच, भारत 415 मिलियन लोगों को बहुपक्षीय गरीबी से बाहर निकालने में सफल रहा है। पिछले 8 वर्षों में, हमने प्रौद्योगिकी के उपयोग और विशेष रूप से डिजिटलीकरण के माध्यम से गरीबी उन्मूलन से जुड़े कार्यों में तेजी देखी है। 2014 में, भारत ने सरकार के नेतृत्व में एक अभियान की शुरुआत की, जिसके तहत बैंकिंग प्रणाली से बाहर रहे गरीबों और वंचितों के लगभग 500 मिलियन बैंक खाते खोले गए, जिनमें 260 मिलियन महिलाएं शामिल थीं। भारत की डिजिटल पहचान प्रणाली - आधार और एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआइ) के जरिये, व्यक्तिगत स्तर पर नये तौर-तरीकों के साथ, जनकल्याण से जुड़े धन अंतरण के लक्ष्य पूरे किये गये हैं। 1980 के दशक में एक पूर्व प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की थी कि अंतिम लाभार्थी तक केवल 15 प्रतिशत (1 रुपये में 15 पैसे) ही पहुंच पाता है। 2020 में, जब दुनिया वैश्विक महामारी से जूझ रही थी, भारत महत्वपूर्ण लक्षित नकद अंतरण के माध्यम से सर्वाधिक गरीब लोगों की आजीविका को सुरक्षित करने में सक्षम रहा। आज भारत की जनसंख्या के विशाल पैमाने पर उपलब्ध पहचान प्रणाली और वास्तविक समय पर भुगतान प्रणाली से जुड़ी विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, शेष दुनिया के लिए एक मॉडल है। कोविड-19 संकट के दौरान भी, वैक्सीन प्लेटफॉर्म झ कोविन - ने भारत को अपने टीकाकरण प्रयासों को विस्तार देने और 2 बिलियन से अधिक खुराकें देने में बहुत सहायता की। विकसित और विकासशील दुनिया इन प्रणालियों का अनुकरण कर सकतीं हैं तथा भारत को अपने अनुभव और सीख को बाकी दुनिया के साथ साझा करने में खुशी होगी।

### विकास और अकार्बनीकरण

जैसे-जैसे भारतीय अर्थव्यवस्था विकसित होगी और भारत के लोग अधिक समृद्ध होते जायेंगे, भारत की ऊर्जा संबंधी जरूरतें भी बढ़ेंगी। वर्ष 2015 में, पेरिस में हुए कॉप-21 शिखर सम्मेलन में, भारत ने 2030 तक अपने कुल बिजली उत्पादन का 40 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से हासिल करने का वादा किया था। इस लक्ष्य को लगभग एक दशक पहले ही नवंबर 2021 में हासिल कर लिया गया। भारत ने दुनिया के सामने इस बात का उदाहरण पेश किया है कि विकास का एजेंडा और पर्यावरण रक्षा की कवायदबिना किसी बाधा के एक-दूसरे के साथ-साथ चल सकते हैं।

भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) जैसी बहुपक्षीय पहल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्सर जलवायु न्याय झ अलग-अलग जिम्मेदारियों के साथ एक ऐसा न्यायसंगत ढांचा जहां विकसित देश जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी में बदलाव की प्रक्रिया की अगुवाई करें- के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के बारे में बात की है। भारत के पास इस वार्ता को जी-20 में जारी रखने और यह सुनिश्चित करने की विश्वसनीयता हासिल है कि इन अलग-अलग जिम्मेदारियों का पालन हो।

### संयुक्त समृद्धि का साझा भविष्य

भारत ने अपने विचारों और ज्ञान को दुनिया के भौगोलिक और सांस्कृतिक विभाजनों के परे जाकरमुक्त रूप से साझा किया है। जी-20 में भारत की अध्यक्षता का विषय एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य महा उपनिषद के संस्कृत वाक्यांश वसुधैव कुटुंबकम झ समूचा विश्व एक परिवार है- से प्रेरित है। यह विषय न केवल हमारे प्राचीन दर्शन को प्रतिध्वनित करता है, बल्कि उत्तरदायित्व, कार्रवाई और समृद्धि के लिए एक संयुक्त आह्वान की राह भी निर्धारित करता है। भारत की 20,000 भाषाओं और विविध संस्कृतियों में, एक साझा वैश्विक भविष्य और आपस में जुड़ी एक विश्व व्यवस्था का विचार एक आम विषय है। छठी शताब्दी ईसा पूर्व के प्रसिद्ध तमिज कवि कनियान पूनगुनरानार ने लिखा था, इस पृथ्वी पर स्थित सभी स्थान हमारे शहर हैं और सभी लोग हमारे रिश्तेदार हैं, हम सभी के पूर्वजएक ही हैं। ये दर्शन हमें न सिर्फ पीढ़ी-दर-पीढ़ी सौंपे गये हैं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय चेतना में भी अंतर्निहित हैं। अब यह नियमित रूप से दिखायी देता है कि भारत कैसे दुनिया के साथ जुड़ता है। संकट के समय और एक भयानक वैश्विक महामारी के दौरान, भारत ने 150 से अधिक देशों को कोविड-19 से संबंधित चिकित्सीयएवं अन्य सहायता उपलब्ध करायी। वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम के माध्यम से, भारत ने 94 देशों और दो संयुक्त राष्ट्र संस्थाओं को कोविड के टीकेकी लगभग 75 मिलियन खुराकें प्रदान की है। रूस और यूक्रेन के बीच शत्रुता के दौर में, भारत सरकार ने न सिर्फ 90 से अधिक उड़ानें संचालित करके 22,500 भारतीय छात्रों को निकाला, बल्कि लगभग 20 देशों के 150 से अधिक विदेशी नागरिकों को भी बचाया। अब जबकि भारत ने जी20 की अध्यक्षता ग्रहण कर ली है, अमृत काल के हिस्से के रूप में अगले 25 वर्षों के लिए उसने खुद के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वह संयुक्त समृद्धि के साथ-साथ एक साझा वैश्विक भविष्य का आधार बन सकता है। कार्रवाई और विकास की ओर उन्मुख यह अध्यक्षता एक ऐसी नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के लिए प्रयास करेगी जो अंतरराष्ट्रीय शांति को बढ़ावा दे और एक स्थायी, समग्र एवं समावेशी तरीके से न्यायसंगत और समानता पर आधारित विकास की हिमायत करे और ऐसा बिल्कुल ही संभव है।

**(लेखकः भारत सरकार में केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री हैं।)**

# एक उदाहरण बन गयी वह सुनामी



**हेम श्रीवास्तव**

26 दिसंबर 2004। ठीक 18 बरस पहले क्या हुआ था? 25 दिसंबर की रात बीती थी 2004 का वर्ष था। 26 दिसंबर की भोर में भारत के पूर्वी तटों पर समुद्र स्नान करने गये और सुंदर दृश्य का आनंद लेने गये लोगों के साथ एक वीभत्स घटना घटी थी, जिसे अब तक की सबसे भयंकर सुनामी कह सकते हैं। उसके पहले सुनामियों को लोग ज्यादा तरजीह नहीं देते थे, क्योंकि यह वीरान तटों पर घटा करती थी, लेकिन इसकी भयंकरता को उसी समय से ठीक से समझा गया, जब समुद्र में 10 मीटर के बराबर ऊंची लहरें अचानक से आयी और समुद्र तट को निगल गयी।

समुद्र पर आनंद ले रहे हजारों लोग प्राण बचाने को उलटी दिशा में भाग खड़े हुए, परंतु कहां कहते हैं कि उस सुनामी में सैकड़ों एटम बमों का पावर था और वह किनारों को ही बहा ले गयी। तटों पर बसे हुए घर प्रतिष्ठान इत्यादि सब कुछ डूब गये, भयंकर बाढ़ आयी, भारत के पूर्वी तट पर जिसमें अंडमान भी था और इसी सुनामी में भारत का प्रसिद्ध पिगमालियन प्वाइंट अर्थात इंदिरा प्वाइंट भी डूब गया, जो कि भारत का दक्षिणतम छोर कहा जाता था।

पर्यटन स्थल बुरी तरह प्रभावित हुए और सैकड़ों लोगों की जान गयी दलदल और बाढ़ का ऐसा मंजर था कि राहत एवं बचाव कार्य भी निष्फल हो रहा था। तो क्या सुनामी आना कोई अनिष्ट कारी घटना है?

जी, सुनामी एक प्राकृतिक घटना है जो आंधी तूफान और बाढ़ और तरह-तरह के प्राकृतिक क्रिया कलापों का ही एक हिस्सा है, तब यह सुनामी इतनी विध्वंसक क्यों हो जाती है? ऐसा इसलिए होता है क्योंकि समुद्र तटों को प्राकृतिक रूप में रहने नहीं दिया गया। उन्हें पर्यटन स्थल तथा अन्य व्यवसाई कारणों से जो विकसित किया गया उसके कारण उसकी प्राकृतिक संरचना नष्ट होती है। समुद्र में कई प्राकृतिक उपाय दे रखे हैं कि लहरें मारक ना हो सके।

पहला यह है कि समुद्र के किनारे होती हैं। समुद्र में डूबी हुई चट्टाने, जो की लहरों की मारक क्षमता को तट पर आने से रोकती हैं परंतु पर्यटन स्थल विकसित करने एवं नौका विहार इत्यादि के लिए इन चट्टानों को तोड़ा जाता है या हटाया जाता है फिर समुद्र में डूबी हुई और तट पर फ्रिंज एरिया में झाड़ियां होती हैं। यह लहरों से आती हुई मारक क्षमता को और भी कम कर देती हैं इसके अलावा समुद्र पर बड़ी लंबी श्रृंखला रेत की होती है, यह रेत का क्षेत्र भी लहरों की विध्वंसक ताकत को कम करता चला जाता है, परंतु तटों को विकसित करने के लिए न केवल झाड़ियों को हटाया गया है बल्कि रेत के इलाके भी बुरी तरह प्रदूषित हो गये हैं और कम हो गये हैं। इससे लहरें जो ऊर्जा लेकर आती हैं, तटों पर कहीं अधिक प्रबलता से वार कर पाते हैं। इस कारण भी लहरें किनारों को चोट पहुंचाती हैं और प्राकृतिक रूप से उठी हुई सुनामी बड़ी प्राकृतिक चोटे करती हैं।

2004 में जो घटनाएं घटी थी जिसमें सैकड़ों लोग हताहत हुए थे उसमें इसी प्रकार से प्रकृति से छेड़खानी का नतीजा बता सकते हैं और एक बड़ी बात है कि समुद्र तट के किनारे स्थाई बनावट कभी भी प्रकृति के लिए अच्छे नहीं होते हैं। समुद्र तट पर कच्चे निर्माण ही होने चाहिए अधिक से अधिक और रेत के क्षेत्र को बिल्कुल भी खेड़ा नहीं जाना चाहिए। क्योंकि यह एक ट्रांजिशन एरिया है, जिसके कम होने से लहरों की उर्जा लगातार कम होने की बजाय टिक जाती है। इसलिए लोगों को भागने का मौका नहीं मिल पाता है (क्योंकि रफ्तार अधिक होती है)। इसी घटना के बाद 2004 में घटी ऐसी घटना के बाद लोगों का ध्यान सुनामी पर गया। उसके बाद मौसम की पूर्व सूचना आदि पर लोगों ने नजर रखना शुरू किया अब कहीं समुद्र तट पर भी लोग जाते हैं ,तो पता कर लेते हैं कि कहीं मौसम प्रतिकूल तो नहीं है। सुनामी के पहले भी भूकंप की पूर्व सूचना थी जो कि इंडोनेशिया की ओर से चला था, परंतु लोगों ने गंभीरता से नहीं लिया परंतु इस बड़ी घटना के बाद अब लोग सजग हुए हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# विधायक मंगल कालिंदी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 11 पंचायतों की समस्याओं से कराया अवगत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने विधानसभा सत्र के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। शुक्रवार को शिष्टाचार भेंट के दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया।

मौके पर विधायक ने कहा जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में 11 पंचायतों मैं रहने वाले ग्रामीणों को मुख्यालय जाने के लिए 40 से 50 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। विकास कार्यों को मुहैया कराने एवं ग्रामीणों की समस्या के समाधान में काफी विलंब होती है। समय पर सरकारी सुविधाओं से संबंधित कार्य के लिए पैसे खर्च कर सफर तय करने में ग्रामीण सक्षम नहीं हो पाते। ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए विधायक ने 11 पंचायतों के लिए नये प्रखंड बनाने की मांग रखी। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा नए प्रखंड बनने से जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के देवघर, पलासबनी, बड़ाबांकी, दलदली, बेलाजुड़ी हरलुंग, लुगाबासा,उत्तरी चोठाबांधा, पश्चिमी घोड़ाबांधा सहित अन्य कुल 11 पंचायतों में रहने वाले ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखित आवेदन देकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान के लिए अपील की।

# समाज के कमजोर वर्ग पर फोकस करना ही गुड गवर्नेंस की सार्थकता : मोहन लाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** भारत सरकार के निर्देश पर 19 से 25 दिसंबर तक जिले में गुड गवर्नेंस वीक मनाया जाना है। शुक्रवार को जिला उपायुक्त समाहरणालय सभागार में 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अतिथि के तौर पर कोल्हान के पूर्व आयुक्त मोहन लाल राय, एक्सएलआरआई के प्रो. कनग राज शामिल हुए। कार्यशाला में लोकसेवकों से लोगों की अपेक्षा, शिकायतों के निष्पादन में सक्रियता तथा तकनीक का समावेश सहित अन्य विषयों पर मुख्य अतिथि एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने अपने बहुमूल्य विचार रखे। प्रो. कनग राज ने कहा उच्च गुणवत्ता वाली सेवा प्रदान करें, तकनीक का सहयोग एवं लोकसेवा के क्षेत्र में त्वरित न्याय पर अपने विचार रखे। ताकि लोगों को भी लगे की सरकार उनके लिए सोच रही है। यह सिर्फ परिलक्षित होगा पदाधिकारियों की कार्यशैली से। बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारियों में एसडीओ पीयूष सिन्हा,एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नन्दकिशोर लाल,निदेशक एनईपी श्रीमती ज्योत्सना सिंह, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, एसओ जेएनएससी संजय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, डीसीएलआर रविंद्र गागराई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ रजनीकांत मिश्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सत्या ठाकुर, कार्यपालक पदाधिकारी मानगो नगर निगम सुरेश यादव, कार्यपालक पदाधिकारी जुगसलाई नगर परिषद जगदीश यादव समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने दी सहायक अभियंता के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को सरायकेला-खरसावां जिलांतर्गत चांडिल थाना कांड संख्या-47/2019 के अभियुक्त सुरेश राम, तत्कालीन पुनर्वास पदाधिकारी, पुनर्वास कार्यालय संख्या-2 स्वर्ण रेखा परियोजना चांडिल, वर्तमान सहायक अभियंता विशेष प्रमंडल, गुमला के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृत्यादेश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया है। मामले में सहायक अभियंता के अतिरिक्त प्राथमिकी युदपति गोप, तत्कालीन उप मुखिया, मैसेड़ा, थाना-ईचागढ़ एवं अप्राथमिकी अभियुक्त विरेन प्रमाणिक, तत्कालीन मापक मैसाड़ा पंचायत, पुनर्वास कार्यालय संख सुवर्णरेखा परियोजना चांडिल, तत्कालीन पुनर्वास पदाधिकारी सुरेश राम, पुनर्वास कार्यालय संख्या-2, सुवर्णरेखा परियोजना चांडिल और सारती गोप के विरुद्ध सत्य पाया गया है। वर्ष 2013-2015 की अवधि में यदुपति गोप, तत्कालीन उप मुखिया, ग्राम-मैसेड़ा, प्रखंड-ईचागढ़, जिला-सरायकेला-खरसावां द्वारा सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना में विस्थापितों को सरकार द्वारा दी जानेवाली विकास पुस्तिका सं-4053 ( ग्राम मैसड़ा) के पुनर्वास अनुदान की राशि के भुगतान में साजिश के तहत फर्जीवाड़ा, जालसाजी और सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ करते हुए सरकारी राशि का गबन किया गया है। इस प्रकार उपरोक्त वर्णित प्राथमिकी अभियुक्त द्वारा सरकारी पद का दुरूपयोग, अपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी और प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप गठित किया गया है।

# राजनीति सेवा का सबसे सशक्त माध्यम है : पं. विजय शंकर मेहता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रख्यात आध्यात्मिक और जीवन प्रबंधन गुरु पंडित विजय शंकर मेहता ने कहा है कि राजनीति में सत्ता साधन है, साध्य नहीं। राजनीति सेवा का सबसे सशक्त माध्यम है। यदि कोई नेता सत्ता पाकर भी लोगों की सेवा नहीं कर पाता तो वह सेवा नहीं सौदा कर रहा है। पंडित मेहता शुक्रवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के रांची स्थित आवास पर आयोजित एक गोष्ठी में बोल रहे थे। पंडित श्री मेहता जमशेदपुर में सात दिवसीय रामकथा के समापन के उपरांत 23 दिसंबर को रांची पहुंचे, जहां से उन्हें फ्लाइट से प्रस्थान करना था। इसी क्रम में श्री राय के आग्रह पर पंडित श्री मेहता उनके सरकारी आवास पहुंचे एवं उनके आवास पर पधारे गणमान्य लोगों द्वारा पंडित मेहता का स्वागत किया गया। ततपश्चात पंडित जी ने 'राजनीति सेवा या सौदा' विषय पर 45 मिनट का व्याख्यान दिया। पंडित श्री मेहता ने बताया कि राजनीति सेवा का माध्यम है और सेवा भाव सीखना हो तो हनुमान जी से बेहतर गुरु कोई नहीं है। उन्होंने हनुमान जी और भगवान राम के प्रसंग के माध्यम से अपनी क्षमताओं के बेहतर उपयोग तथा अपने साथ के लोगों के बेहतर साथ और समर्पण की कला सिखायी। पंडित मेहता ने इस भागदौड़ भरे जीवन में शांति पाने के उपाय भी बताये। राजनेताओं से उन्होंने कहा कि अगर वे कार्यकताओं से लगाव रखेंगे तो वह हनुमान की तरह कार्य करेंगे। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, अमरप्रीत काले, अशोक गोयल, जयनंदू, आनंद कुमार, संजय सिंह, अखिलेश पांडेय, मुकेश पांडेय, अजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, अंसुल शरण, विवेकानंद झा एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## गुड गवर्नेंस वीक कार्यक्रम का आयोजन किया

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड के मझिगावां पंचायत सचिवालय कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को गुड गवर्नेंस वीक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी एवं अंचलाधिकारी अजय कुमार दसा के द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहब अम्बेडकर आवास योजना, मनरेगा, रोजगार सृजन गारंटी योजना, झारखंड सेवा गारंटी योजना के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया, साथ ही उक्त योजना में लाभुकों द्वारा उत्पन्न समस्याओं के नियमानुसार ससमय निष्पादन का भी निर्देश प्रखंड एवं अंचल कमीर्यों को दिया गया। उक्त कार्यक्रम में मुसहर परिवार के आठ बच्चो का उ . मध्य विद्यालय मझिगावां पूर्व में नामांकन किया गया, उसके साथ ही गांव के तीन मुसहर भोला? ,भरदुल और प्रभादेवी का राशनकार्ड बना, इसके अलावे दो मुसर परिवार का जॉब कार्ड बना। इस मौके पर प्रखंड समन्वयक उमंग पांडे, श्रीकांत सिंह, ओमप्रकाश रवि, उपेंद्र कुमार, मुखिया रीता देवी, पंचायत सचिव राजेंद्र राम, राजेश शुक्ल, सोनू चौबे, शंभू साहू, रामचंद्र पासवान और उपस्थित थें।

## पोस्को एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर थाना पुलिस ने पोस्को एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त बबलू यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो ने बताया कि भवनाथपुर थाना कांड संख्या 197/22 दिनांक 22 दिसम्बर पोस्को एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त बबलू कुमार यादव उम्र लगभग 18 वर्ष पिता सत्यनारायण प्रसाद यादव, ग्राम बनसानी, टोला –माईधिया निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## फूड फेस्ट का आयोजन किया

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर फूड फेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी अंजनी कुमार झा, शिक्षाविद शारदा महेश प्रताप देव एवं समिति के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम, मां शारदे एवं प्रख्यात गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर किया। कक्षा पंचम की बहनों दिव्या, संस्कृति, समृद्धि, अलीसा के द्वारा स्वागत गान स्वागतम सुस्वागतम...प्रस्तुत किया गया। विषय प्रवेश कराते हुये प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि फूड फेस्ट का उद्देश्य गणितीय आकृति में व्यंजनों का निर्माण कर बच्चों में गणित की समझ विकसित करना है। एसपी अंजनी कुमार झा ने कहा कि विद्या भारती के सभी विद्यालयों में इस तरह के कार्यक्रम होते रहते हैं जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही हमारे ऋषि–मुनियों और मनीषियों ने गणित के क्षेत्र में भी योगदान दिया है। महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन का योगदान अमूल्य है। वैदिक ऋचाओं पर अभी भी कई शोध हो रहे हैं। विद्यालय में ही भैया बहनों का आधार मजबूत होता है। गणितीय आकृति बनाकर बच्चों ने सराहनीय प्रयास किया जो काबिले तारीफ है। शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि भारत भूमि प्रारंभ से ही मनीषियों की भूमि रही है। विद्या मंदिर द्वारा गणित के प्रति समझ बढ़ाने का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। बच्चे उत्साह पूर्वक बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। फूड फेस्टिवल के निर्णायक के रूप में शारदा महेश शर्मिष्ठा डिग्री कॉलेज अधौरा के प्राचार्य प्रशांत सहाय, टीडीएम इंटर कॉलेज अधौरा के प्राचार्य धनंजय सिंह एवं शंकर प्रताप इंटर कॉलेज महदेईया के प्राचार्य राजू प्रसाद राज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद एवं सचिव रवि प्रकाश ने अतिथियों को अंग वस्त्र, रामचरितमानस उत्सर्ग पत्रिका और श्रीफल देकर सम्मानित किया। फूड फेस्टिवल में कुल 16 स्टाल लगे हुये थे। भैया बहनों ने लिट्टी चोखा, कचौरी चटनी, टिक्की चाट, दही बड़ा, फ्रूट सलाद, ब्रेड पकोड़ा, बांग्ला नीमकी चाट, पानीपुरी, गुलाब जामुन, सैंडविच, मोमोज, गाजर का हलवा, इडली व वेज कटलेट का स्टॉल लगाया। पांच एवं दस रुपये के काउंटर से कूपन लेकर अभिभावकों व छात्रों ने स्टॉल पर जाकर विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया।

## हाथियों के झुंड ने तीन घर को ध्वस्त किया

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय से सटे जोगीयामठ टोला में जंगली हाथियों के झुंड ने तीन घर को ध्वस्त कर दिया है ।और घर में रखे अनाज को भी खा गया है। इसकी जानकारी देते हुए लोगों ने बताया कि बीती रात्रि लोग जब घर में खाना खाकर सो गए थे। आधी रात्रि में जंगली हाथी घर में पहुंच गया। इस दौरान गोला उरांव कि घर को तोड़ दिया। सोमारु मुण्डा के चार दिवारी तोड़ दिया है। साथ ही सिल्वेस्तर कच्छप का दोनों दरवाजा को तोड़ दिया है । घर में रखे अनाज को खा गया। राहुल उरांव का मटर और सरसों के खेत को भी कुचल कर बर्बाद कर दिया। रात्रि में लोग जमा हो गए और बम पटाखे फोडा. और आग जलाया। बड़ी मुश्किल से लोग हाथी को जंगल की ओर भागने में सफल हुए। सुबह में लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया है और मुआवजे की मांग की है।

## आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित एवं वंदे मातरम् गीत के साथ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि भाजपा 25 दिसंबर को सुशासन दिवस बुथ स्तर पर मनायेगी। एवं प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ता सुनेंगे। उन्होंने कहा कि हर साल 25 दिसंबर को देश के पुर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनाया जाता है लेकिन इस वर्ष दोनों कार्यक्रम एक साथ होगा। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं के प्रेरणास्रोत पुर्व प्रधानमंत्री झारखंड के निमार्ता अटल बिहारी वाजपेयी का जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनाया जाएगा। आगामी कार्यक्रम को लेकर सभी मंडल में तैयारी पुरी हो चुकी है यह कार्यक्रम सभी बुथ स्तर पर मनाया जाएगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष संजय भगत ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे जिला मंत्री ठाकुर प्रसाद महतो जिला कोषाध्यक्ष मीना गुप्ता जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी कैलाश कश्यप बृजेन्द्र पाठक वरिष्ठ नेता विनोद तिवारी भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मन राम, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलला दुबे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता, संजय कमलापुरी, उमेश कश्यप, अखिलेश दुबे, रामशीष तिवारी, मोहन सिंह, विकास तिवारी, प्रवीण जायसवाल, शशि रंजन दुबे, मुरारी यादव, सुरेंद्र विश्वकर्मा, मुरारी यादव, मनोज जायसवाल, पुष्प रंजन, शोभा जायसवाल, बसंत प्रसाद, गिरवर यादव, पवन कुमार, राम सकल कोरवा, बिपिन तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## बकरी को तेंदुआ ने बनाया शिकार



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के कटरा पंचायत के लरकोरिया गांव निवासी मुर्तजा अंसारी के बकरी को बिती रात्रि में तेंदुआ ने अपना शिकार बनाया। तेंदुआ के कारण लोगों के बीच भय व्याप्त है। जंगली क्षेत्रों में बच्चों ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। वन विभाग का तेंदुआ को जाल में फंसाकर पकड़ने की दावा विफल साबित हो रहा है। विभाग सिर्फ लाउडस्पीकर से सुरक्षित रहने की हिदायत दे रखी है। जो एक खानापूर्ति है।

### स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल 9वीं झारखंड राज्य स्तरीय साइकलिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन

# जूनियर गर्ल्स रेस में फर्स्ट रहीं सरिता कुमारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा में स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल 9वी झारखंड राज्य स्तरीय दो दिवसीय साइकलिंग प्रतियोगिता 2022 का आयोजन किया गया। शुक्रवार को गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर नवनिर्मित बाइपास के समीप हूर गांव में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित आयोजन समिति के चेयरमैन उप विकास आयुक्त राजेश राय, एसडीओ राज महेश्वरम एवं नप अध्यक्ष पिंकी केशरी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तत्पश्चात अतिथियों ने प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में महिला, पुरुष, जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग में यूथ, बालक, बालिका साइकलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का समापन 24 दिसंबर को किया जायेगा। नव निर्मित बाईपास सड़क पर प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर डीडीसी ने कहा कि वैसे सभी लोग धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। गढ़वा में साइकिलिंग का बहुत ही भव्य आयोजन किया जा रहा है। डीडीसी ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में आज तक किसी भी जिला में साइकिलिंग का इतना भव्य आयोजन नहीं देखा। नौजवानों में स्वास्थ्य एवं साइकिलिंग के प्रति रुझान पैदा करने में यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर इस प्रतियोगिता का आयोजन बहुत ही प्रेरणादायक कार्य है। उन्होंने कहा कि आज कई प्रकार की सामाजिक समस्यायें हैं। जिसके कारण नौजवान डाइवर्ट हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में इस तरह का आयोजन गढ़वा जैसे क्षेत्र में इस बात को दर्शाता है कि हमारे नौजवान सकारात्मक सोच के साथ खेल में रुचि रखते हैं। युवा इसी प्रकार आगे बढ़ें ताकि बेहतर गढ़वा एवं बेहतर राज्य बना सकें। महासचिव शैलेंद्र पाठक ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर की स्मृति में इस साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। राज्य के 24 जिलों से महिला, पुरुष खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस तरह की प्रतियोगिता गढ़वा में पहली बार आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता का शेष कार्यक्रम शनिवार को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा एवं संध्या 4 बजे उसका समापन किया जायेगा। तत्पश्चात गढ़वा में वृंदावन गार्डन के सामने नदी किनारे स्थित ओम भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। श्री पाठक ने कहा कि जो लोग आज प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित रह गए हैं वे कल भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के खेल प्रतिनिधि धीरज दुबे ने किया।



फर्स्ट लोहरदगा की सरिता कुमारी



सेकंड लोहरदगा की संतोषी उरांव



थर्ड रांची की सिंधु लता हेंब्रम।



### इनकी रही उपस्थिति

मौके पर मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, साइकिलिंग संघ के चेयरमैन अनिल पांडेय, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, अनिता दत्त, रेखा चौबे, राकेश पाल, ऑब्जर्वर एसके पांडेय, अशर्फी राम, फुजैल अहमद, अरविंद दुबे, चंद्र बहादुर सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, कुश कुमार ठाकुर, नवल किशोर, प्रभात, तिवारी, संतोष केशरी, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, राजा सिंह, आशीष अग्रवाल, दिव्य प्रकाश केशरी, आलोक मिश्रा, प्रमोद सोनी, दयाशंकर गुप्ता, सुबोध पाठक, रामा शंकर पांडेय, उदय नारायण तिवारी, इंद्र बहादुर सिंह, राघवेंद्र सिंह, संजय चंद्रवंशी, लक्ष्मी नारायण, नारद तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, मुखराम भारती, विमला देवी, हंसा पांडेय, प्रियंका कुमारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विद्युत विभाग ने की बैठक, बिजली पहुंचाने और बकाया वसूलने की दी शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** विद्युत विभाग में एक बैठक हुई। जिसमें कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, विद्युत कार्यपालक अभियंता एवं ऊर्जा मित्र को हिदायत दी गई कि सभी घरों तक बिजली बिल पहुंचे बकाया वसूली करें। लाइन विच्छेद करें। इसी क्रम में विद्युत अधीक्षण अभियंता ने यह बातें बतायी। जिसमे उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील करते हुए ये जानकारी साझा किया। सरकार द्वारा 100 यूनिट बिजली पर कोई बिल नहीं लगना है अर्थात 100 यूनिट खपत/ जलाने पर बिजली की माफी यह योजना अक्टूबर माह से जारी है, परंतु कुछ ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ता इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं क्योंकि सरकार के इस योजना वहीं उपभोक्ता ले सकते हैं जो हर महीने बिजली का बिल देते हैं जिनके घर में मीटर लगा हुआ है एवं मीटर चालू स्थिति में हो। बकाया रखने वाले उपभोक्ता इसका लाभ बिल्कुल नहीं ले रहे हैं। 100 यूनिट बिजली सब्सिडी के साथ करीब 500 के आसपास होते हैं आम भाषा में इसे कहें तो एक आम उपभोक्ता जो 100 यूनिट बिजली खर्च करता है जिसका 500 के बिल होता है। सरकार उस पर सब्सिडी के साथ माफ कर रही है अतः इस योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक शर्त हैं, बकाया बिल पेमेंट कर दें, घर में खराब मीटर है तो बदलवा लें।, बिना मीटर के कोई उपभोक्ता है तो वह मीटर लगा ले। यहां यह बताना भी उचित है की बिना मीटर के कोई उपभोक्ता अब हमारा वैध उपभोक्ता नहीं है। अतः इन पर बिजली जलाते पकड़े जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई भी की जायेगी। ज्ञात हो कि इससे पूर्व प्रचार के माध्यम से निरंतर उपभोक्ताओं को जानकारी दी जारही है कि सभी घरों में मीटर लगायें मीटर दरवाजे पर लगायें। घर के अन्दर अथवा सिढी के अंदर चेतावनी के बावजूद मीटर दरवाजे पर नहीं लगाने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई सुनिश्चित किया जायेगा। इसके लिए कई तरह के टीम गठित की जा रही है। रांची, क्षेत्रीय बोर्ड एवं गढ़वा स्तर से तीन तरह के जांच टीम होगी जिसमें बकाया रखने वाले, बिजली चोरी करने वाले, घर एवं सीढ़ी के अंदर मीटर रखने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। टीम रेंडम तरीके से किसी भी गली मोहल्ले गांव में भ्रमण करेगी और मीटर से छेड़छाड़ या अन्य तरीके से बिजली का दुरुपयोग करने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी। अतः इस कार्यालय के माध्यम से लोगों से अपील है कि समय पर बिजली का बिल जमा करें। बिना मीटर वाले उपभोक्ता अविलंब मीटर लगवा लें। रूम और सीढ़ि में लगे मीटर को धर के द्वार पर लगवायें ताकि उर्जा मित्र आसानी से बिल कर सके। सरकार द्वारा दी गई योजना का लाभ उठाएं बिजली का दुरुपयोग रोकने में विभाग को सहायता करें।

### आदिम जनजाति के सभी 17 परिवारों को सरकारी योजना से जोड़ने की पहल

# वितरित की गयी परिसंपत्ति

**बलराम शर्मा**

**मेराल।** प्रखंड के सुदूरवर्ती बहेरवा गांव में शुक्रवार को सुशासन सप्ताह के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। तीसरटेटूका पंचायत अंतर्गत पहाड़ी की तलहटी में बसा बहेरवा गांव आदिम जनजाति बहुल है। प्रखंड प्रशासन द्वारा आयोजित जनता दरबार में 21 परहिया आदिम जनजाति परिवार के लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया। जनता दरबार में बीडीओ प्रवेश कुमार साव सहित कई विभाग के कर्मी बहेरवा गांव पहुंचे थे। मौके पर आदिम जनजाति परिवार के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के बाद वहां की समस्याओं से अवगत हुए। बीडीओ श्री साव ने कहा कि सभी 17 परिवार के लोगों को राशन, पेंशन, बिरसा आवास जैसे मूलभूत सुविधा उपलब्ध है। गांव में पढ़ने वाले कुल 26 बच्चे हैं, जिनको शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली कीट, एमडीएम, स्कूल ड्रेस सहित सभी सरकारी सुविधा मिल रही है।



गांव का पहुंच पथ तथा बिजली मुख्य समस्या है, जिसे शीघ्र दूर करने का प्रयास किया जाएगा। जनता दरबार में पांच लाभुकों को पेंशन तथा राशन कार्ड की स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त एक चापाकल, एक जल मीनार, मनरेगा के तहत एक तालाब एवं सभी 17 परिवार के लोगों को रोजगार के लिए पशुपालन विभाग द्वारा पांच-पांच बकरी की स्वीकृति प्रदान की गई।आयोजित जनता दरबार में गांव के लोगों के बीच कंबल के अलावे पुरुषों को जैकेट ,महिलाओं को स्वेटर, बच्चों के लिए गर्म वस्त्र, पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कॉपी पेंसिल, टॉफी तथा पीडीएस के लाभुकों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया। मेराल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य जांच करने के बाद आवश्यकतानुसार दवा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, एजीएम सतीश कुमार सिंह, एमओ राहुल कुमार, बीपीओ फिरोज अंसारी, प्रखंड नाजिर सुनील कुमार, मुखिया सुनैना देवी, दीपक चंचल, डीपीआरओ बसंत पांडे, दिलीप रजक, अभिषेक कुमार, राधेश्याम तिवारी, पशुपालन विभाग के शशिभूषण मेहता, जगजीवन राम, झामुमो नेता करीब अंसारी, सहित कई अन्य लोग थे।


## कार्यालय
## जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला

### प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा गुमला जिले के मत्स्य कृषकों एवं मत्स्य पालकों को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में भारत सरकार के मात्स्यिकी, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा नई योजना "प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना" हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है ।

उक्त योजना का मुख्य लक्ष्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि तकनीकी, आधारभूत संरचना तथा मात्स्यिकी प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाना है । इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम लाभुक जनित है तथा इसमें केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त की राशि लाभुक अंशदान के रूप में लाभुक द्वारा स्वंय वहन किया जाना है । लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित है :–

| क्र0 | योजना का नाम | ईकाई | ईकाई लागत (लाख में) | सरकार का अनुदानित राशि | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सामान्य जाति | अनु0जाति/अनु0जनजाति/महिला | |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 2 | स्कैम्पी हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 3 | नये रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | (हे0में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 | |
| 4 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | (हे0में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 | |
| 5 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो तालाबों में) | हे0में | 4.00 | 1.60 | 2.40 | |
| 6 | बायोफ्लोक तालाब का निर्माण (04 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 5.60 | 8.40 | |
| 7 | जलाशय में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 (3.00 लाख/एक लाख अंगुलिकाएँ हेतु) | हे0में | Rs @03/ Fingerling | Rs.@1.20/ Fingerling | Rs. @1.80/ Fingerling | |
| 8 | बैकयार्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली की रियरिंग ईकाई | सं0में | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 9 | मध्यम् आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग ईकाई | सं0में | 8.00 | 3.20 | 4.80 | |
| 10 | समेकित सजावटी/रंगीन/अलंकारी मत्स्य ईकाई (ब्रिडिंग एवं रियरिंग) | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 11 | मीठे जल हेतु सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों के ब्रुड बैंक की स्थापना | सं0में | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 12 | मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजक मत्स्य गतिविधियों को प्रोत्साहन (Promotion of Recreational Fisheries) | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 13 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) ईकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 14 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 15 | मध्यम् आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) ईकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 16 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 25 टैंक वाले मध्यम् बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 17 | छोटे आकार आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) ईकाई की स्थापना (कम से कम 100 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 01 टैंक) | सं0में | 7.50 | 3.00 | 4.50 | |
| 18 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 07 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0में | 7.50 | 3.00 | 4.50 | |
| 19 | बैकयार्ड मिनी आर0एफ0एफ0(रिर्सकुलैट्री एक्वाकल्चर सिस्टम) ईकाई की स्थापना | सं0में | 0.50 | 0.20 | 0.30 | |
| 20 | जलाशयों में केज की अष्ठिापन | सं0में | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 21 | आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | हे0में | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 22 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट निर्माण (10 टन क्षमता) | सं0में | 40.00 | 16.00 | 24.00 | |
| 23 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट निर्माण (20 टन क्षमता) | सं0में | 80.00 | 32.00 | 48.00 | |
| 24 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट निर्माण (30 टन क्षमता) | सं0में | 120.00 | 48.00 | 72.00 | |
| 25 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट निर्माण (50 टन क्षमता) | सं0में | 150.00 | 60.00 | 90.00 | |
| 26 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज/बर्फ प्लांट का आधुनिकीकरण | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 27 | रेफ्रीजरेटेड (प्रयीतित) वाहन | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 28 | इनसुलेटेड (तापरोधक) वाहन | सं0में | 20.00 | 8.00 | 12.00 | |
| 29 | मोटर–साईकिल, आईस बॉक्स के साथ | सं0में | 0.75 | 0.30 | 0.45 | |
| 30 | साईकिल आईस बॉक्स के साथ | सं0में | 0.10 | 0.04 | 0.06 | |
| 31 | तीन चक्का वाहन आईस बॉक्स के साथ/ई–रिक्शा मछली बिक्री के लिए | सं0में | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 32 | जीवित मछली बिक्री केन्द्र | सं0में | 20.00 | 8.00 | 12.00 | |
| 33 | लघु फीश फिड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | सं0में | 30.00 | 12.00 | 18.00 | |
| 34 | मध्यम् फीश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | सं0में | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 35 | वृहत् फीश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | सं0में | 200.00 | 80.00 | 120.00 | |
| 36 | फीश फिड प्लांट (प्रतिदिन 100 टन उत्पादन क्षमता) | सं0में | 650.00 | 260.00 | 390.00 | |
| 37 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहित) | सं0में | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 38 | फीश कियोस्क का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम सहित) | सं0में | 10.00 | 4.00 | 6.00 | |
| 39 | मछली के मूल्य सवंर्धित उत्पाद की ईकाई (फीश वैल्यू एडेड इन्टरप्राइजेज) | सं0में | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 40 | मछली एवं मछली के उत्पादों की ई–ट्रेड़िग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म | DPR/SCP पर आधारित | | | | |
| 41 | फीश डिजिज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टींग मोबाईल लैब/क्लीनिक (मछली बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता परखने हेतु प्रयोगशाला की स्थापना) | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 42 | फीश डिजिज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टींग मोबाईल लैब/क्लीनिक (मछली बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता परखने हेतु चलन्त प्रयोगशाला/क्लीनिक) | सं0में | 35.00 | 14.00 | 21.00 | |
| 43 | Traditional Fisherman नाव तथा जाल के कय हेतु सहयोग | सं0में | 5.00 | 2.00 | 3.00 | |
| 44 | प्रसार एवं सहयोग सेवाएँ (मत्स्य सेवा केन्द्र) | सं0में | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 45 | Bivalve Cultivation (Pearl Culture) भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने पर | सं0में | 0.20 | 0.08 | 0.12 | |
| 46 | आर्थिक रूप से कमजोर पारम्परिक मछुआरों हेतु मछली शिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | सं0में | केन्द्राशं – 1500 रू0 + राज्याशं – 1500 + लाभुक का अंशदान – 1500 = 4500 रू0 प्रति वर्ष | | | |
| 47 | मछुआरों का बीमा | सं0में | बीमित द्वारा कोई प्रीमियम देय नहीं | | | |
| 48 | लाभुकों को अपने आवेदन में अंकित परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (DPR) अपने खर्च पर बनवाकर जमा करना होगा । | | | | | |

उक्त योजना के अन्तर्गत लाभ लेने हेतु गुमला जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृशकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला में आवेदन 05.01.2023 तक आमंत्रित किये जाते है । आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है ।

**NOTE :-** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना केन्द्र प्रायोजित योजना है, जिसमें योजना की ईकाई लागत में लाभुक को अंशदान पूर्व व्यय किया जाना है, उसके पश्चात् ही अनुदान की राशि भुगतान किया जाएगा । इसे हेतु आवेदक/लाभुक को शपथ–पत्र देना होगा कि अपना अंशदान लगाने में सक्षम हूँ । यह प्रारंभिक चरण है, जिसके अन्तर्गत योजना के इच्छित कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण की कार्रवाई की जा रही है । योजना के प्रशासनिक अनुमोदन के पश्चात् ही इसे कार्यरूप दिया जाएगा ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला ।

PR.NO.285791 Fish(22-23):D

## डीइओ को शिक्षकों की ग्रेडिंग लिस्ट बनाने का निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति और मध्याह्न भोजन अनुश्रवण समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। स्थापना समिति की बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षकों की ग्रेडिंग लिस्ट बनाने का निदेश दिया गया। साथ ही ग्रेडिंग लिस्ट की समीक्षा कर अप्रूव करने के लिए स्थापना उप समाहर्ता की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित किये जाने का निदेश दिया गया। इस समिति में अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक सदस्य होंगे। शिक्षकों की ग्रेडिंग सूची को अप्रूव कर उक्त समिति जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी। बैठक में 01 कर्मी की नियुक्ति के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गयी। मध्याह्न भोजन के लिए चावल की स्टेप डिलीवरी के लिए कोटेशन उपरांत ट्रांसपोर्टर्स का पैनल बनाकर उन्हें प्रखंड आवंटित किए जाने का निदेश दिया गया। बैठक में रसोइया-संयोजिका के मानदेय समेत अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गयी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ डीएन सिंह, गोपनीय प्रभारी नारायण राम, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आजसू के नेताओं ने पाखर में मजदूरों के हित में किया धरना प्रदर्शन, कंपनी को दी चुनौती

# कंपनी मजदूरों के हित में करे बेहतर पहल, नहीं तो होगा जोरदार आंदोलन : नीरू शांति भगत

**परंतु कंपनी की ओर से जनहित में कोई बेहतर कार्य करना उचित नहीं लग रहा है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पठारी पंचायत पाखर क्षेत्र में वर्षों से खनन कार्य कर राज कर रहे हिंडाल्को कंपनी के अलावा अन्य कंपनियों के द्वारा पाखर पठारी क्षेत्र के रैयतों का जमीन लेकर उन्हें रोजगार से वंचित रखे जाने के विरोध में अखिल झारखंड श्रमिक संघ के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रमिक संघ के महासचिव सतीश सिन्हा व विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी व झारखंड आंदोलनकारी नेता पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत शामिल हुए। कार्यक्रम में नीरू शांति भगत ने कहा कि हिंडाल्को कंपनी मजदूरों के हित में बेहतर पहल करे नहीं तो संघ की ओर से कंपनी के अड़ियल रवैया के विरुद्ध रणनीति तैयार कर जोरदार तरीके से आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हिंडाल्को कंपनी प्रति दिन करोड़ों की कमाई कर अपना जेब भरने में माहिर है और यहां के रैयत और जनता कंपनी द्वारा मुफ्त में दी जा रही धूल गर्दा खाकर खुद और अपने बाल बच्चों को बड़ी-बड़ी बीमारियों से ग्रसित कर रही है। परंतु कंपनी की ओर से जनहित में कोई बेहतर कार्य करना उचित नहीं लग रहा है। आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि कंपनी आदिम काल से खनन कार्य कर रही है परंतु पाखर क्षेत्र की जनता के हित में एक बेहतर स्कूल व बेहतर अस्पताल तक नहीं दे पाई है। अन्य अतिथियों ने कहा कि कंपनी हठधर्मी छोड़कर मजदूरों के हित में कार्य करें ताकि भविष्य में कंपनी के बेहतर कार्यों की सराहना किया जा सके। मौके पर अखिल झारखंड श्रमिक संघ के बैनर तले पाखर में आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में आजसू जिला अध्यक्ष ओम भारती, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी, केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता, महिला मोर्चा की अध्यक्षा अनीता साहू, जिला सचिव सरस्वती देवी, प्रखंड अध्यक्ष शनिचरवा किसान, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मुनिया देवी, पाखर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बीरेन्द्र उरांव, अखिल झारखंड श्रमिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष बाबूलाल नगेसिया सहित बड़ी संख्या में श्रमिक संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनी लोगों की समस्या



**लातेहार।** डीसी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आए ग्रामीणों व आम-जन ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिले एवं आवेदन देते हुए समस्याओं को ससमय निराकरण करने की मांग की। डीसी द्वारा क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी गयी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। ज्ञात हो कि आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से राशन, भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, रोजगार, आदि संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## हाथियों ने फसलों को रौंदा, वन विभाग मौन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के वन क्षेत्र अंतर्गत धाधु पंचायत में पिछले एक सप्ताह से जंगली हाथियों के झुंड से ग्रामीण वो किसान परेशान है। पर बालूमाथ वन विभाग द्वारा अभी तक हाथी को भगाने के लिए कोइ ठोस कदम नहीं उठाया जाने से ग्रामीण दिन मे जंगल क्षेत्र में डर से अपने घरलू जानवर नहीं चरा पा रहे है। गुरूवार को रात्रि धाधु निवासी फरीद खान के खेत में लगे लगभग एक एकड़ मे आलू की फसल को हाथियों का झूंड द्वारा रौद डाला गया है। फरीद खान द्वारा बालूमाथ वन विभाग से मुआवजा की मांग किया है। पिछले दिनों पुरानापानी गांव मे हाथियों द्वारा घर क्षतिग्रस्तकर दिया गया तथा खेत मे लगे धान को काफी नुकसान पहुंचाया। फिर भी वन विभाग द्वारा हाथियों को खदड़ने के लिए कोई ठोश कदम नहीं उठाया गया है। समय रहते विभाग कदम नहीं उठाया गया तो क्षेत्र में जान माल की काफी नुकसान होगा। जिसका जिम्मेवारी बालूमाथ के वन विभाग होगा।

## क्रिसमस को लेकर बाजारों में रौनक गिरजाघर सज धज कर तैयार



**चंदवा।** चंदवा में क्रिसमस त्यौहार को लेकर बाजारों में रौनक देखी गई ग्रामीण क्षेत्रों से आए ईसाई धर्मावलंबियों ने पूजा और गिरजा घरों को सजाने के लिए गिफ्ट कॉर्नर दुकान में सामान खरीदते हुए देखा जा रहा है और दिन क्या तक था गिफ्ट कॉर्नर के दुकानों में अधिक भीड़ देखने को मिल रही है उसके साथ ही बाजार में भी अधिक भीड़ देखने को मिली रही है। ज्यादातर लोग कपड़े और खिचड़ी पड़ोस के दुकान में ज्यादा खरीदारी करते देखे जा रहे हैं उसके साथ ही आसपास के गिरजा घरों में सजावट का काम चल रहा है उसके साथ ही गिरजा घरों में सांस्कृतिक प्रोग्राम भी देखने को मिल रही है बच्चों में त्यौहार को लेकर काफी खुशी है तरह-तरह के केक और मिठाइयां भी कर दी जा रही है कल ही मुख्य रूप से ईसाई धर्म के भगवान ईसा मसीह की जन्म जयंती को लेकर ईसाई धर्मावलंबियों ने चरनी बनाने की भी कई तरह के व्यवस्था में लगे हैं।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की बैठक

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में आगामी 25 दिसंबर को भाजपा कार्यालय सहित 50 बुथों पर कार्यक्रम कर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई का जंयती (सुशासन दिवस) एवं प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह के अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की हुई बैठक साथही साथ पंचायत प्रभारी का चयन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री सह बारियातू मंडल प्रभारी पंकज कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समीप दिपप्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात मंडल प्रभारी सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को कहा कि 25 दिसंबर को प्रखंड के सभी बुथों पर विशेष कार्यक्रम कर जंयती और मन की बात सुनना है इसके लिए आप सभी अपने अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को जोडे और पार्टी को मजबूत करें। इसके पश्चात कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी पंचायतों में प्रभारी नियुक्ति पर चर्चा किया गया। चर्चा के बाद कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से बालूभांग पंचायत प्रभारी के रूप में गोपाल प्रसाद केसरी, इसके पश्चात चुने गये सभी प्रभारीयों को स्वागत किया गया।

### सुशासन सप्ताह पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# सभी पदाधिकारी लोगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए कार्य करें : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत सुशासन सप्ताह पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में किया गया। यह सुशासन सप्ताह 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक निर्धारित है। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी लोगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए कार्य करें। सुशासन का यही मूलमंत्र है। आपको जो पद कार्य करने के लिए मिला है उसमें सुशासन के दृष्टिकोण से बहुत से कार्य किये जा सकते हैं। यह आपके कॅरियर के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। आपके कार्यालय में





जब कोई समस्या लेकर आपसे मिलने आता है तो आप उनसे वही व्यवहार करें जो आप अपने कार्यों के लिए अन्य से अपेक्षा करते हैं। हर व्यक्ति की भावना को स्वयं की तरह देखें। कार्यक्रम में एसडीओ ने कहा कि सुशासन में पारदर्शिता बहुत ही आवश्यक है। पकार्यक्रम में कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम और पूजा कुमारी द्वारा अपने-अपने प्रशासनिक कार्यों के अनुभवन को साझा किया गया। वहीं बीडीओ महतो द्वारा सुशासन के आठ विन्दुओं को रखते हुए सरकार की सेवाओं का अंतिम व्यक्ति तक नियमपूर्वक, पारदर्शी एवं जबावदेही के साथपहुंचाना बताया।

सुशासन सप्ताह का स्लोगन प्रशासन गांव की ओर है। मौके पर सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी व अन्य समाहरणालय कर्मीगण उपस्थित थे।

## कुआं से मिला युवक का शव

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के इचाक पंचायत के ऊपर लोटो ग्राम निवासी सत्येंद्र सिंह जो पिछले दो दिनों से लापता था जिसका स्व उसके घर के कुआं से बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि सत्येंद्र सिंह पिता कईल सिंह (35) जो मंगलवार की शाम तकरीबन सात बजे अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था। उसके बाद से ही वह लापता था। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की जा रही थी। खाफी खोजबीन के बावजूद भी उसका कहीं पता नहीं चल पा रहा था। शुक्रवार की सुबह जब परिवार वाले कुआं से पानी भरने गये तो कुआं में उसकी स्व दिखी जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी सुचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच स्व को कुआं से बाहर निकाला गया है। वही मौके पर जिप अध्यक्ष पूनम देवी भाजपा नेता रामदेव सिंह लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार मुखिया प्रतिनिधि अनिल उरांव अनुज तिवारी सुरेंद्र प्रजापति पप्पू प्रजापति ने मृतक के परिजनों को सरकार के द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ देने का आश्वासन दिया है।

## भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस की बैठक



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड कांग्रेस कमिटि द्वारा 25 दिसंबर रविवार को भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी में जोर शोर से लगे है। वही सेवादल जिला अध्यक्ष बाबर खान ने अपने आवास कामता में बैठक कर भारत जोड़ो यात्रा को लेकर किया। सेवादल के जिला अध्यक्ष बाबर खान ने बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा कि इस समय देश में महंगाई बेरजगारी लगातार बढ़ रही है, संविधान लोकतंत्र पर हो रहे हमले से संस्थाएं कमजोर हो रही हैं। आपसी सौहार्द को छिन्न भिन्न कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा किया जा रहा है, ऐसे में सेवादल कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी इस समय और बढ गयी है। रविवार को कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया है, इसे सफल बनाने के लिए सेवादल के हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए अभी से ही ज्यादा से ज्यादा यात्रा में शामिल हो इसके। लिए कार्यकर्ताओं को आह्वान किया है। बैठक में सेवादल जिला अध्यक्ष बाबर खान, रयुफ खान, सुरेश गंझू, सैफुल खान, छत्रु मुंडा, इल्ताफ खान, सलाउद्दीन खान और अन्य शामिल थे।

## गुड गवर्नेंस वर्कशॉप का आयोजन



**लातेहार।** उपायुक्त के अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान गुड गवर्नेंस वर्कशॉप पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त द्वारा बताया गया कि केंद्र सरकार के द्वारा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक एक राष्ट्रव्यापी सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ‘प्रशासन गांव की ओर’ अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है। सुशासन को सुनिश्चित करने के लिए ही सरकार ने राइट टू सर्विस एक्ट पास किया है। इस दौरान गुड गवर्नेंस विक के तहत आयोजित होने वाले वर्कशॉप के दौरान होनी वाली गतिविधियों को लेकर संबंधित विभाग को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया।उक्त कार्यशाला में उप विकास, आईटीडीए निदेशक, अपर समाहर्ता, और सभी कार्यालय प्रधान के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बाइक दुर्घटना में दो लोग हुए घायल

**बरवाडीह।** बरवाडीह मेदनीनगर मुख्य पथ स्थित बाल शिक्षा निकेतन के समीप सड़क दुर्घटना में दो मोटरसाइकिल सवार लोग गंभीर रूप से हुए घायल। जहां मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र यूथ स्टेट कॉर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह व स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां दोनों युवकों का चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन व ड्रेसर कुंदन सिंह, हसीब की देखरेख मे प्राथमिक उपचार किया गया।बताते चले कि दोनों युवक सप्ताहिक बाजार कर अपने घर केचकी पंचायत के पोखरी कुशाबथान जा रहा था।तभी अचानक दूसरे और से आ रहे। फॉर व्हीलर का लाइट ऑन ऑफ करने लगा।उसी के रोशनी से गिर पड़ा। फिलहाल स्थिति खतरे से बाहर बताया जा रहा है। वही मौके पर फिरोज अहमद, दीपक सिंह, शशि सिंह समेत और भी लोग मौजूद रहे।

## हेरहंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह हेल्थ वेलनेस सेंटर पहुंचे अधिकारी

**हेरहंज-(लातेहार)।** जिले के उपायुक्त के निर्देश पर एसडीएम शेखर कुमार एवं हेरहंज प्रखंड के वरीय पदाधिकारी प्रीति सिन्हा हेरहंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह हेल्थ वेलनेस सेंटर पहुंचे। साथ ही साथ बीडीओ एवं बालूमाथ चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश राम भी मौके पर उपस्थित थे। जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने के नाम पर पैसे की मांग, पैसा नहीं रहने पर कान बाली लिए जाने के मामले में जांच टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर भुक्तभोगियों से व स्वास्थ्य कर्मियों से पूछ ताछ किया गया। बताते चले कि हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रदीप राम की पुत्री का प्रसव कराने के नाम पर 18000 रुपये की मांग की गयी थी नहीं देने पर कान की बाली ले लिया गया था। वहीं हुर टांड निवासी एक युवक से पत्नी की प्रसव करवाने के नाम पर 2500 रुपये की अवैध उगाही की गयी थी। मामला मीडिया में आने के बाद रफ्तार पकड़ लिया। मामले को संज्ञान में लेते हुए तुरंत जिले के उपायुक्त ने टीम को जांच के लिए स्वास्थ्य केन्द्र हेरहंज भेजा और घटना की जानकारी मांगी। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने एसडीएम को डॉक्टर नहीं रहने की जानकारी दी और मांग किया कि जल्द से जल्द हेरहंज अस्पताल में कम से कम एक डॉक्टर की पदस्थापना किया जाय जिससे यहां के मरीजों को दिक्कत न हो। मौके पर-एस आई विश्वजित तिवारी, सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण के बाद लाभार्थियों के बीच मशरूम किट का वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** कृषि, पशुपालन एवम सहकारिता विभाग उद्यान निदेशालय द्वारा जिले के बेसरा में ग्रामीण आदिवासी महिलाओं को पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण दिया गया। जहा लाभार्थियों को मशरूम उत्पादन का प्रैक्टिकल करवाया गया। इसके साथ ही लाभार्थियों के बीच एपीपी एजीगेट मशरूम उत्पादन केंद्र खूंटी के द्वारा मशरूम किट का वितरण किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि महिलाएं बेहतर ढंग से प्रशिक्षण ले और मशरूम का उत्पादन करे। महिलाएं एक कलस्टर बनाकर इसका लाभ लें। आप अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करे और इसकी शुरूआत करे। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन कर आप आत्मनिर्भर बन सकती हैं। यह



व्यवसाय अपने परिवार के साथ घर में रहकर भी कर सकती है। वहीं उद्यान विभाग की सपना कुमारी ने लाभार्थियों को मशरूम उत्पादन को तकनीकी रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने आप को, अपने बच्चे परिवार को देखने के साथ मशरूम उत्पादन कर सकती है। दिन में मात्र दो घंटे ही इसमें देना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं मेहनत कर आज बेहतर मुकाम हासिल कर रही है। इसलिए मेहनत करिए और सफलता पाइये। वहीं कृषि मित्र रजीना परवीन ने कहा कि गांव की गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार का यह एक अच्छा प्लान है। मशरूम उत्पादन कर अपनी आमदनी बढ़ा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नवंबर से मार्च तक ही मशरूम की खेती कर सकते हैं। इसके अलावा बटन मशरूम तो सालों भर कर सकतीं हैं,उसके लिए वातानुकूलित कमरा होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सही तरीके से मशरूम का उत्पादन करना चाहिए।

## प्रखंड बीस सूत्री कार्यन्यवन समिति की बैठक

**हेरहंज-(लातेहार)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में प्रखंड बीस सूत्री कार्यन्यवन समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष राम बृक्ष गंझु ने की। बैठक मे उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाएं मनरेगा, शिक्षा, जेयसएलपी एस, स्वास्थ, पंचायती राज, कृषि, बाल विकास समेत कई विभागों की बारी बारी से समीक्षा की गयी। बैठक मे सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल और बीस सूत्री सदस्य लाडले खान द्वारा प्रखंड क्षेत्र में15 वें वित योजना से जलमीनार निर्माण में सवाल खड़ा किया गया और उसकी गुणवता की जांच की बात रखी गयी। सांसद प्रतिनिधि ने प्रखंड क्षेत्र मे 14 वे वित योजना से जितने भी जलमीनार पंचायत से लगे है सभी को दुरुस्त कराया जाय जिससे लोगो को उसका लाभ मिल सके। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष पुरसोतम प्रसाद, सदस्य हीरामनी लकड़ा, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आत्मा सिंह, डॉ सुरेश राम, पंचायत सेवक अवतार सिंह, सूर्य प्रकाश, रमीर भेंगरा, बीपीओ राहुल राज, रोजगार सेवक, प्रेमजीत सिंह, विक्रम कुमार, त्रिवेनी राम, प्रखंड सामन्यवक सोनी कुमारी, समेत कई लोग मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण की हुई शुरूआत



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार में जन योजना अभियान 2022-23 के तहत 7 पंचायतों के पंचायत संसाधन दल का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर-के करने का काम किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया द्वारा नामित 2 वार्ड सदस्य, मनरेगा मेट, पंचायत सचिव, जलसहिया और महिला समूह से जुड़ी समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रखंड प्रशासन के माध्यम से प्रारंभ किया गया। जिसके तहत आने वाले वित्तीय वर्ष में पंचायत में योजनाओं के चयन करने को लेकर जानकारी देने का काम किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन मौके पर प्रखंड प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी जयराम राय, प्रखंड समन्वयक मनजीत सिंह, मुखिया बेरोनिका कुजूर, सतरोहन सिंह, बलदेव परहिया, जग सहाय सिंह समेत प्रखंड के 7 पंचायतों से आए सभी सदस्य शामिल थे।

## पेशरार में एसपी ने बांटे जरूरत के सामान





**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा आर रामकुमार के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। पेशरार थाना के ग्राम पेशरार केकरांग, रोरद, ओनेगढ़ा, कौवाडार, तथा पुतरार के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित जंगली/पहाड़ी क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ग्रामीणों से मिले तथा ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा जल्द ही उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक करवाई की बात कही गई। इसी क्रम में ग्राम पुतरार में ग्रामिणों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बच्चों के बीच एलईडी लाइट, बैग एवं ग्रामीणों के बीच कंबल साड़ी धोती एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही मुख्यधारा से भटके लोगो को वापस मुख्यधारा में जुड़ने के लिए अपील किया गया। अभियान के क्रम में ड्रोन कैमरा का प्रयोग आस पास के पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्रों के अवलोकन हेतु किया गया। अभियान में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा, आर रामकुमार, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (अभियान) लोहरदगा दीपक पांडेय, थाना प्रभारी पेशरार सहायक समादेष्टा सीआरपीएफ 158 बटा0 पेशरार एवं सैट के जवान शामिल थे।

## स्वच्छता विशेषज्ञ ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**बालूमाथ।** झारखंड सरकार एवं यूनिसेफ के सहयोग से विद्यालयों में चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रम को लेकर यूनिसेफ की स्वच्छता विशेषज्ञ कुमार प्रेमचंद ने जिले के संकुल प्रखंड के मध्य विद्यालय सासंग और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संकुल मे निरीक्षण कर बच्चों से स्वच्छता संबंधी जानकारी ली। उन्होंने बच्चों में स्वच्छता के आदतों को नियमित रूप से उपयोग में लाने के लिए शिक्षकों को मिलकर काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो उनकी पढ़ाई अनवरत जारी रहेगी। यूनिसेफ की पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में स्वच्छता की प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा स्वच्छ विद्यालय स्वस्थ बच्चे अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है।

# विधानसभा : पूर्व की तरह पैसेंजर एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन की मांग की विधायक ने

**रवि कु गुप्ता**

**बरवाडीह।** झारखंड विधानसभा में चल रहें, विधानसभा के शीतकालीन सत्र के शून्यकाल के दौरान मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा लगातार क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं को लेकर सरकार से सवाल किया जा रहा है। शुक्रवार के विधानसभा सत्र के दौरान सीआईसी सेक्सन में पूर्व की तरह पैसेंजर एवं एक्सप्रेस ट्रेनों रेल के परिचालन एवं पलामू प्रमंडल मे औधोगिक प्रशिक्षण केंद्र



खोलने, संचालन एवं एवं उनकी लचर व्यवस्था को लेकर भी सवाल किये। वही बताते चलें कि मनिका विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा सीआईसी सेक्शन मे पैसेंजर एवं एक्सप्रेस ट्रेनों को पूर्व की भांति परिचालन की मांग सरकार से की है। सरकार को इस जनसमस्या से अवगत कराते हुए पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद डिवीजन अंतर्गत बारकाकाना-बारवाडीह-डाल्टेनगंज-रेहला-गढ़वा में पूर्व से सभी परिचालित अप एवं डाउन लोकल एवं एक्सप्रेस यात्री ट्रेनों को वर्तमान में बरकाकाना-कोडरमा - गया रेल लाइन में डायवर्ट कर दिया गया है। जिससे इस रेलखंड पर आश्रित हजारों की संख्या में सवारियों को प्रत्येक दिन आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, जबकि इस रूट में लगातार धड़ल्ले से मालगाड़ियों का परिचालन हो,जो कि भ्रामक स्थिति उत्पन्ना करता है। अतः जनहित में आसन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उक्त रेलखंड मैं सभी लोकल एवं एक्सप्रेस यात्री ट्रेनों का परिचालन पूर्व की भांति सुचारू रूप से कराने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करें। वहीं दूसरी ओर विधायक के द्वारा पलामू प्रमंडल में औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र खोलने को लेकर भी सवाल किये गये। जिसमें विधायक के द्वारा कहा गया कि पलामू प्रमंडल के कई प्रखंडों में अभी तक औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नहीं खोला गया है। जिस कारण प्रखंड के छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु प्रखंड मुख्यालय से बाहर जाकर अन्य सरकारी एवं प्राइवेट संस्थानों पर आश्रित होना पड़ता हैं। वही पलामू प्रमंडल में जहा आईटीआई खोला गया हैं। वहां पठन-पाठन की व्यवस्था अत्यंत लचर है,तथा कई केंद्रों पर पढ़ाई ही नहीं हो रही।

## युवा नेता ने किया क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस पार्टी के युवा नेता समाजसेवी सतीश उराव ने समर्थकों के साथ सदर प्रखंड के भुजनिया ग्राम के रास्ते में पड़नेवाला क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। पुल की हालत देख कर सतीश उरांव ने कहा की पुल के टूट जाने से ग्राम वासियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी दुर्घटना की संभावना भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि इस पुल के टूट जाने से बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो गयी है। ग्रामीणों की जनसमस्याओं को शीघ्र स्थानीय विधायक सह मंत्री रामेश्वर उरांव और उपायुक्त को अवगत कराने की बात सतीश उरांव ने कही। पुल की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द नये पुल निर्माण की मांग किया जायेगा। मौके पर कमलेश उराव, नौसार अंशारी, इबादत अंसारी, विजय उरांव, संजय उरांव, विकास उरांव, तेलम अंसारी, लियाकत अंसारी, दिल मुहम्मद अंसारी सुकरा उरांव, रामबिलास उराव आदि लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ और सीओ के साथ बैठक

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभगार परिसर में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को सफल संचालन हेतु कमिटी गठन को लेकर साक्षरता क्रमीयों की बैठक शुक्रवार को बीडीओ सह सीओ दीपाली भगत के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। साथ ही प्रखण्ड कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्षता कर रहे बीडीओ सह सीओ भगत ने कहा कि सरकार निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए साक्षरता अभियान चला रही है और आप लोगो के माध्यम से गांव गांव में रहने वाले निरक्षरों को साक्षर बनाया जा रहा है आप सभी पूर्व की तरह पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर प्रखंड का नाम रौशन करें।

## बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

**बसिया (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित कोनबीर में बिजली की आंख मिचौली से व्यापारी, शिक्षाविद और स्टूडेंटों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि बसिया अनुमंडल में कोनबीर मुख्य व्यापारिक जगह है। कोनबीर में अनेक स्कूल, अस्पताल आदि है, बावजूद बिजली की आंख मिचौली से सभी परेशान है। जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग और कोनबीर के युवा उपमुखिया किशन साहू ने कहा कि बिजली के कटौती से कोनबीर सहित क्षेत्र के लोगों को आर्थिक मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोनबीर में अनेक शिक्षण संस्था होने से छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बसंती डुंगडुंग और किशन साहू ने आगे कहा कि कोनबीर के लोगों की मांग को देखते हुए कोनबीर की बिजली सप्लाई को कलिगा फीडर से हटाकर कोनबीर में अलग फीडर की व्यवस्था करके बिजली सप्लाई की जाये।

## किसान सम्मान दिवस का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, विकास भारती बिशुनपुर गुमला में आयोजित की गयी

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के द्वारा आज पूरे देश में किसान सम्मान के आयोजन पूरे देश में किया गया है, इसी कड़ी में कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के अम्बेडकर सभागार में किसान गोष्ठी का सीधा प्रसारण कों दिखाया गया। इस कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई,साथ ही साथ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दो कार्य क्षेत्र में प्राकृतिक खेती एवं मशरूम खेती में कार्य कर रहें 2 विशिष्ट किसान को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्राकृतिक खेती के लिए वचन देव खेरवार लगड़ाटाड़ एवं मशरूम की खेती के लिए संगीता भगत रोल को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण की मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी का सीधा प्रसारण जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए 225 किसानों के बीच लाईव प्रसारण के माध्यम से पूरे भारत में किसानो द्वारा किये जा रहें बदलाव एवं उनके अपेक्षाओं कों, उनके अनुभव कों सीखा गया, साथ ही साथ किसानों को प्राकृतिक खेती के उत्पादन को प्रायोगिक कराकर दिखाया भी गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बिशुनपुर प्रखंड के प्रखंड प्रमुख राज लक्ष्मी, विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, विकास भारती के राज्य समंवयक पंकज सिंह, जल छाजन के समंवयक राम कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के सभी वरीय वैज्ञानिक डा. नीरज कुमार वैश्य, एनो राय, विनोद कुमार, राजीव सिंह, योगेश कुमार सहित किसान लोग कार्यक्रम के सहभागि बने।

## कचहरी परिसर में नगर परिषद शुरू करेगी दोपहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कचहरी परिसर में व्यवहार न्यायालय, अनुमंडल कार्यालय एवं पुलिस कंट्रोल रूम के बीच वाले खाली हिस्से में नगर परिषद द्वारा जल्द ही पार्किंग की सुविधा आम लोगों के लिए शुरू की जाएगी। इस परिसर में दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग की योजना नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय के द्वारा बनाई जा रही है। पिछले दिनों उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा यहां भ्रमण के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी को इसके लिए मौखिक निर्देश दिया गया था। उसके उपरांत उप विकास आयुक्त द्वारा की गयी लिखित अनुशंसा के आलोक में नगर परिषद अगले एक सप्ताह के अंदर पार्किंग बंदोबस्ती के लिए खुली निविदा प्रकाशित करने की तैयारी में है। तैयारियों के क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने दोनों नगर प्रबंधकों के साथ स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उपायुक्त का हर समय प्रयास रहता है कि शहर का एक-एक कोना व्यवस्थित दिखे, इसी क्रम में समाहरणालय एवं उसके आसपास के परिसरों में यत्र-तत्र पार्क किए गए वाहनों से रोज हो रही अव्यवस्था से निजात दिलाने के लिए उपायुक्त ने पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु निर्देश दिया है। इससे न केवल वाहनों के लिए पार्किंग प्रबंधन बेहतर होगा बल्कि नगर परिषद को अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त होगा। बताया कि शहर के अन्य प्रमुख तीन स्थानों जसपुर रोड, सिसई रोड एवं एग्रो पार्क के पास भी जल्द पार्किंग स्थल विकसित किए जायेंगे।

## नरमा में मनाया गया सारना स्थापना दिवस



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नरमा डाड़टोली टोली में शुक्रवार को सरना स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस निमित कोयल नदी से कलश यात्रा निकाली गई जो सरना स्थल पहुंची जहां गांव के स्थानीय बैगा हरि उरांव एवं पुजार फुलवा उरांव के द्वारा विधिवत पूजा पाठ करने के बाद गांव का सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। इस मौके पर नरमा के पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र उरांव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारा सरना धर्म एवं संस्कृति धीरे-धीरे पिछड़ता जा रहा है। जबकि हमारा धर्म एवं संस्कृति सबसे पुराना एवं काफी प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि आज तक दुनिया में कोई ऐसा धर्म नहीं है जहां लोग प्राकृतिक का पूजा करते हैं। परंतु हम सरना धर्म के लोग प्रकृति के पूजक हैं। इतने महान धर्म के लोग आज अपने संस्कृति एवं धर्म को भूलते जा रहे हैं। जिस कारण हम सभी सरना धर्म के लोग अपने धर्म एवं संस्कृति को बचाये रखने के लिए प्रत्येक वर्ष सरना स्थापना दिवस मनाते हैं। उन्होंने कहा कि सरना की स्थापना हमारे पूर्वजों के द्वारा किया गया है परंतु इसे हम लोग स्थापना दिवस के रूप में एक उत्सव की भांति मनाते हैं। ताकि अपने लोगों को जागरूक कर सके। उन्होंने कहा कि आज हम सभी लोगों को एकजुट होकर अपने धर्म एवं संस्कृति को बचाने की आवश्यकता है। साथ ही साथ हम सभी लोगों को नशा पान से दूर होकर अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की आवश्यकता है ताकि वे लोग हमारे धर्म एवं संस्कृति को अच्छी तरह से बचाने का काम करेंगे। इस मौके पर प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, सतीश भगत कुलदीप कुमार सरपंच उरांव, चमन उरांव, सुरेश उरांव, तेतरू उरांव, गुड्डू उरांव सुदामा उरांव, राम विलास उरांव, विजय उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## महिला का अधजला शव मिलने से सनसनी

**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लौंडरा गांव के पैला पहाड़ के पास जंगल के एक नाली में पुलिस ने आज एक अज्ञात महिला/युवती का अधजला शव बरामद किया है। जिसकी उम्र लगभग 25 से 26 साल की होगी। घटना के सबंध में गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि एक अज्ञात महिला का शव पुलिस ने बरामद किया है, शव का चेहरा और दोनों हाथ जला हुआ है।

## पिता की अय्याशी ने बेटे को अपराधी बना डाला

# जुनून में गोली चला दी, अब पछताना पड़ रहा: सतीश

आफताब अंजुम

**गुमला।** कई बार समझाया अपने पापा को, पापा वहां मत जाओ! लेकिन पापा नहीं माने। कई बार उसके घर से पापा को पकड़ कर के लाया, फिर भी पापा का वहां आना-जाना जारी रहा। मां रोती थी, सबके सामने भी और अकेले भी, छुप छुप कर। मैं उनका बेटा था ना! मां के आंसू कैसे देख सकता था। कई बार उस महिला को भी समझाया था कि मेरे पापा का साथ छोड दे, मगर ना वह मानती थी, ना मेरे पापा। इतना ही नहीं, पापा जब बिमला देवी के पास होते तो घर में कुछ भी हो जाए, फोन नहीं उठाते थे। घर पर बिमला देवी के खिलाफ कोई भी कुछ बोल दे उसकी पिटाई कर देते। मां को बात बात पर मारते पीटते। मां किचन में छुप छुप कर रोती रहती थीं, पापा को कोई फर्क नही पड़ता था। गुमला के बड़ाइक मुहल्ले में गुरुवार को गोली चलाने का आरोपी सतीश आजाद सिपाही से बड़े भावुक अंदाज में लगातार बात कर रहा था। उसकी बातों को सुनकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं था कि पिता की ऐयाशियों ने एक सीधे-साधे छात्र को आखिरकार अपराधी बना ही दिया।

### नहीं देखे जाते थे मां के आंसू

किसी भी बेटे से मां के आंसू देखे नहीं जाते, सतीश से भी मां के आंसू देखे नहीं गए। आखिरकार बेटे ने ले लिया गोली चलाने का निर्णय। सतीश बसिया इंटर कॉलेज पढ़ने वाला सीधा-साधा 20 वर्ष का नौजवान है। जिसका रिश्ता सीधे कागज और कलम से होना था उसे पिस्तौल का इस्तेमाल कैसे किया होगा इसका अंदाजा हम और आप नहीं लगा सकते। सतीश आज भी खुद स्वीकार कर रहा है कि मैंने इस घटना को बस इस लिए अंजाम दिया कि अगर एक की मौत से मेरे घर में खुशहाली आ सकती हैं, मां के आंसू सूख सकते हैं, तो अपने घर के लिए वह अपना जीवन दाव पर



### बड़ाइक मुहल्ले में बिमला देवी पर गोली चलाने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा



गुमला (आजाद सिपाही)। शहर के बीचोबीच बड़ाईक मोहल्ले में विमला देवी नामक महिला पर गोली चलाने वाले युवक सतीश सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया आरोपी सतीश बसिया थाना अंतर्गत तूकई गांव का रहने वाला था। सतीश के पिता सुखदेव सिंह से बड़ाइक मोहल्ला निवासी विमला देवी का अवैध संबंध ही इस गोली कांड का मुख्य कारण बताया गया। प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर गुमला थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि घटना के बाद पुलिस छापेमारी शुरू दी। छापामारी के दौरान तिर्रा पेट्रोल पंप के समीप से सतीश को गिरफ्तार किया गया। उसके कमर से देसी कट्टा और जेब से 2 गोलियां बरामद की गई। छापेमारी दिल में थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुदामा राम, आशीष भगत, मोहम्मद मुजम्मिल, विवेक चौधरी, दीपक रोशन व राजू गुप्ता शामिल थे।

### यूं दिया घटना को अंजाम

गुरुवार को उसने अपने घर से कट्टा निकाला। उसके पास केवल दो गोलियां ही थी। दोनों गोलियां उसने अपनी जेब में भर लीं, कट्टे को कमर में रखा और वह चल पड़ा एक ऐसी घटना को अंजाम देना जिसका अंजाम उसे खुद नहीं पता था। सीधे वह विमला देवी के घर में घुसा। बिमला बिस्तर पर लेटी थी। सतीश ने कट्टा लहराते हुए पहले उसे एक भद्दी सी गाली दी और ठांय की आवाज के साथ उसने विमला देवी पर गोली चला दी। गोली सीधे विमला देवी के सीने पर लगी। उसने अगल बगल देखा। कोई नहीं था। लगभग भागने वाले अंदाज विमला देवी के घर से बाहर निकला। अपनी मोटरसाइकिल स्टार्ट की और वहां से निकल पड़ा। गोली मारने के बाद वह समझ चुका था कि पुलिस गिरफ्त से वह बच नहीं सकता। सतीश ने यह भी कहा कि वह सीधे आकर सरेंडर कर सकता था। लेकिन उसने पहले सुन रखा था की इस तरह के वारदात को अंजाम देने के बाद सिलेंडर करने से पुलिस जमकर धुलाई करती है। इस खौफ से उसने भागने में अपनी भलाई समझी।

### ठेकेदार ने उपलब्ध कराया था देसी कट्टा

छात्र के पास देसी कट्टा आया कहां से? यह एक ज्वलंत प्रश्न था। पूछने पर सतीश ने बताया कि बसिया ब्लॉक ऑफिस के आसपास सड़क का काम चल रहा था। उस समय संजय सिंह नामक एक ठेकेदार जो उक्त सड़क का काम करवा रहा था। सतीश उसके संपर्क में आया। सतीश ने उससे अपनी व्यथा बतायी। और कहा कि मुझे विमला देवी को गोली मारनी है। ठेकेदार संजय ने पहले उसे समझाया कि इस तरह के कदम नहीं उठाया करते। लेकिन सतीश के सर पर तो दूसरा ही जुनून था। उसने ठेकेदार संजय से जिद कर डाली कि उसे हर हाल में कट्टा चाहिए। संजय ने एक आदमी के द्वारा 15000 में उसे कट्टा दिलवा दिया। यह लगभग 2 वर्ष पुरानी बात है। आखिर 22 दिसंबर की शाम 4 बजे उसने अपने अपराधिक फैसले पर अंतिम मुहर लगा दी।

**गोली चलाने के बाद अब पछता रहा है सतीश:** एक छात्र सतीश इस अपराध को अंजाम देकर अब कैसा महसूस कर रहा है? यह सवाल सुनते ही उसकी आंखें भर आई। सतीश कहने लगा अगर मेरी गोली से विमला देवी की मौत हो जाती तो उतना पछतावा नहीं होता। मगर मुझसे अपराध भी हो गया और मेरा मकसद एक पुरा नहीं हुआ। इस बात का उसे बहुत पछतावा है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधक प्राधिकार की हुई बैठक

# कोरोना को लेकर गुमला में अलर्ट जारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कोरोना संक्रमण को लेकर गुमला में अलर्ट जारी किया गया है। चीन में कोरोना वायरस की लगातार गंभीर होती स्थिति, बढ़ती लहर और विश्व स्वास्थ्य संगठन की कड़ी चेतावनी के को देखते हुए हुए गुमला जिले में यह अलर्ट जारी किया गया। उपायुक्त सुशांत गौरव ने शुक्रवार को जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति के साथ बैठक की। बैठक में जिले के अस्पतालों में कोविड बेड, आइसीयू बेड, आक्सीजन की तैयारी, जांच के लिए विभिन्न इकाइयों की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### बूस्टर डोज जरूर लगवा लें: डीसी

उपायुक्त ने अधिक टीकाकरण करने का निर्देश दिया है। लोगों को बूस्टर डोज देने की अपील की गई है। सरकारी अस्पतालों में आने वाले लोगों को कोरोना वायरस की जांच करने को कहा गया है। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गुमला, डीएसपी, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर/बसिया, सिविल सर्जन गुमला, एसीएमओ गुमला के अलावा अन्य कई पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### सावधानी बरतने के निर्देश

उपायुक्त ने कोरोना से पीड़ित मरीजों की पहचान, दूसरे प्रभावित देशों से गुमला आने वाले लोगों की निगरानी करने, भीड़भाड़ वाले इलाके में मास्क का प्रयोग करने संबंधी अन्य निर्देश दिये। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश जारी करने की बात कही।

### चीन में बढ़ रहे संक्रमण से फिर से बढ़ा खतरा

निर्देश में यह बताया जा रहा है कि चीन में एक बार फिर से कोरोना की लहर शुरू हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सभी देशों को अलर्ट पर रहने की चेतावनी जारी की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है इस बार जिनोम सीक्वेंसिंग करना बेहद जरूरी है। चीन में पाये जाने वाला वायरस तेजी से लोगों को संक्रमित कर रहा है। इसके अलावा इसकी मृत्यु दर भी तेज है। थोड़ी सावधानी बरतने भर से फिर से कोरोना को मात दिया जा सकता है।

## फांसी लगाकर आत्महत्या की

**सिसई (आजाद सिपाही)।** लाल पंडरिया गांव के जुरा उरांव का पुत्र सोनेश्वर उरांव (17) ने अपने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बताया जा रहा है कि मृतक का दिमागी हालत ठीक नही था। गुरुवार को वह साप्ताहिक बाजार से घर लौटा और घर के छत में लगे लोहे के पाईप पर गमछा बांधकर फांसी लगा ली। आत्महत्या के कारणों का पता नही चला है। घटना की सूचना पर सिसई पुलिस गांव पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर थाना ले गई। शुक्रवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर भेजा गया। पुलिस मामले के हर पहलूओं की गहनता पुर्वक छानबीन कर रही है। वहीं मृतक के पिता ने अपने पुत्र की आत्महत्या को लेकर थाना में यूडी केस दर्ज कराया है।

## रेफरल अस्पताल बसिया के पुराने भवन का निरीक्षण किया

**बसिया (आजाद सिपाही)।** वैश्विक महामारी कोविड के बढ़ते खतरे के मद्देनजर बीडीओ रविंद्र कुमार गुप्ता एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विजय लकड़ा द्वारा कोविड केयर यूनिट बनाने के लिए शुक्रवार को रेफरल अस्पताल बसिया के पुराने भवन का निरीक्षण किया गया। बीडीओ रविंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि पुराने भवन में ऑक्सीजन कनेक्शन के साथ अबिलम्ब 20 बेड का सीसीयू बनाने की तैयारी प्रारंभ की गयी है इसे बाद में बढ़ा कर 40 बेड तक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह बेड उनके द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

## ऑटो पलटने से युवक की मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बाजार टाड़ निवासी 35 वर्षीय संजय उरांव की मौत गुरुवार रात ऑटो पलटने से हो गई। जानकारी के अनुसार संजय उरांव सुमित गांव के आशीष उरांव एवं एक अन्य युवक के साथ अपनी हार्डवेयर दुकान का सामान लेने गुमला गया हुआ था जहां से लौटने के क्रम में बिशनपुर थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया जिससे संजय उरांव का सर ऑटो में दब गया एवं सवार दो अन्य युवक को भी हल्की फुल्की चोट लगी। इधर परिजनों को सूचना मिलते ही आनन-फानन में घायलों को सदर अस्पताल गुमला ले जाया गया जहां चिकित्सक ने संजय उरांव को मृत घोषित कर दिया। इधर परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है खबर लिखे जाने तक पोस्टमार्टम उपरांत शव बिशुनपुर नहीं पहुंचा था।

## अनुमंडल मुख्यालय स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय में सुविधाओं का घोर अभाव

**बसिया (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय में बिजली पानी जैसे सुविधाओं का घोर अभाव का सामना चिकित्सालय में पदस्थापित कर्मी विजय सिंह को करना पड़ रहा है ।मालूम हो कि पूर्व में इस चिकित्सालय कर्मचारी के अभाव में हमेशा बन्द रहता था जिसकी शिकायते ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि हमेशा करते आये थे। जब से विजय सिंह की स्थानांतरण बसिया हुआ। वे उसी चिकित्सालय में ही हमेशा रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते है। इस चिकित्सालय में बिजली कनेक्शन और पानी की कोई सुविधा नही होने के कारण विजय सिंह वर्तमान में भी लालटेन युग मे जी रहे है साथ ही पानी के लिए वे अनुमंडल एवं प्रखंड पदाधिकारियों के आवासीय परिसर में जाकर पानी लेकर अपने दैनिक कार्य करते है।

## किसान सम्मान दिवस का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, विकास भारती बिशुनपुर गुमला में किया गया

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** भारत सरकर के द्वारा आज पूरे देश में किसान सम्मान के आयोजन पूरे देश में किया गया है, इसी कड़ी में कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के अम्बेडकर सभागार में किसान गोष्ठी का सीधा प्रसारण कों दिखाया गया। इस कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई, साथ ही साथ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दो कार्य क्षेत्र में प्राकृतिक खेती एवं मशरूम खेती में कार्य कर रहें 2 विशिष्ट किसान को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमें प्राकृतिक खेती के लिए वचन देव खेरवार लगड़ाटाड़ एवं मशरूम की खेती के लिए संगीता भगत रोल को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण की मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर का सीधा प्रसारण जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए 225 किसानों के बीच लाइव प्रसारण के माध्यम से पूरे भारत में किसानो द्वारा किये जा रहें बदलाव एवं उनके अपेक्षाओ कों, उनके अनुभव कों सीखा गया, साथ ही साथ किसानों को प्राकृतिक खेती के उत्पादन को प्रायोगिक कराकर दिखाया भी गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बिशुनपुर प्रखंड के प्रखंड प्रमुख राज लक्ष्मी, विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, विकास भारती के राज्य समंवयक पंकज सिंह, जल छाजन के समंवयक राम कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के सभी वरीय वैज्ञानिक डा. नीरज कुमार वैश्य, एनो राय, विनोद कुमार, राजीव सिंह, योगेश कुमार सहित किसान लोग कार्यक्रम के सहभागि बने।

## हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुसो थाना क्षेत्र के नगड़ा डीपा कड़िया बगीचा के समीप गुरुवार शाम युवक कैलाश राम की गोली मारकर हुई हत्या के गिरफ्तार अभियुक्त विजय रवि (25) को शुक्रवार को पुसो पुलिस ने जेल भेज दिया। इस बावत एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल एवं थानेदार सत्यम गुप्ता ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुरुवार को पुसो गांव निवासी सुरेश राम ने अपने भांजे कैलाश राम की गोली मार कर हत्या करने को लेकर पुसो गांव के अपने चचेरे भाई दिनेश राम के साला डाड़हा, सिसई निवासी विजय रवि जो वर्तमान में अपने जीजा के घर पुसो में रहता है के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कांड अंकित कर वरीय पदाधिकारी एसपी गुमला के निर्देश पर थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता, एसआइ कफील अहमद एवं पुलिस जवानों की टीम गठित किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को पुसो थाना क्षेत्र के खेर्रा जंगल से गुरुवार रात करीब 8:15 बजे पकड़ा गया, तलाशी में उसके जेब से चार खाली खोखा बरामद हुआ, जिसके बाद विजय रवि को गिरफ्तार कर लिया गया। पुछताछ में उसने अपने रिश्ते में भांजा कैलाश राम को गोली मारने की बात स्वीकार करते हुए घटनास्थल पर ही हथियार छुपाने की बात बताई। अभियुक्त के निशान देही पर घटनास्थल से घटना में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल जिसमें दो गोली लोडेड थी व दो खाली खोखा बरामद किया गया। विजय रवि ने अपने बयान में बताया की बीते आठ माह पहले नाली को लेकर उसका कैलाश राम से अंबेडकर चौक पुसो स्थित घर के समीप विवाद हुआ था। उसी समय से वह कैलाश को जान से मारने की ताक में था। गुरुवार शाम करीब 4 बजे कैलाश को बहला फुसलाकर कड़िया बगीचा अपने साथ ले गया। जहां मौका पाकर अपने पास रखें पिस्टल से कैलाश पर दो गोली चलायी जिसमें से एक गोली कैलाश के सीने में लगी, वह चिल्लाते हुए वहीं गिर गया। हल्ला सुन खेत में काम कर रहे लोगों को आता देख वह घटनास्थल से फरार हो गया। अभियुक्त विजय रवि पर हत्या एवं आर्म्स एक्ट के तहत दो अलग-अलग कांड अंकित किया गया है। वहीं एसडीपीओ ने बताया कि मामले को लेकर अन्य पहलुओं की गहनता पुर्वक छानबीन की जा रही है।

## पशु तस्कर फिर सक्रिय

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** कुछ दिनों से शांत रहने के बाद पशु तस्कर फिर सक्रिय हो गये हैं। लगातार छत्तीसगढ़ से जारी चैनपुर कुरूमगढ़ के रास्ते से तस्करी की जाती हैं। चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के सिविल गांव से कुरूमगढ़ पुलिस ने क्रूरता पूर्वक हांकते हुए ले जा रहे 75 गोवंश को तस्करों से मुक्त कराया। हालांकि कोई भी तस्कर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर जंगल की ओर भाग निकले। प्रभारी थाना प्रभारी अमर पोदार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर क्रूरता पूर्वक गोवंश पशुओं को हादसे हुए जंगल के रास्ते से कोटा की ओर ले कर जा रहे हैं त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के सिविल गांव के पास 75 गोवंश पशुओं को जप्त किया गया हालांकि अंधेरे वह जंगल का फायदा उठाकर सभी तस्कर फरार हो गए। सभी जब पशुओं को पुलिस के द्वारा नगर थाना ले आई गई है। काजी कार्रवाई के बाद सभी पशुओं को भीमा नामा लेकर ग्रामीणों को सौंप दिया जाएगा। इससे पूर्व भी कुरूमगढ़ पुलिस ने पशु तस्करी पर कार्रवाई करते हुए 115 गोवंश पशुओं को तस्करों के चंगुल से आजाद कराया था।

## तेलगांव में वृद्ध की पत्थर से कूच कर हत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के तेलगांव स्थित तुमबा टोली के 72 वर्षीय एंटोनी बाखला की अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से कूच कर हत्या कर दी। पुलिस ने सुबह-सुबह एंतोनी के ही खेत से उसका शव बरामद किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन

# बाल विवाह और कम उम्र में गर्भधारण के दुष्परिणाम के बारे में विशेष जानकारी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** शुक्रवार को राजीव गांधी भवन में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के सयुंक्त तत्वाधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एन एम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, बीटीटी, एमपीडब्ल्यू को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, युवा मैत्री केंद्र, बाल विवाह एवं कम उम्र में गर्भधारण के दुष्परिणाम के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। मौके पर सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के वरिष्ठ अधिकारी व्योमकेश कुमार लाल ने झारखंड एवम गुमला जिला में कम उम्र में विवाह एवं गर्भधारण संबंधी आंकड़ों को दर्शाते हुए कहा कि इस समस्या के उन्मूलन में एएनएम की महत्वपूर्ण भूमिका है। किशोर किशोरियों एवं अभिभावकों को जागरूक करने के लिए एएनएम किशोर स्वास्थ्य दिवस, क्लब मीटिंग, ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस, आदि अवसरों का उपयोग कर सकती हैं। सभी एएनएम को कम उम्र में विवाह एवं गर्भधारण के कारणों तथा दुष्परिणामों को चिंहित किया तथा उन्हे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने पर सहमति बनायी।



### कुल 40 एएनएम उपस्थित थी

किशोरियों, अभिभावक एवं पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम सभा, महिला मंडल को इन सब विषयों पर अधिक से अधिक जागरूक करने की आवश्यक्ता है स्थानीय स्तर पर निगरानी एवम सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करना होगा। इस कार्यक्रम में युवा मैत्री केंद्र के परामर्शदाता, आरकेएसके बीटीटी अनीता बाड़ा, आरकेएसके एमपीडब्ल्यू संजय कुमार और राकेश पांडे, सी 3 इंडिया के क्लस्टर समन्वयक कर्मिला देवी, रजनी केरकेट्टा और कुल 40 एएनएम उपस्थित थीं।

# महापौर ने किया योग गुरु को पलामू आने के लिए आमंत्रित

## पलामू प्रमंडल बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश एवं झारखंड का संगम है जहां कई ऐतिहासिक कार्यक्रम हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड में चल रही पतंजलि की योजनाओं को देखने एवं भावी योजनाओं पर विचार करने रांची आयी। अखिल भारतीय पतंजलि महिला प्रभारी कुलश्रेष्ठ साध्वी देवप्रिया दीदी के पास विश्व योग गुरु बाबा रामदेव जी को पलामू आने का निमंत्रण लेकर पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर, महामंत्री इंद्रजीत सिंह डिंपल तथा चेंबर के एक्सयूट्यूब सदस्य



फिरोजउद्दीन अंसारी को दीदी से वार्ता कर भेजा। महापौर ने दीदी को बताया हमारा पलामू प्रमंडल बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश एवं झारखंड 4 राज्यों का संगम है जहां कई ऐतिहासिक कार्यक्रम हुए। महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि हमारा प्रमंडल उभरता हुआ तथा कई संभावनाओं से भरा प्रमंडल है। इस पर साध्वी देवप्रिया दीदी ने खुशी जाहिर करते हुए बताया मैं महापौर अरुणा जी एवं पलामू वासियों की भावनाओं को बाबा तक पहुंचा दूंगी। साथी ही दीदी ने आश्वस्त किया कि अगले वर्ष 2023 मार्च, अप्रैल में योग गुरु बाबा रामदेव जी का झारखंड में होने वाला मेगा कार्यक्रम पलामू मुख्यालय में कराने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बड़े स्तर पर होगा इसमें लगभग एक लाख लोगों के आने की संभावना होगी। अध्यक्ष आनंद शंकर ने इसे सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि आप हमें मौका दें,पलामू आपके आतिथ्य और सत्कार में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने देगा। यह कार्यक्रम निश्चित तौर पर पूरे झारखण्ड में मील का पत्थर साबित होगा। महापौर अरुणा शंकर ने इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देने हेतु अथक प्रयास कर रही हैं। छवि विरवानी तथा पलामू पतंजलि के सदस्यों के अलावे तमाम पलामू चेंबर सदस्यों को विशेष धन्यवाद दी जिनके बदौलत इतना बड़ा कार्यक्रम करने हेतु रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# आज रिलीज हो रही है पलामू के निर्देशक राहुल शुक्ला की फिल्म उपन्यास

## फिल्म में साथ दिखेंगे मुंबई और पलामू के कलाकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आज पलामू के राहुल शुक्ला की बहुप्रतीक्षित हिंदी फिल्म उपन्यास रिलीज हो रही है। इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफार्म एमएक्स प्लेयर पर देखा जा सकता है। इस फिल्म की शूटिंग मुंबई और पलामू में की गयी है। निर्देशक राहुल शुक्ला ने बताया की फिल्म उपन्यास की कहानी एक ऐसी लुब्धि उपन्यास लेखक के जीवन पर आधारित है जो अपने लिखे किरदारों को जीवंत देखने लग जाता है। यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है। रिलीज से पहले फिल्म को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में भेजा गया था जहाँ से इसे कई पुरस्कार मिला है। इस फिल्म में बॉलीवुड के कलाकारों के साथ पलामू के कई कलाकार मुख्य




भूमिका में दिखेंगे। इस फिल्म के सिनेमेटोग्राफर बादल मणि भी झारखंड के रहने वाले है। राहुल ने फिल्म के निर्देशन के साथ-साथ स्टोरी, स्क्रीन प्ले और डायलॉग काम भी खुद से सम्हाला है। पलामू के संजीत प्रजापति फिल्म में आर्ट डायरेक्टर के रूप में योगदान दिया है। राहुल ने बताया की पलामू में शूटिंग के समय चेम्बर अध्यक्ष आनंद शंकर व कर्नल संजय सिंह से काफी सहयोग मिला। इस फिल्म में नदीम खान,आदित्य लाखिया जैसे मुम्बइया सितारों के साथ पलामू के जाने माने रंगकर्मी सैकत चट्टोपाध्याय, अविनाश तिवारी, मुनमुन चक्रवर्ती, संजीव सिंह, संजीव तिवारी राजन, रजनीकांत सिंह, संजीव नयन आदि ने काम किया है। इसकी शूटिंग मेदिनीनगर शहर के कई जगहों के साथ दुबियाखाड़, केचकी आदि जगहों पर किया गया है।

### राहुल ने पलामू के लोगों से किया अपील

उपन्यास फिल्म के निर्देशक पलामू के रेहला के रहने वाले है। स्थानीय सेक्रेड हार्ट स्कूल की शिक्षिका अनिता शुक्ला तथा संत तुलसीदास इंटर कॉलेज रेहला के व्याख्याता डॉ विजय प्रसाद शुक्ल के पुत्र राहुल पिछले कई सालो से मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में काम कर कर रहे है। इससे पहले उनकी कई शार्ट फिल्म, फिल्म व विज्ञापन फिल्म रिलीज हो चुकी है।

# अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों की हरसंभव मदद के लिए हो रहे जरूरी उपाय : उपायुक्त

अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 19 मामलों में राशि भुगतान की मिली स्वीकृति



मेदिनीनगर। पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 संशोधित अधिनियम 2016 के द्वारा जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक हुई।बैठक में अधिनियम के तहत मामलों की चर्चा हुई। इसमें 19 मामलों के लिए राशि भुगतान की स्वीकृति दी गयी। जिले के विभिन्न थानों में दर्ज कांड एवं पुलिस प्रशासन की अनुशंसा प्राप्त मामलों को बैठक में रखा गया था, जिसमें राशि भुगतान हेतु स्वीकृति प्रदान करते हुए पीड़ितों के बीच भुगतान करने का निर्णय लिया गया। जिन 19 मामलों में राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई,उसमें जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने,मारपीट करने एवं गाली-गलौज करने आदि से संबंधित था। इससे संबंधित जिले के विभिन्न थानों में कांड दर्ज कर अनुसंधान की गई थी। जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने बताया कि 19 पीड़ित एवं पीड़िताओं के बीच 16लाख 87 हजार 500 रुपए की राशि भुगतान की स्वीकृति मिली है। निदेशानुसार स्वीकृत राशि लाभुकों के बीच शीघ्र भुगतान की जायेगी। डीसी ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों पर अत्याचार और भेदभाव को रोकने के मकसद से अधिनियम बनाया गया। इसके तहत इन लोगों को समाज में एक समान दर्जा दिलाने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं और इनके हर संभव मदद के लिए जरूरी उपाय किए गए हैं। इनपर होने वाले अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि वे अपनी बात खुल कर रख सकें। बैठक में श्री दोड्डे के अलावा डीडीसी रवि आनंद, सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू,सदर एसडीओ राजेश साह, डीएसपी ऋषभ गर्ग, अधिवक्ता अनिल पांडेय, श्रवण कुमार आदि उपस्थित थे।

# प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण भीम चूल्हा, पिकनिक स्पॉट सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र

## पौराणिक मान्यताओं के अनुसार अज्ञातवास की अवधि में पांडव भी पहुंचे थे भीम चूल्हा

धनंजय कुमार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में भीम बराज के तट पर स्थित भीम चूल्हा अब पिकनिक स्?पॉट बन गया है। प्रकृति की गोद मे बसा इस जगह का महत्व महाभारत काल से भी जुड़ा है। भीम चूल्हा और पांडवों व कुंती के पैरों के निशान देखने दूर-दूर से लोग आते हैं।सर्दियों का मौसम आते ही लोग पिकनिक का प्लान शुरू कर देते हैं। दिसंबर से पिकनिक की शुरूआत हो जाती है, जो करीब फरवरी से मार्च तक चलती है। लोग परिवार व दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जाते हैं। ऐसे में अच्छे से अच्छे पिकनिक स्पॉट की तलाश की जाती है।यदि आप पलामू में पिकनिक करना चाहते हैं तो भीम बराज के तट पर स्थित भीम चूल्हा आपके लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है।इस प्रसिद्ध भीम चूल्हा को देखने दूर-दराज से लोग आते हैं।सैलानियों के झुकाव को देखते हुए पिछले 2-3 सालों में इसे और विकसित किया गया है। पौराणिक मान्यता है कि पांडव अज्ञात वास होने की अवधि में यहां रहे थे। इस दौरान भीम ने खाना बनाने के लिए इस चूल्हे का इस्तेमाल किया था। इसी वजह से जगह का नाम भीम चूल्हा पड़ा है।भीम चूल्हा के पत्थरों पर आज भी पांडवों व माता कुंती के पैरों के निशान मौजूद हैं, जिसे देखने लोग आते हैं। भीम चूल्हा पर पर्यटकों के रूझान को देखते हुए जिला प्रशासन ने पिछले 2-3 सालों में इसे और विकसित किया है।यहां पांचों पांडव व कुंती की प्रतिमा बनाई गई है। भीम चूल्हा पर एक बड़ी सी कड़ाही रखी गई है। यहां तरह-तरह के पेड़-पौधे लगाकर इस जगह और खूबसूरत रूप देने की कोशिश की गई है। साथ ही बराज के पानी और आसपास की वादियों को ऊचाई से देखने के लिए एक टावर का निर्माण कराया गया है।



### काफी संख्या में पिकनिक मनाने आते हैं लोग

मंदिर के पुजारी पंडित गंगा तिवारी ने बताया कि इस जगह का महत्व महाभारत काल से जुड़ा है। भीम चूल्हा और पांडवों व कुंती के पैरों के निशान देखने दूर-दूर से लोग आते हैं। पिछले 2-3 सालों में इसे और विकसित किया गया है।अब भारी संख्या में लोग यहां पिकनिक मनाने भी आते हैं। भीम चूल्हा के सौंदर्यीकरण हो जाने से यहां पर्यटकों की गतिविधि तेज हो गई है। खास कर लोग यहां पिकनिक बनाने आते हैं। भीम बराज से पानी की उपलब्धता है। इस लिहाज से भी पिकनिक के लिए अच्छा स्पॉट हैं।

### बुनियादी सुविधाओं के विकास की जरूरत

पुजारी गंगा तिवारी ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से भीम चूल्हा को पर्यटन स्थल का दर्जा प्राप्त है ।लेकिन अभी भी इस स्पॉट पर शौचालय व पानी की समुचित व्यवस्था नही किया गया है ।उन्होंने जिला प्रशासन से पर्यटन स्थल भीम चूल्हा के सर्वांगीण विकास के लिए पेड़ पौधों व फूलों के सिचाई के लिए पानी व शौचालय निर्माण की मांग की है,जिससे इसके सौंदर्यीकरण में निखार आ सके और सैलानियों को भी स्वच्छ व सुंदर स्पॉट उपलब्ध हो सके।

# ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में आयोजित खेल वार्षिकोत्सव का हुआ समापन

**बिश्रामपुर(पलामू)।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचंपा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में आयोजित खेल वार्षिकोत्सव का आज समापन हुआ। स्कूल के संस्थापक उमेश सिंह एवं श्रीमती नयनतारा सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन किया। उमेश सिंह ने कहा कि बच्चों के संपूर्ण शरारिक व मानसिक विकास हेतु खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहद जरूरी है। बच्चो को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी पारंगत होना चाहिए है। चेयरमैन अमित कुमार सिंह बाबुल ने विद्यालय ध्वज फहराया और बच्चों के मार्च पास्ट की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। खेल से भी कैरियर को संवारा जा सकता है। बच्चों के सुनहरे भविष्य निर्माण हेतु ही हर वर्ष खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाता है। प्राचार्य ओमप्रकाश मिश्रा ने सभी राउंड के गेम का संचालन किया। खेल वार्षिकोत्सव प्रतियोगिता के सीनियर ग्रुप बिस्किट रेस में वसुंधरा,मेढक रेस में अभिनव, 200 मीटर रेस में सिद्धांत विजेता बने। वहीं जूनियर ग्रुप में दिलीप कुमार यादव दो सौ मीटर दौड़ प्रतिगिता के विजेता बने। इसके अलावा चम्मच रेस में खुशनुमा,रस्साकशी गेम में विवेकानंद हाउस, बिष्किट रेस में यूकेजी के आदित्य,बैलून रेस में यूकेजी की श्वेता,मैथ रेस में साक्षी,प्रिंस कुमार व मटका रेस में दसवीं कक्षा के में राजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# घासीदाग पंचायत के जमारी गांव में लगा स्वास्थ्य शिविर



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत घासीदाग पंचायत के जमारी गांव में स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ शिविर वरीय समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह के प्रयास से आयोजित हुआ था। शिविर का उद्घाटन अभिमन्यु सिंह की सामाजिक संस्था के राहुल दुबे,डॉ एमएम प्रसाद व मुखिया अंजू देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 200 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में यक्ष्मा,टाइफाइड व मलेरिया के सबसे ज्यादा मरीज पाये गये। जांचोपरांत सभी मरीजों को मुफ्त दवा भी दिया गया। बताते चले कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अभिमन्यु सिंह से जमारी गांव में स्वास्थ शिविर लगवाने की मांग की थी। जिसके बाद श्री सिंह ने पलामू सीएस से जमारी गांव में स्वास्थ शिविर लगवाने का आग्रह किया था। इसी आग्रह के आलोक में आज शिविर आयोजित किया गया था। शिविर की सफलता में उपेंद्र यादव,डब्लू यादव,बबलू यादव,सलीमुदीन अंसारी,प्रवीन सिंह,रीता देवी,अनिल पासवान,अनीता देवी,मिनहाज आलम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रखंड संसाधन केंद्र में कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र हुसैनाबाद में प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रखंड संसाधन केंद्र हुसैनाबाद अंतर्गत कुल 11 संकुल से 22 रसोईया ने भाग लिया। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मरहा के रसोईया गायत्री देवी ने प्रथम स्थान ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैंरांव की रसोईया निर्मला देवी को दूसरा स्थान एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय झरगड़ा की रसोईया बबीता देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के बाद तीनों प्रथम, द्वितीय ,तृतीय रसोईया को जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता हेतु भेजा जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन अभय कुमार सिंह एवं विनोद कुमार के द्वारा कराया गया। संचालन बीआरपी विनय कुमार सिंह ने किया। प्रतिभागियों का चयन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयराम मेहता कि अध्यक्षता में की गई। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सनी कुमार दास, सभी संकुल साधन सेवी एवं सभी बीआरसी कर्मी का योगदान रहा।

# बाबा महत्वना धाम पर 31 दिसंबर को लगेगा भव्य मेला



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** खुटिसोत नदी तट किनारे स्थित बाबा महत्वना धाम परिसर में 31 दिसंबर को भव्य मेला लगेगा। इसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में आस्था के केंद्र बाबा महत्वना धाम देव स्थल पर साल के अंतिम दिन मेला लगता रहा है। धाम के पुजारी सरयू चौधरी ने बताया कि इस बार मेला को अविस्मरणीय बनाने के लिये कई नये प्रयोग किये जा रहे है। मेला में बच्चों के मनोरंजन हेतु भी व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा मेला स्थल पर सारा दिन भोजपुरी दोगोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। गौरतलब है कि इस मेले में दूर-दूर से लोग आते है। चुकी महत्वना धाम देव स्थल प्रकृति के गोद मे स्थित है। इसलिये इस मनोरम स्थल पर लोग पिकनिक का भी लुफ्त उठाने आते है। मेला को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अरविंद पाल,कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा,सचिव गोविंद पाल सहित कई लोग लगे हुये है।

# कर्नल कप टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में बाइचुंग भूटिया की टीम बनी विजेता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के कपूरीं मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच शुक्रवार को अमहि बनाम मोहम्दाबाद के बीच खेला गया। फाइनल मैच काफी रोमांचक और ऐतिहासिक रहा।फाइनल मुकाबले में मोहम्दाबाद टीम की कप्तानी भारतीय टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया व अमहि टीम की कप्तानी भारत के मशहूर फुटबॉलर अजय सिंह ने किया। दोनों टिमो के खिलाड़ी गोल मारने के लिए भरपूर जद्दोजहद करते रहे मध्यांतर के बाद मोहम्दाबाद की टीम ने एक गोल कर फाइनल मैच का विजेता बना। फाइनल मैच को लेकर लोग 12 बजे से ही मैदान में जुटना शुरू हो गए थे। फाइनल मैच का उद्घाटन भारत के महान फुटबॉलर सह भारतीय टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया,महान फुटबॉलर अजय सिंह,मंजीत सिंह,पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, कर्नल स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह,एसडीपीओ पूज्य प्रकाश व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मारकर किया ।मौके पर खेल प्रेमी दर्शकों को संबोधित करते हुए भारतीय टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के फुटबॉल प्रतियोगिता से खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होने के साथ प्रतिभा निखारने का भी अवसर मिलता है ।उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में हौसला और जुनून हो तो खेल के क्षेत्र में बेहतर मुकाम हासिल कर सकते हैं।


















## जन मानस की मदद व अपनी जिम्मेदारियों का इमानदारी से करें पालन : जितेंद्र कुमार

# ससमय दायित्वों का करें निष्पादन : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जायका गुड गवर्नेंस सप्ताह के तहत शुक्रवार को हैपनिंगस सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत पुलिस उप महानिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह शामिल हुए। इसके अलावा पुलिस उप महानिरीक्षक कोयला प्रक्षेत्र पटले मयूर कन्हैया लाल, डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन झा, डीडीसी कीर्तीश्री, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार और चास अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत आदि उपस्थित थे। सभी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

सेवानिवृत पुलिस उप महानिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प्रशासन का कार्य समाज के पिछले पायदान पर वंचित लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उनका उत्थान करना है। हमारी सेवा से उन्हें संतुष्ट करना है। जिन्हें जो भी दायित्व मिला है उसका ईमानदारी से निर्वाहन भी खुद को संतुष्टी प्रदान करता है। उन्होंने अपने सेवा काल में घटित कुछ घटनाओं और उनके द्वारा उठाए गए कदम से भी लोगों को अवगत कराया। कहा कि कभी-कभी हमारी छोटी सी पहल सामने वालें को तत्काल राहत पहुंचा देती है। इसके लिए हमे सदैव तत्पर रहना चाहिए। वहीं, पुलिस उप महानिरीक्षक कोयला प्रक्षेत्र पटेल मयूर कन्हैया लाल ने कहा कि समाज का एक बड़ा हिस्सा सरकार की योजनाओं पर निर्भर रहता है। हमारा काम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक उन योजनाओं को कैसे पहुंचाएं। उन योजनाओं का लाभ प्राप्त होने के बाद उनके चेहरे पर जो संतुष्टि का भाव दिखता है, वहीं हमारी सेवा की सुंतिष्ट है।

उधर, डीसी कुलदीप चौधरी ने गुड गवर्नेंस सप्ताह के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने और समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभांवित करना प्रशासन का कार्य है। वर्तमान समय में आम जन अपनी बातों/शिकायतों को पीजी पोर्टल, सीपी ग्राम, जन शिकायत, विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से रखते हैं, जिसका समाधान किया जाता है। डीसी ने पिछले दिनों आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगभग पांच लाख 28 हजार आवेदन प्राप्त होने की जानकारी दी, जिसका शत प्रतिशत निष्पादन हो गया है। उन्होंने अधिकारियों-कर्मियों को अपने कर्तव्य का ससमय निष्पादन करने को कहा। आम जनमानस को बेहतर सेवा देने की बात कहीं। दूसरी ओर, एसपी चंदन झा ने कहा कि कई मामलों में पुलिस को अपने भावनाओं को दरकिनार कर काम करना पड़ता है। फैक्ट के आधार पर सही गलत की पहचान कर निर्णय लेने को कहा। आने वाले समय में हिडेन क्राइम की संख्या बढ़ेगी। इसके लिए पुलिस को और तैयारी करनी होगी। एसपी ने कहा कि समय के साथ हमें पारंपरिक पद्धति को छोड़ नई तकनीक का इस्तेमाल करना होगा। अनुसंधान में विज्ञान और तकनीक का समावेश जरूरी है। आम जन मानस के साथ पुलिस को बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा। वहीं, डीडीसी कीर्तीश्री जी कहा कि गुड गवर्नेंस पहले भी था। अगर हम इतिहास में देखें तो राजा अपनी प्रजा का ख्याल रखते थे। वर्तमान में सरकार अपनी जनता का ख्याल रखती है, उन्हें समृद्ध बनाने को लेकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है।हमारा दायित्व है कि हम आम जनमानस से जुड़े कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरतें और ससमय उसे पूरा करें।

## हमें पारंपरिक पद्धति छोड़ नयी तकनीक का करना होगा इस्तेमाल : एसपी



जिला स्तरीय कार्यशाला में शामिल पूर्व डीआइजी जितेंद्र सिंह, डीसी, एसपी व अन्य।

### विभागों ने बतायी अपने-अपने विभाग की उपलब्धियां

कार्यशाला में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा गुड गवर्नेंस को केंद्रित करते हुए जिला स्तरीय फिल्म क्लिप का प्रदर्शन किया गया। जिसमें सभी विभागों द्वारा किए गए कार्यों, लाभुकों के राय आदि को दिखाया गया। वहीं, सभी विभागों जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, पुलिस विभाग आदि द्वारा क्रमवार पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभाग से जुड़े कार्य/उपलब्धियों की जानकारी दी गई। बेहतर कार्य/प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करने वाले जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीआरडीए निदेशक संजीव कुमार, मुख्यालय डीएसपी मुकेश सिन्हा, सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार, डीसीएलआर जेम्स सुरीन, डीएसओ गितांजलि, विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक सुमन डीआइओ धनंजय कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, ट्राफिक डीएसपी पुनम मिंज, डीईओ प्रबला खेस, समाज कल्याण पदाधिकारी सत्यबाला सिन्हा, कल्याण पदाधिकारी श्री एस एक्का, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे, डीपीएम एनएचएम कंचन कुमारी आदि थे।

## जल्द होगा वित्त रहित शिक्षा कर्मियों की समस्याओं का अंत: हेमंत सोरेन

### मुख्य सचिव को समस्या के यथाशीघ्र समाधान का निर्देश


मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर ज्ञापन सौंपता जिक्टा का प्रतिनिधिदल।

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** झारखंड सरकार के सचेतक सह टूंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो और विधायक दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में जिक्टा का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला। जिक्टा प्रतिनिधि में प्रधान महासचिव डॉ सुनील कुमार सिन्हा एवं प्रदेश महासचिव डॉ अरुण कुमार महतो ने अपने एक सूत्री मांग पर ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें झारखंड में वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त कर नियमावली बनाते हुए सभी वित्त रहित कर्मचारियों की सेवा सरकारी संवर्ग में करते हुए वेतनमान देने की अपील की गई है। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सचिव को उपरोक्त समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया की आने वाले बजट सत्र में वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करने का संबंधित बिल लाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया की आने वाले सत्र तक सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा। गौरतलब हो कि शहीद शक्तिनाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजूआ में विगत दिनों हुई राज्य स्तरीय सम्मेलन में टुंडी विधायक मथुरा महतो ने वादा किया था कि शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री से जिक्टा के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराएंगे। उन्होंने अपना वादा पूरा किया।

## सेल के विभिन्न संयंत्रों के अधिकारियों के लिए लर्न फ्रॉम ईच अदर नामक कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन विकास विभाग की ओर से सेल के विभिन्न संयंत्रो के अधिकारियों के लिए कोंफ्रेस हॉल में शुक्रवार को एक्सलेरेटिंग स्किल डेवलपमेंट थ्रू रिकोग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल) एंड अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग विषय पर लर्न फ्रॉम इच अदर (एलईओ) नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसके उद्घाटन सत्र में निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश, अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं), सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (माइंस), जयदीप दास गुप्ता, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन), दुगार्पुर इस्पात संयंत्र, आरमुनी राजु, अधिशासी निदेशक (एचआरडी-एमटीआई) संजीव कुमार आदि उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी ने आरपीएल एवं अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग की महत्ता पर प्रकाश डाला और इन दोनों ही प्रशिक्षणों को गवर्नमेंट के गाइड लाइंस के अनुसार पालन करने की संदेश दिया। इस दौरान महाप्रबंधक (कारपोरेट एचआरडी) संजय उपाध्याय ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सेल के सभी संयंत्रो में हो रहे आरपीएल एवं अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग से जुड़े गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रतिभागियों ने सामूहिक विचार मंथन कर एक्शन प्लान बनाया और उसका प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम का संचालन वरीय प्रबंधक (मासंवि) अमित आनंद, प्रोग्राम ब्रीफिंग महाप्रबंधक (मासंवि) नीता बा और धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (मासंवि) देवाश्री टोप्पो ने किया।

## मेंस कांग्रेस के अध्यक्ष व महामंत्री को फिलहाल रेल प्रशासन ने भी किया मान्यता देने से इनकार

### न्यायालय से पहले ही लग चुकी है अंतरिम रोक

आजाद सिपाही संवाददाता





**महुदा।** पश्चिं बंगाल के अलीपुर अदालत के आदेश के बाद दक्षिण पूर्व रेलवे के रेल प्रशासन ने भी मेंस कांग्रेस के अध्यक्ष और महामंत्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। बतातें चले कि चकरधरपुर में संपन्न हुए दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के बीजीएम चुनाव में यूनियन के संविधान के विपरित जाकर गलत तरीके से पीके सिन्हा और शशि रंजन मिश्रा खुद अध्यक्ष और महामंत्री के पद पे काबिज हो गए थे। जिसके बाद यूनियन के सदस्यों ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित अलीपुर अदालत में जाकर इनके चुनाव को चुनौती देते हुए मामला दर्ज कराया था। वहीं अवैध तरीके से बीजीएम करवाने और पद पे काबिज होने को प्रथम दृष्टया में सही पाते हुए अदालत ने दोनों को अध्यक्ष और महामंत्री के रुप में कार्य करने पर अंतरिम रोक लगा दिया था। साथ ही दोनों को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 15 दिन के अंदर जबाव देने का निर्देश दिया है। इसके बाद दक्षिण पूर्व रेलवे प्रशाशन ने भी कोर्ट के आदेश पर इनको यूनियन का कार्य करने पर रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया है।

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

शुद्धि पत्र

पी० आर० संख्या – 284580 द्वारा विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित **बसिया प्रखण्ड ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना** के ई० निविदा में निम्न प्रकार से शुद्धि पत्र प्रकाशित की जाती है –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बीड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 03.01.2023, 5.00 बजे अपराहन तक। |
| 2 | बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अन्तिम तिथि, समय एवं स्थान :– | 04.01.2023, 5.00 बजे अपराहन तक, (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला के कार्यालय में (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल गुमला के कार्यालय में (3) क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रक्षेत्र राँची के कार्यालय में |
| 3 | निविदा के तकनीकी बीडों के खोलने की तिथि एवं समय :– | 05.01.2023, 12.00 बजे अपराहन से |

निविदा की अन्य नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

PR 285798 Police Wireless Headquarter(22-23).D

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

## महिला प्रभारी सदस्यों के चयन को लेकर बैठक



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की ओर से जारी आदेश पत्र के आलोक में शुक्रवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के देवीपुर में समाज सेवी सह महासंघ के पदाधिकारी रंजीत कुमार के नेतृत्व में महिला ग्राम समिति के चयन को लेकर बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से रेखा देवी, पुष्पा देवी, सरिता देवी, बसंती देवी, सुधा देवी, यशोदा देवी, सुमा देवी, सुनीता देवी, बुधनी देवी अनीता देवी व महिला सूचनामंत्री मालती देवी, चनवा देवी को मनोनीत किया गया। इस मौके पर समाजसेवी सह महा संघ के पदाधिकारी रंजीत कुमार ने कहा कि यह संगठन महिला सशक्तिकरण को बल देने, समाज को सही दिशा में ले जाने और समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया है। महिलाएं आज के दौर में अपने समाज व घर के लिए वरदान साबित हो रही है। इस संगठन से महिलाएं आगे बढ़ेंगे ही समाज को एक नई दिशा भी देंगी।

## 26 को महासम्मेलन की तैयारी को लेकर झाकोमयू की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** जोनल समिति के निर्देश पर शुक्रवार को मकोली स्थित झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ढोरी के कार्यालय में क्षेत्रीय समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष घुनू हंसदा और संचालन क्षेत्रीय सचिव जयनाथ मेहता ने की। बैठक में 26 दिसंबर को रांची के दरभंगा हाउस में आयोजित होने वाले यूनियन के महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि रांची में होने वाले महासम्मेलन में हजारों की संख्या में हम सभी शामिल होकर सफल बनायेंगें। घुनू हंसदा ने कहा कि जोनल समिति के आदेशानुसार आयोजित महासम्मेलन में कोल कर्मियों की समस्या और समाधान के लिए चर्चा की जाएगी। जयनाथ मेहता ने कहा कि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन हमेशा मजदूरों की समस्या के लिए प्रयासरत रहा है। महासम्मेलन में मजदूरों की समस्या, निराकरण और प्रबंधन की दमनकारी नीति के विरुद्ध चर्चा की जाएगी। इस मौके पर एसडीओसीएम शाखा सचिव खेदुलाल, अध्यक्ष अख्तर अंसारी, ढोरी क्षेत्र के कोषाध्यक्ष बाबू राम मांझी, क्षेत्रीय पदाधिकारी देवीलाल मांझी, बिगन सोनी, मंगल हांदसा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता रंजीत महतो, नगर सचिव दीपक महतो आदि उपस्थित थे।

कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल, धुर्वा, रॉंची

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 66/22–23

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि :– दिनांक 02/01/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 03/01/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 03/01/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉंची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एस0एल0डी0सी0 भवन डोरण्डा, राँची स्थित जेडा कार्यालय के कॉन्फ्रेन्स रूम, बाथरूम एवं नवनिर्मित रूम में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 6,08,302.00 | 13,000.00 | 1250.00 | 14 दिन |

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची

PR 285793 Energy (22-23)_D

## गोमिया और हजारी पंचायत के मुखिया ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिलकर ज्ञापन सौंपा



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण सह कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता से रांची स्थित उनके आवास में शुक्रवार को गोमिया पंचायत के मुखिया बलराम रजक व हजारी पंचायत मुखिया तारामणि भोक्ता ने मुलाकात की। इस दौरान मंत्री से अपने क्षेत्र के स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार मुहैया कराने एवं पंचायत के अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसमें कहा है कि गोमिया एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में अधिकांश युवक बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। जबकि क्षेत्र में बारुद कारखाना, ओएनजीसी, बीटीपीएस, टीटीपीएस जैसे बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान हैं। इसके बावजूद क्षेत्र के अधिकतर युवा बेरोजगार पड़े हैं। इस विषय पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है। उधर, मुखिया बलराम रजक ने विधानसभा पहुंचकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर के आप्त सचिव मनोज झा से मिलकर गोमिया में व्याप्त पेयजल समस्या से अवगत कराया।

## प्रमुख व मुखिया ने किया पीसीसी पथ मरम्मत कार्य का शिलान्यास

# पंचायत के सर्वांगीण विकास कार्यों के लिए किया जा रहा प्रयास: गिरजा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता


पीसीसीपथ मरम्मति कार्य का शिलान्यास करती प्रमुख गिरजा देवी व मुखिया मालती सिंह।

**बैदकारो/बेरमो।** बैदकारो पश्चिमी पंचायत स्थित बिरसा चौक के समीप शुक्रवार को बेरमो प्रमुख गिरजा देवी, मुखिया मालती सिंह, उप मुखिया रोहित सिंह और पंचायत समिति सदस्य ममता देवी ने संयुक्त रूप से 15वें वित्त आयोग मद से पीसीसी पथ और नाली मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। पीसीसी पथ और नाली मरम्मती कार्य के लिए संवेदक को दो लाख रुपये की राशि निर्गत की गई है। प्रमुख गिरजा देवी और मुखिया मालती सिंह ने कहा कि पथ मरम्मती होने से आम जनों को आने जाने में सुविधाएं होगी। कहा कि पंचायत के सर्वांगीण विकास कार्यों के लिए प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। इस मौके पर जेएमएम बेरमो प्रखंड अध्यक्ष संतोष महतो, मुखिया पति संजय सिंह, वार्ड सदस्य सीता देवी, सविता देवी और भाजपा नेता सीपी सिंह आदि मौजूद थे।

GOVT. OF JHARKHAND
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
NATIONAL HIGHWAY DIVISION, HAZARIBAGH
South of PTC Ground, Hazaribagh – 825301Fax – 06546-222474
E-mail :- nhdivisionhazaribagh@gmail.com / eenhhazari-jhr@nic.in

INVITATION FOR BIDS (IFB)
NATIONAL COMPETITIVE BIDDING

Tender Reference No. : NH/HAZARIBAGH/2022-23/05 (2nd Call) Dated 17.12.2022

1. The Executive Engineer, National Highway Division, Hazaribagh invites Application in the prescribed format from eligible contractors for Request for Proposal (RFP) on Engineering, Procurement & Construction (EPC) mode for the following project :-

| Sl. No. | Name of work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of Document (in Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Widening/Reconstruction of Existing Pavement to Two Lane with Paved Shoulder from Km 60.50 to Km 79.00 of NH-99 in the state of Jharkhand under EPC mode (Job No. – NH-99/AP/JHR/2021-22-311) | 88,91,86,076 (including GST, LC & Utility Shifting) | 10,000 | 11 Months |

2. Website and e-tendering portal of MORTH : https://eprocure.gov.in/eprocure/app may be referred for detailed terms and conditions of the Invitation for Bids (IFB) and Bidding Documents (including e-Tendering instructions to applicants), which is available online.
3. The complete BID document can be viewed/downloaded from official portal of [MoRTH or e-procurement portal of MoRT&H [https://eprocure.gov.in/eprocure/app] from **20.12.2022 (17.00 Hrs IST) to 02.02.2023 (upto 17.00 Hrs. IST)**. Bidder must submit its Financial bid and Technical Bid at https://eprocure.gov.in/eprocure/app on or before **06.01.2023 upto 12.30 Hrs IST**. Bids received online shall be opened on **06.01.2023 at 15.00 Hrs IST.**
4. Cost of RFP Document Rs. 10,000/- for work specified above shall be paid online through Online Challan on **NTRP Portal :-** https://bharatkosh.gov.in/MinistryInfo.aspx.
5. The prospective bidders who do not posses Digital Signature Certificate (DSC) may get the same issued from approved agencies.
6. The tendered cost of work is inclusive of GST and Labour Cess.

FOR QUERY PLEASE CONTACT HELPLINE No.- 062032 57370

Executive Engineer
National Highway Division,
Hazaribagh

PR 285769 (Road) 22-23 (D)

## क्रिसमस के दिन विश्व कप हॉकी ट्रॉफी सोआ कैंपस में पंहुचेगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा में 13 से 29 जनवरी तक होने वाले एफआइएच हॉकी पुरुष विश्व कप से पहले चमचमाती ट्रॉफी जिसके लिए मेजबान भारत सहित 16 देश प्रति निधित्व करेंगे। इस ट्राफी को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान सोआ के परिसर में लाया जायेगा। ट्रॉफी वर्तमान में प्रदर्शन के लिए देश भर के दौरे पर है और 25 दिसंबर को भुवनेश्वर पहुंचेगी और शहर में घूमेगी। ट्रॉफी को झलक के रूप में सोआ विश्वविद्यालय के नये स्टेडियम में रखा जायेगा। ट्रॉफी को कुलपति प्रो (डॉ) अशोक कुमार महापात्र ग्रहण करेंगे।

# नॉर्थ सिक्किम में आर्मी ट्रक खाई में गिरा, 16 जवानों की हुई मौत

- चार घायल जवान एयरलिफ्ट किये गये
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गंगटोक।** सिक्किम के जेमा में शुक्रवार को आर्मी का ट्रक खाई में गिर गया। इसमें 16 जवानों की मौत हो गयी। चार घायल हैं। आर्मी ने बताया कि वाहन एक तीखे मोड़ पर फिसल गया और सीधे खाई में जा गिरा। इस वाहन के साथ आर्मी के दो वैन और थे। तीनों वाहन सुबह चटन से थंगू के लिए निकले थे। सेना की रेस्क्यू टीम ने चार घायल जवानों को एयरलिफ्ट किया है। शवों को भी निकाला जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया है और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है। पीएम मोदी ने जान गंवाने वाले जवानों के परिवार को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने लिखा- उत्तरी सिक्किम में सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से बहुत दुखी हूं। देश उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए उनके प्रति कृतज्ञ है। मृतक जवानों के परिवारों को मेरी संवेदनाएं। घायल जवानों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।

# डॉ अच्युत सामंत डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता, कीट-कीस के संस्थापक और कंधमाल से लोकसभा सांसद डॉ अच्युत सामंत को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके अपार योगदान के लिए उत्कल विश्वविद्यालय द्वारा मानद डी. लिट डिग्री से सम्मानित किया गया है। यह डॉ सामंत का 50वीं सम्मानसूचक उपाधि है। उत्कल विश्वविद्यालय जहां से डॉ सामंत ने 1987 में रसायन विज्ञान में एम एससी किये हैं। 23 दिसंबर 2022 को अपने 52वें दीक्षांत समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी गोपाल गौड़ा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सबिता आचार्य और ओड़िशा सरकार के उच्च शिक्षा प्रधान सचिव बिष्णुपद सेठी की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और ओड़िशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल से डिग्री प्राप्त की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने संबोधन में डॉ सामंत का विशेष उल्लेख करते हुए उन्हें दीक्षांत समारोह के अग्रणी किंवदंती के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि डॉ सामंत सादगी, विनम्रता, कृतज्ञता, साहस, दृढ़ता, उदारता, समभाव, शांति और अच्छाई जैसे प्रमुख मानवीय गुणों का प्रतीक हैं।

डॉ सामंत ने सम्मान के लिए कुलाधिपति के अलावा कुलपति और विश्वविद्यालय सिंडिकेट के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सामंत ने कहा कि दूसरों की सेवा के लिए समर्पित मेरे जीवन के बारे में सभी जानते हैं। मेरे जीवन, कार्य और उपलब्धियों की मान्यता के रूप में मुझे कई प्रशंसाओं और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। हालांकि, कुछ पुरस्कार विशेष होते हैं, जैसे यह एक है। मुझे खुशी है कि मेरी मातृ संस्था उत्कल विश्वविद्यालय मानद डी. लिट. प्रदान कर रहा है। यह मेरा 50 वां मानद डॉक्टरेट है, जो किसी भी भारतीय के लिए सर्वोच्च है। मैं यह पुरस्कार अपने नायक जैसी मेरी मां और उनके सभी संघर्षों और बलिदानों को समर्पित करता हूं। ईश्वर के आशीर्वाद और लोगों की शुभकामनाओं ने मुझे यहां तक पहुंचने में मदद की है। उनकी इच्छाएं मुझे समाज की भलाई के लिए और अधिक सपने देखने की शक्ति देती हैं। ज्ञात हो कि डॉ सामंत को हाल ही में बिरला ग्लोबल यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि और ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय से मानद उपाधि से सम्मानित किया गया था।

# आजमगढ़ सांसद निरहुआ से मिले अमरदीप यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ लोकसभा से बीजेपी सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। उनके साथ बिहार से कहलगांव से विधायक पवन यादव भी थे।

मुलाकात के दौरान अमरदीप ने सांसद को ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने हेतु झारखंड आने का न्योता दिया। साथ ही अहीर रेजिमेंट की बहुप्रतीक्षित मांग को सदन में जोरदार तरीके से उठाने के लिए साधुवाद दिया।

ज्ञात हो कि निरहुआ ने 20 दिसंबर 2022 को लोकसभा में शून्य काल के दौरान सेना में अहीर रेजिमेंट की मांग दोहराई।

सांसद ने शायराना अंदाज में उन्होंने कहा, 'सभापति महोदय, अहीर रेजिमेंट बनवा दीजिए, हम मेडल से झोली भर देंगे। गोली कहीं से भी आएगी,

हम सीना आगे कर देंगे। इससे पहले 15 दिसंबर 2022 को भी बीजेपी सांसद ने सेना में अहीर रेजिमेंट की मांग सदन में उठाई थी। उन्होंने कहा था कि जिस दिन सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन होगा, चीन की रूह कांप जायेगी।

# पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने जेएसपी अंगुल स्टील प्लांट का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अंगुल पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक आरएन सुन कर के नेतृत्व में पूर्व तट रेलवे के एक प्रतिनिधिमंडल ने 22 दिसंबर 2022 को अंगुल में स्थित जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) मेगा स्टील यूनिट का परिदर्शन किये। उन्होंने स्टील प्लांट की विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया, जिसमें प्लांट साइट लोडिंग और अनलोडिंग के साथ आंतरिक रेलवे ट्रैक, डंपिंग साइट, आगामी ट्रैक के लिए विस्तार योजना आदि शामिल हैं और जेएसपी के प्रबंध निदेशक बिमलेंद्र झा के साथ भी मुलाकात की। जेएसपी के मुख्य कार्यकारी निर्देशक दिनेश कुमार सरोगी, कार्यकारी निदेशक लॉजिस्टिक घनश्याम सिंह, मुख्य लॉजिस्टिक अधिकारी अनिमेष गुप्ता और जेएसपी के अन्य अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के साथ जाकर उन्हें सुविधाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर दिनेश कुमार सरोगी ने कहा कि जरूरत के समय सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए हम भारतीय रेलवे के बहुत आभारी हैं। भारतीय रेलवे के प्लेटिनम ग्राहक के रूप में हम आशा करते हैं कि हमारी उत्पादन क्षमता बढ़ाकर देश की अर्थव्यवस्था को आगे ले जायेगा। महाप्रबंधक के सचिव बिस्वजीत भोई डीआरएम खुर्दा रोड रिंकेश रॉय के साथ पूर्व तट रेलवे के प्रतिनिधिमंडल भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप 2022-23 में दक्षिण पूर्व रेलवे बना विजेता

- फाइनल मैच पूर्व रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे के बीच सम्पन्न हुआ
- पेनल्टी शूटआउट में दक्षिण पूर्व रेलवे ने 4-2 से मैच जीता
- पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड ने प्रतिष्ठित कार्यक्रम की मेजबानी की

आजाद सिपाही संवाददाता



**खोरधारोड।** रेलवे स्टेडियम, खोरधारोड में आयोजित 78वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप 2022-23 में दक्षिण पूर्व रेलवे ने चैंपियनशिप जीती। रूप नारायण सुनकर, महाप्रबंधक, पूर्व तट रेलवे ने विजेता टीम को स्वर्ण पदक, नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए । इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड और अभिजीत पाल,अखिल भारतीय फुटबॉल फेडरेशन डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष शामिल थे। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे के सभी विभागों के प्रमुख मुख्य और शाखा अधिकारी उपस्थित थे। प्रतिष्ठित कार्यक्रम की मेजबानी पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड द्वारा की गयी।

78वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप 2022-23 का फाइनल मैच पूर्व रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे के बीच सम्पन्न हुआ । पेनल्टी शूटआउट में दक्षिण पूर्व रेलवे ने 4-2 से मैच जीता । दक्षिण पूर्व रेलवे के श्री आर.मजूमदार मैन ऑफ द मैच बने । पूर्व रेलवे ने उपविजेता स्थान के लिए रजत पदक और नकद पुरस्कार जीता और चितरंजन रेल इंजन कारखाना (सीएलडब्ल्यू) ने टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। पूर्व रेलवे के अभिषेक एच ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की ट्रॉफी जीती और दक्षिण पूर्व रेलवे के ए.सिन्हा ने टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गोल कीपर की ट्रॉफी जीती।

इस अवसर पर रूप नारायण सुनकर ने कहा कि जीवन में क्रिड़ात्मक भावना बनाए रखने के लिए खेल अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने टूर्नामेंट में शामिल भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधित्व करने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड ने रेलवे स्टेडियम में 18 से 23 दिसंबर तक 78वीं अखिल भारतीय रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप 2022-23 के नॉक आउट फेज का आयोजन किया। खोरधारोड रेलवे स्टेडियम में पहली बार नॉक आउट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

नॉकआउट फेज में अखिल भारतीय रेलवे की कुल आठ टीमों ने भाग लिया था। खोरधारोड मंडल ने हिमाद्री भूषण बिश्वाल, स्पोर्ट्स अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, खोरधारोड के नेतृत्व में इस भव्य आयोजन के लिए विस्तृत व्यवस्था की है । टूर्नामेंट के सभी मैचों का संचालन खेल सचिव मोहम्मद जाकिरुद्दीन और पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड के सदस्यों द्वारा किया गया।

## संबलपुर मंडल में अंडरवाटर कटिंग उपकरण का उन्नत संस्करण प्रस्तुत



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर मंडल संरक्षा संबंधी मुद्दों और किसी भी अप्रिय घटना के लिए त्वरित प्रतिक्रिया की दिशा में काम कर रहा है। इसी सिलसिले में संबलपुर मंडल ने हाल ही में अंडरवाटर कटिंग इक्विपमेंट का उन्नत संस्करण पेश किया है। यह एक आपदा प्रबंधन संपत्ति है, जिसे स्व-चालित दुर्घटना राहत चिकित्सा उपकरण में रखा गया है और जलने से प्रभावित यात्रियों को कोई अतिरिक्त चोट पहुंचाये बिना बचाव कार्यों की सुविधा प्रदान करता है। यह उन्नत उपकरण उबड़-खाबड़ इलाके पर आसानी से पोर्टेबल है और उपयोग करने के लिए अत्यधिक सुविधाजनक है। यह किसी अन्य ईंधन का उपयोग किये बिना केवल ऑक्सीजन और उपयुक्त कटिंग रॉड का उपयोग करके कटिंग टॉर्च सिद्धांत पर काम करता है। यह सेंटर बफर कपलर, इंजनों के खंडों, कोचों और पानी के नीचे डूबे वैगनों जैसे विभिन्न घटकों को काटने में भी सक्षम है।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
धनबाद, दिनांक 20/12/2022
मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-
ई-निविदा सं०- 195-DHN-2022-23
क्रम सं०-1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व.म. अभि./2/धनबाद के अधीन धनबाद मंडल के लिए रेलवे के मापदंड के अनुसार 50 एमएम आकार के 1,00,000 घनमीटर मशीन क्रश्ड ट्रैक स्टोन ब्लास्ट की आपूर्ति तथा उसे किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में एफ.ओ.आर. पाकुड़ में लोडिंग। 10 (दस) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : 14,12,51,000.00 ब्याने की राशि (रू. में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई-निविदा बंद होने की तारीख 12.01.2023 को 17:00 बजे तक। ई-निविदा खुलने की तारीख 13.01.2023 को 12:00 बजे से। वेबसाईट का विवरण: http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी ।
मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01736/डीएचएन/ईंण्जी./टी/22-23/32

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

नामांकन जारी सत्र : 2022-2023
उषा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
D.C ऑफिस के पीछे, बड़ा कांकड़ा, सरायकेला
Regd. Under : Health Education & Family Welfare department Govt. of Jharkhand
Recognized by : Pharmacy Council of India (PCI) Govt. of India
Affiliated by : Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand.
Course: B. PHARMA (Bachelor in Pharmacy)
Note : BUS & Hostel Facility
Duration : 4Yrs.
Eligibility: 10+2 With PCB/PCM
For more details Contact :
TATA NAGAR INSTITUTE OF PARA MEDICAL TECHNOLOGY
Shere Punjab Chowk, Main Road, Adityapur
Cont. 9334635208, 9472786354

समस्या है तो.... समाधान भी है
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न, गोल्ड मेडलिस्ट, एम.ए. (ज्योति विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (Ph.D) रांची विश्वविद्यालय, रांची
8210075897, 9031249105
विवाह, व्यापार, परिवार, करियर आदि ऊपरी बाधा संबधी किसी भी समस्या से परेशान हैं तो शीघ्र समाधान के लिए संपर्क करें।
प्रधान कार्यालय - कृष्णा ज्वेलर्स सोनार गली, ऊपर बाजार, रांची
आवास- आचार्यकुलम बहाबीर नगर, अरगोड़ा, रांची

DK Dhani Kitchen
100% Pure Veg Restaurant
Call for Order
9234565758, 6513571568
Harmu Road, Gariikhana, Beside Petrol Pump, Ranchi
Also Available on SWIGGY zomato

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS zoom PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Cort Epiphone Zildjian Roland MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**